* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.com

11 अक्टूबर, 2022
कार्तिक, कृष्ण पक्ष, द्वितीया
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
मंगलवार, वर्ष 07, अंक 349

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

उद्धव गुट को शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे नाम और मशाल निशान दिया गया है।




SURJABASHA

FLORENCE
Group of Institutions
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219 (Jharkhand)



Admission OPEN
PLACEMENT Assistance
Scholarship Facility Available
NURSING: ANM GNM POST | BASIC | B.SC. BASIC | B.SC. | M.SC.
PARAMEDICAL: DRESSERS | DMLT | ECG X-RAY | OPHTHALMIC ASST. OT ASSISTANT
PHARMACY: D-PHARM
Separate Hostel For Boys And Girls
M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com

CHHOTANAGPUR PUBLIC SCHOOL
AFFILIATED TO CBSE NEW DELHI No.: 3430699
Opp. : P.H.E.D. Office, Booty Road, Ranchi-834012
ADMISSION OPEN FOR SESSION
2023-24
NURSERY to IXth
Separate Hostel Facility For Boys & Girls
CONTACT NO. :
98359 36571
94311 06503
83405 81301


# मुलायम सिंह यादव का निधन

## पार्थिव शरीर सैफई पहुंचा, अंतिम संस्कार आज

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/लखनऊ।** उत्तरप्रदेश के 'नेताजी' यानी मुलायम सिंह यादव का सोमवार सुबह निधन हो गया। समाजवादी पार्टी के संरक्षक मुलायम 82 साल के थे। उनका गुरुग्राम के मेदांता हॉस्पिटल में 50 दिन से इलाज चल रहा था। यूरिन और बीपी की प्रॉब्लम बढ़ने के बाद 2 अक्टूबर को उन्हें आइसीयू में शिफ्ट किया गया था। इसके बाद उनकी हालत बिगड़ती गयी। अंततः वह मौत से हार गये। निधन के बाद बेटे अखिलेश यादव ने जानकारी दी। उन्होंने कहा : 'मेरे आदरणीय पिताजी और सबके नेताजी नहीं रहे।' मुलायम के निधन पर उत्तर प्रदेश में तीन दिन और बिहार में एक दिन के राजकीय शोक का एलान किया गया है। अंतिम संस्कार के लिए मुलायम की पार्थिव देह सैफई स्थित पैतृक निवास लायी गयी है। मंगलवार दोपहर तीन बजे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जायेगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत तमाम नेताओं और आम लोगों ने शोक जताया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को श्रद्धांजलि देने के लिए मेदांता भी पहुंचे थे।

**हेमंत और योगी अंतिम संस्कार में होंगे शामिल :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मुलायम सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया। वह मुलायम सिंह को श्रद्धांजलि देने के लिए आज सैफई जायेंगे। उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार शाम को सैफई पहुंचे और श्रद्धांजलि दी। यहां लगातार नेता, कार्यकर्ता और समर्थक श्रद्धांजलि देने पहुंच रहे हैं। अंतिम संस्कार में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सीएम योगी भी मौजूद रहेंगे।




**तीन बार यूपी के मुख्यमंत्री और सात बार सांसद रहे :** जवानी के दिनों में पहलवानी का शौक रखने वाले मुलायम सिंह ने 55 साल तक राजनीति की। मुलायम सिंह 1967 में 28 साल की उम्र में जसवंतनगर से पहली बार विधायक बने, जबकि उनके परिवार का कोई राजनीतिक बैकग्राउंड नहीं था। 5 दिसंबर 1989 को मुलायम पहली बार उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री बने। बाद में वे दो बार और प्रदेश के सीएम रहे। उन्होंने केंद्र में देवगौड़ा और गुजराल सरकार में रक्षा मंत्री की जिम्मेदारी भी संभाली। नेताजी के नाम से मशहूर मुलायम सिंह सात बार लोकसभा सांसद और नौ बार विधायक चुने गये।

**1992 में सपा बनायी, फिर सियासत के महारथी बन गये :** मुलायम सिंह यादव ने 4 अक्टूबर 1992 को लखनऊ में समाजवादी पार्टी बनाने की घोषणा की थी। मुलायम सपा के अध्यक्ष, जनेश्वर मिश्र उपाध्यक्ष, कपिल देव सिंह और मोहम्मद आजम खान पार्टी के महामंत्री बने। मोहन सिंह को प्रवक्ता नियुक्त किया गया। इस एलान के एक महीने बाद यानी 4 और 5 नवंबर को बेगम हजरत महल पार्क में उन्होंने पार्टी का पहला राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित किया। इसके बाद नेताजी की पार्टी ने उत्तरप्रदेश की राजनीति में स्थायी मुकाम बना लिया। (विशेष पेज-2 पर पढ़ें)

**निर्णय :** हेमंत कैबिनेट में 19 प्रस्तावों पर लगी मुहर

# नगर निकाय चुनाव बिना ओबीसी आरक्षण के होगा

- राज्यकर्मियों को मिला दीपावली का तोहफा 3.25 लाख लाभान्वित
- ग्रामीण परिवहन होंगे दुरुस्त, मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना को मंजूरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य में नगर निकाय चुनाव बिना ओबीसी आरक्षण के होंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में सोमवार को हुई कैबिनेट की बैठक में नगर विकास विभाग के इससे संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गयी। सरकार ने राज्यकर्मियों को दीपावली का तोहफा दिया है। उनका महंगाई भत्ता (डीए) चार फीसदी बढ़ाया गया। वहीं ग्रामीण परिवहन सेवा को दुरुस्त करने के लिए मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना को मंजूरी दी गयी। इसके अलावा कैबिनेट ने हाइकोर्ट के जजों के लिए गाड़ी खरीदने, सरना-मसना स्थल के सरंक्षण समेत 19 प्रस्तावों को मंजूर किया।

**48 निकायों में होना है चुनाव :** झारखंड में अगले साल तक 48 नगर निकायों में चुनाव होना है। इसे देखते हुए नगर विकास विभाग ने बगैर ओबीसी के आरक्षण के चुनाव कराने संबंधित प्रस्ताव तैयार किया था, जिसे कैबिनेट ने मंजूरी दी। यह फैसला अदालत के आदेश के आलोक में लिया गया है। अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए पहले की तरह सीट आरक्षित होंगी। चुनाव दलगत आधार पर नहीं होगा। वार्ड सदस्य, अध्यक्ष और मेयर का चुनाव प्रत्यक्ष होगा। मतदाता इन्हें चुनेंगे। वहीं, उपाध्यक्ष और डिप्टी मेयर का चुनाव अप्रत्यक्ष होगा। इनके लिए चुने गये वार्ड सदस्य वोट डालेंगे।

**ग्रामीण इलाकों की परिवहन व्यवस्था होगी ठीक :** कैबिनेट ने मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना-2022 को मंजूरी दी। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में बस परिवहन व्यवस्था शुरू होगी। निजी बस संचालकों को 5 वर्ष की परमिट और निबंधन रोड टैक्स फ्री रहेगा। वरिष्ठ नागरिक, स्कूल कॉलेज स्टूडेंट्स को बस भाड़ा में छूट मिलेगी।

## राज्यकर्मियों का डीए 4 फीसदी बढ़ा

### महंगाई भत्ता 34 से 38 प्रतिशत

कैबिनेट ने राज्यकर्मियों का डीए बढ़ाने के प्रस्ताव पर भी स्वीकृति दे दी है। राज्यकर्मियों का डीए चार फीसदी बढ़ेगा। उन्हें अब 34 की जगह 38 फीसदी डीए मिलेगा। यह 1 जुलाई 2022 से प्रभावी होगा। इसका फायदा राज्य के करीब 3.25 लाख से अधिक सरकारी कर्मियों और पेंशनभोगियों को मिलेगा।

### कैबिनेट के महत्वपूर्ण फैसले

- हाइकोर्ट के न्यायाधीशों के लिए 21 स्कोडा कार को खरीदने की अनुमति, जिस पर 9 करोड़ 30 लाख रुपये खर्च होंगे।
- स्वच्छ भारत योजना के तहत संचालित शौचालय का संचालन सुलभ इंटरनेशनल ऑर्गेनाइज्जेशन को देने की स्वीकृति।
- जनजाति संस्कृति के पवित्र स्थल सरना, मसना के सरंक्षण के प्रस्ताव को स्वीकृति।
- पथ निर्माण विभाग में संविदा पर कार्यरत 24 सहायक अभियंता और 72 कनीय अभियंता को 2022- 23 तक सेवा अवधि को मंजूरी।
- विशेष शाखा में आरक्षी पद में नियुक्ति के लिए कार्मिक के नियम के अनुसार झारखंड से मैट्रिक इंटर पास करना अनिवार्य।


## राजद के बिहार प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने की इस्तीफे की पेशकश

**पटना।** बिहार के सियासी गलियारे से बड़ी खबर आयी है। राजद में चल रहा अंदरूनी कलह चरम पर आ गया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने इस्तीफे की पेशकश कर दी है। लालू प्रसाद यादव को जगदानंद सिंह ने अपना इस्तीफा वाला पत्र सौंप दिया है। अब चर्चा चल रही है कि बिहार में राजद का अगला अध्यक्ष कौन होगा। इस श्रृंखला में कई नेताओं के नाम हैं, जिनमें उदय नारायण चौधरी और श्याम रजक का नाम सामने आया है। लेकिन, अब्दुल बारी सिद्दीकी का नाम सबसे ऊपर चल रहा है।

# निर्वाचन आयोग का लिफाफा कब खोलूंगा, यह मेरी मर्जी : राज्यपाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**सरायकेला।** अर्का जैन विश्वविद्यालय गम्हरिया के दीक्षांत समारोह के बाद पत्रकारों से बातचीत में झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस ने वर्तमान राजनीतिक हालात पर पूछे गये सवालों का जवाब देते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग का लिफाफा कब खोलूंगा, यह मेरी मर्जी है। यह मेरा अधिकार क्षेत्र है। इस पर इससे ज्यादा टिप्पणी नहीं कर पाऊंगा।



राज्य सरकार से उनके रिश्तों के बारे में जब यह पूछा गया कि बार-बार राज्य सरकार से आपका झगड़ा क्यों हो जाता है। इस पर राज्यपाल ने कहा कि झगड़ा होने पर तो बात बनेगी। तमाम तरह की शैक्षणिक व्यवस्थाएं सुधर रही हैं। कॉलेजों में जेपीएससी द्वारा शिक्षकों की बहाली हो रही है। उन्होंने कहा कि वह इस राज्य के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना चाहते हैं। इस कारण सभी तरह के विश्वविद्यालय में शिक्षकों की व्यवस्था, छात्रों को दी जानेवाली शैक्षणिक व्यवस्था, आधारभूत संरचनाएं तथा अन्य तकनीकी सुविधाओं के साथ-साथ शोध से संबंधित स्थिति का आकलन भी खुद कर रहे हैं।

**आंदोलन :** व्यवहार न्यायालय का घेराव कर रहे टाना भगतों का उग्र प्रदर्शन

# पथराव में थाना प्रभारी समेत पांच पुलिसकर्मी हुए घायल, लाठीचार्ज

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** अखिल भारतीय टाना भगत संघ के द्वारा सोमवार को लातेहार जिला मुख्यालय में व्यवहार न्यायालय के घेराव के दौरान प्रशासन द्वारा हटाये जाने पर बवाल भड़क गया। टाना भगतों की ओर से किये गये पथराव में लातेहार सदर थाना प्रभारी समेत पांच पुलिसकर्मी घायल हो गये। उग्र प्रदर्शनकारियों को नियंत्रित करने के दौरान पुलिस को आंसू गैस का उपयोग करना पड़ा। पुलिस ने इस दौरान पानी की बौछारें भी बरसायीं। बाद में लातेहार एसपी अंजनी अंजन भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। टाना भगतों ने इस दौरान पुलिस पीसीआर वाहन को भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया।






विदित हो कि अखिल भारतीय टाना भगत संघ के तत्वावधान में टाना भगत सोमवार को सैकड़ों की संख्या में जिला मुख्यालय पहुंचे और व्यवहार न्यायालय का घेराव किया। इस दौरान टाना भगतों ने एक सुर में पांचवीं अनुसूची के तहत कोर्ट कचहरी बंद करने का नारा लगाया।

टाना भगतों के प्रदर्शन को बढ़ता देख जिला प्रशासन के द्वारा काफी समझाया गया, लेकिन जिला प्रशासन की एक नहीं सुनी। टाना भगतों का आंदोलन जारी रहा। आंदोलन को बढ़ता देख अदालत परिसर में मौजूद सभी न्यायिक पदाधिकारियों को पीछे के रास्ते से निकाला गया। साथ ही न्यायिक पदाधिकारियों के आवास पर सुरक्षा व्यवस्था को बढ़ाया गया। चारों तरफ हंगामा बढ़ते ही व्यवहार न्यायालय परिसर के आसपास की दुकानें बंद हो गयीं। इस दौरान पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को खदेड़ने के लिए लाठीचार्ज भी किया। टाना भगतों के प्रदर्शन के दौरान अंचलाधिकारी रुद्र प्रताप एवं पुलिस निरीक्षक थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने टाना भगतों को काफी समझाया, लेकिन किसी ने एक नहीं सुनी। परमेश्वर टाना भगत और नागेश्वर टाना भगत ने कहा कि आंदोलन लगातार जारी रहेगा। सरकारी पदाधिकारी संविधान की अनदेखी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम लोगों की मांग जब तक पूरी नहीं होती है, तब तक सभी कार्यालय बंद रहेंगे।

SWEEP

झारखण्ड के
1,43,97,374 मतदाता अपने आधार कार्ड को वोटर आईडी से लिंक करा चुके।
क्या आपने भी लिंक किया?

बनो समझदार, जोड़ो आधार



घर बैठे आधार को वोटर कार्ड से लिंक कीजिये।

1. Google Play Store से वोटर हेल्पलाइन एप्प डाउनलोड करें।
2. वोटर हेल्पलाइन एप्प खोले एवं "I Agree" को क्लिक करें तथा "अगला" दबाएं।
3. पहला विकल्प "VOTER रजिस्ट्रेशन" को चुने।
4. "Electoral Authentication फॉर्म (फॉर्म 6B)" को क्लिक करें।
5. "चलो शुरू करते हैं" को क्लिक करें।
6. अपना मोबाइल नंबर दर्ज करें एवं "ओटीपी भेजें" को क्लिक करें।
7. ओटीपी दर्ज करें एवं "सत्यापित करें" को क्लिक करें।
8. पहला विकल्प "हाँ मेरे पास वोटर आईडी नंबर है" का चुनाव करें।
9. अपने वोटर आईडी नंबर दर्ज करें, राज्य का चयन करें एवं "विवरण प्राप्त करें" को क्लिक करें तथा "आगे बढ़ें" को दबाएं।
10. स्क्रीन में दिखाए गए आपकी दर्ज की गई विवरण को जाँच लें एवं "आगे बढ़ें" को क्लिक करें।
11. आपने आधार नंबर, मोबाइल नंबर, एवं आवेदन का स्थान को दर्ज करें एवं "पूर्ण" को क्लिक करें।
12. "पूर्ण" को क्लिक करने का उपरांत स्क्रीन पर दिखाए गए "फॉर्म 6B का पूर्वावलोकन" को जाँच लें एवं "पुष्टि करें" को दबाएं।

सफलतापूर्वक अंतिम "पुष्टि" करने के उपरांत आपको फॉर्म 6B रेफरल आईडी स्क्रीन पर तथा एसएमएस द्वारा प्राप्त होगा।

वोटर कार्ड से आधार लिंक करने के लिए बी.एल.ओ. (BLO) से संपर्क करें।

Download and apply through Voter Helpline App
Voter Helpline 1950
Log on to https://nvsp.in
स्वयं आधार लिंकिंग जानकारी वीडियो हेतु क्यूआर कोड स्कैन करें

P.R. 278301 (Election) 22-23
A&M Communication

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड
Toll Free: 18003311950
www.ceo.jharkhand.gov.in

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 11 अक्टूबर, 2022
www.azadsipahi.com



| सर्राफा | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 47,800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 61,000 रु./प्रति किलो |

### सच को सच कहने का माद्दा था मुलायम सिंह में, लालू यादव और शरद ने उन्हें पीएम नहीं बनने दिया था

# मुलायम ने कभी सिद्धांतों से समझौता नहीं किया

आजाद सिपाही विशेष

**भारतीय राजनीति में सिद्धांतों के प्रति बेहद कठोर माने जानेवाले इटावा जिले के सैफई में जन्मे मुलायम सिंह यादव ने भले ही दुनिया को अलविदा कह दिया हो, लेकिन जब भी राजनीति की बात होगी, तो उनका नाम जरूर लिया जायेगा। शिक्षक और पहलवानी से लेकर राजनीति तक का सफर नेताजी का शानदार रहा। उनके विधायक से लेकर सीएम बनने तक के सफर के बारे में तो कई लोगों को मालूम ही है, लेकिन उनके जीवन के कुछ अनछुए पहलुओं की जानकारी लोगों को नहीं है। इटावा के मशहूर समाजवादी नेता अर्जुन सिंह भदौरिया कमांडर से समाजवाद का ककहरा सीख कर 1967 से लगातार आठ बार विधायक और सांसद के रूप में रक्षा मंत्री बन कर मुलायम ने राजनीति की उन तमाम ऊंचाइयां हासिल कीं, जिनका सपना एक आम राजनीतिक कार्यकर्ता देखता है। मुलायम की गिनती उन राजनेताओं में होती है, जिन्होंने सहकारिता की ताकत को पहचाना और उसे अपनी राजनीति से जोड़ा। जनता पार्टी का प्रयोग फेल होने के बाद मुलायम राजनीति के फलक पर बहुत तेजी से उभरे। इसकी वजह थी कि वह हमेशा जमीन से जुड़े रहे। हर कार्यकर्ता उनसे सीधे बात करता था और वह सभी की मदद करने के लिए हमेशा तैयार रहते थे। इसलिए यूपी से लेकर दिल्ली तक की राजनीति में मुलायम ने ढेरों दोस्त बनाये, लेकिन उनका दुश्मन शायद ही कोई बना रहा। अपने राजनीतिक विरोधियों को भी वह बहुत जल्दी अपना बना लेते थे। लेकिन अफसोस इसी बात का है कि उनके अपने ही घर में मुलायम को वह जगह नहीं मिली, जिसके वह हकदार थे। भारत की राजनीति में सबसे बड़ा कुनबा लेकर आगे बढ़ने-बढ़ाने का आरोप लगने के बावजूद मुलायम कभी विचलित नहीं हुए। उनकी शख्सियत को अयोध्या में कारसेवकों पर गोली चलवाने के लिए विवादित भी माना गया, लेकिन मुलायम ने कभी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। नेताजी के नाम से लोकप्रिय मुलायम सिंह यादव के राजनीतिक जीवन के कुछ पहलुओं पर रोशनी डाल रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

कहा जाता है कि मुलायम सिंह यादव की जवानी के दिनों में अगर उनका हाथ अपने प्रतिद्वंद्वी की कमर तक पहुंच जाता था, तो चाहे वह कितना ही लंबा या तगड़ा हो, उसकी मजाल नहीं थी कि वह अपने-आपको उनकी गिरफ्त से छुड़ा ले। आज भी उनके गांव के लोग उनके 'चरखा दांव' को नहीं भूले हैं, जब वह बिना अपने हाथों का इस्तेमाल किये हुए पहलवान को चारों खाने चित कर देते थे। लोग बताते हैं कि अखाड़े में जब मुलायम की कुश्ती अपने अंतिम चरण में होती थी, तो लोग अपनी आंखें बंद कर लिया करते थे। उनकी आंखें तभी खुलती थीं, जब भीड़ में से आवाज आती थी, 'हो गयी, हो गयी' और लोगों को लग जाता था कि मुलायम ने सामने के पहलवान को पटक दिया है। स्कूल का अध्यापक बनने के बाद मुलायम ने पहलवानी पूरी तरह से छोड़ दी थी, लेकिन अपने जीवन के आखिरी समय तक वह अपने गांव सैफई में दंगलों का आयोजन कराते रहे।

उत्तरप्रदेश पर नजर रखनेवाले कई राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि कुश्ती के इस गुर की वजह से ही मुलायम राजनीति के अखाड़े में भी उतने ही सफल रहे, जबकि उनकी कोई राजनीतिक पृष्ठभूमि नहीं थी। मुलायम सिंह की प्रतिभा को सबसे पहले पहचाना था प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के एक नेता नाथू सिंह ने, जिन्होंने 1967 के चुनाव में जसवंतनगर विधानसभा सीट का उन्हें टिकट दिलवाया था। उस समय मुलायम की उम्र सिर्फ. 28 साल थी और वह प्रदेश के इतिहास में सबसे कम उम्र के विधायक बने थे। उन्होंने विधायक बनने के बाद अपनी एमए की पढ़ाई पूरी की थी। जब 1977 में उत्तरप्रदेश में रामनरेश यादव के नेतृत्व में जनता पार्टी की सरकार बनी, तो मुलायम सिंह को सहकारिता मंत्री बनाया गया। उस समय उनकी उम्र थी सिर्फ 38 साल।

## मुख्यमंत्री की दौड़ में अजीत सिंह को हराया

चौधरी चरण सिंह मुलायम सिंह को अपना राजनीतिक वारिस और अपने बेटे अजीत सिंह को अपना कानूनी वारिस कहा करते थे। लेकिन जब अपने पिता के गंभीर रूप से बीमार होने के बाद अजीत सिंह अमेरिका से वापस भारत आये, तो उनके समर्थकों ने उन पर जोर डाला कि वह पार्टी के अध्यक्ष बन जायें। इसके बाद मुलायम सिंह और अजीत सिंह में प्रतिद्वंद्विता बढ़ी, लेकिन उत्तरप्रदेश का मुख्यमंत्री बनने का मौका मुलायम सिंह को मिला। 5 दिसंबर, 1989 को उन्हें लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलायी गयी और मुलायम ने रुंधे हुए गले से कहा था, लोहिया का गरीब के बेटे को मुख्यमंत्री बनाने का पुराना सपना साकार हो गया है। मुख्यमंत्री बनते ही मुलायम सिंह ने उत्तरप्रदेश में तेजी से उभर रही भारतीय जनता पार्टी का मजबूती से सामना करने का फैसला किया। उस जमाने में उनके कहे गये एक वाक्य बाबरी मस्जिद पर एक परिंदा भी पर नहीं मार सकेगा, ने उन्हें मुसलमानों के बहुत करीब ला दिया। यही नहीं, जब 2 नवंबर, 1990 को कारसेवकों ने बाबरी मस्जिद की तरफ बढ़ने की कोशिश की, तो उन पर पहले लाठीचार्ज हुआ, फिर गोलियां चलीं, जिसमें दर्जनों कारसेवक मारे गये। इस घटना के बाद से ही भाजपा के समर्थक मुलायम सिंह यादव को 'मौलाना मुलायम' कह कर पुकारने लगे। इस एक घटना का कलंक मुलायम जीवन भर झेलते रहे, लेकिन कभी सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। 4 अक्तूबर, 1992 को उन्होंने समाजवादी पार्टी की स्थापना की। उन्हें लगा कि वह अकेले भारतीय जनता पार्टी के बढ़ते हुए ग्राफ को नहीं रोक पायेंगे। इसलिए उन्होंने कांशीराम की बहुजन समाज पार्टी के साथ चुनावी गठबंधन किया।



कांशीराम से उनकी मुलाकात दिल्ली के अशोक होटल में उद्योगपति जयंत मल्होत्रा ने करवायी थी। 1993 में हुए उत्तरप्रदेश विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी को 260 में से 109 और बहुजन समाज पार्टी को 163 में से 67 सीटें मिली थीं। भारतीय जनता पार्टी को 177 सीटों से संतोष करना पड़ा था और मुलायम सिंह ने कांग्रेस और बसपा के समर्थन से राज्य में दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। लेकिन यह गठबंधन बहुत दिनों तक नहीं चला, क्योंकि बहुजन समाज पार्टी ने अपने गठबंधन सहयोगी के सामने बहुत सारी मांगें रख दीं। मायावती मुलायम के काम पर बारीक नजर रखतीं और जब भी उन्हें मौका मिलता, उन्हें सार्वजनिक रूप से शर्मिंदा करने से नहीं चूकतीं। कुछ दिनों बाद कांशीराम ने भी मुलायम सिंह यादव की अवहेलना करनी शुरू कर दी।

## इंतजार का वह मशहूर किस्सा

इस दरार का एक किस्सा बहुत मशहूर है। एक बार कांशीराम लखनऊ आये और सर्किट हाउस में ठहरे। उनसे पहले से समय लेकर मुलायम सिंह उनसे मिलने पहुंचे। उस समय कांशीराम अपने राजनीतिक सहयोगियों के साथ मंत्रणा कर रहे थे। उनके स्टाफ ने मुलायम से कहा कि वह बगल के कमरे में बैठ कर कांशीराम के काम से खाली होने का इंतजार करें। कांशीराम की बैठक दो घंटे तक चली। जब कांशीराम के सहयोगी बाहर निकले, तो मुलायम ने समझा कि अब उन्हें अंदर बुलाया जायेगा, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। एक घंटे बाद जब मुलायम ने पूछा कि अंदर क्या हो रहा है, तो उन्हें बताया गया कि कांशीराम दाढ़ी बना रहे हैं और इसके बाद वह स्नान करेंगे। मुलायम बाहर इंतजार करते रहे। इस बीच कांशीराम थोड़ा सो भी लिये। चार घंटे बाद वह मुलायम सिंह से मिलने बाहर आये। इस बात का तो पता नहीं कि उस बैठक में क्या हुआ, लेकिन यह साफ था कि जब मुलायम कमरे से बाहर निकले, तो उनका चेहरा लाल था। कांशीराम ने यह भी मुनासिब नहीं समझा कि वह उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री को बाहर उनकी कार तक छोड़ने आते। उसी शाम कांशीराम ने भाजपा नेता लालजी टंडन से संपर्क किया और कुछ दिनों बाद बहुजन समाज पार्टी ने सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया। इससे पहले 2 जून को जब मायावती लखनऊ आयीं, तो मुलायम के समर्थकों ने राज्य गेस्ट हाउस में मायावती पर हमला किया और उन्हें अपमानित करने की कोशिश की। इसके बाद इन दोनों के बीच जो खाई पैदा हुई, उसे दो दशकों से भी अधिक समय तक पाटा नहीं जा सका।

## मुलायम सिंह और अमर सिंह की दोस्ती

29 अगस्त 2003 को मुलायम सिंह यादव ने तीसरी बार उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इस बीच उनकी अमर सिंह से गहरी दोस्ती हो गयी। मुलायम ने अमर सिंह को राज्यसभा का टिकट दे दिया और बाद में उन्हें पार्टी का राष्ट्रीय महासचिव बना दिया। इसकी वजह से पार्टी के कई बड़े नेताओं ने, जिनमें बेनी प्रसाद वर्मा भी शामिल थे, मुलायम सिंह यादव से दूरी बना ली। तब वर्मा ने कहा था, मैं मुलायम सिंह को बहुत पसंद करता था। एक बार रामनरेश यादव के हटाये जाने के बाद मैंने चरण सिंह से मुलायम सिंह यादव को मुख्यमंत्री बनाये जाने की सिफारिश की थी। लेकिन चरण सिंह मेरी सलाह पर हंसते हुए बोले थे कि इतने छोटे कद के शख्स को कौन अपना नेता मानेगा। तब मैंने उनसे कहा था, नेपोलियन और लाल बहादुर शास्त्री भी तो छोटे कद के थे। जब वे नेता बन सकते हैं, तो मुलायम क्यों नहीं। चरण सिंह ने मेरा तर्क स्वीकार नहीं किया था।

## प्रधानमंत्री पद से चूके

मुलायम सिंह यादव 1996 में संयुक्त मोर्चा की सरकार में रक्षा मंत्री बने। प्रधानमंत्री के पद से एचडी देवगौड़ा के इस्तीफा देने के बाद वह भारत के प्रधानमंत्री बनते-बनते रह गये। उस समय नेतृत्व के लिए हुए आंतरिक मतदान में मुलायम सिंह यादव ने जीके मूपनार को 120-20 मतों के अंतर से हरा दिया था। लेकिन उनके प्रतिद्वंद्वी दो यादवों लालू और शरद ने उनकी राह में रोड़े अटकाये और इसमें चंद्रबाबू नायडू ने भी उनका साथ दिया, जिसकी वजह से मुलायम को प्रधानमंत्री का पद नहीं मिल सका। अगर उन्हें वह पद मिला होता, तो वह गुजराल से कहीं अधिक समय तक गठबंधन को बचाये रखते।

## विश्वसनीयता पर सवाल

मुलायम सिंह भारतीय राजनीति में कभी भी विश्वसनीय सहयोगी नहीं माने गये। पूरी उम्र चंद्रशेखर उनके नेता रहे, लेकिन जब 1989 में प्रधानमंत्री चुनने की बात आयी, तो उन्होंने विश्वनाथ प्रताप सिंह का समर्थन किया। थोड़े दिनों बाद जब उनका वीपी सिंह से मोह भंग हो गया, तो उन्होंने फिर चंद्रशेखर का दामन थाम लिया। वर्ष 2002 में जब एनडीए ने राष्ट्रपति पद के लिए एपीजे अब्दुल कलाम का नाम आगे किया, तो वामपंथी दलों ने उसका विरोध करते हुए कैप्टन लक्ष्मी सहगल को उनके खिलाफ उतारा। मुलायम ने आखिरी समय पर वामपंथियों का समर्थन छोड़ते हुए कलाम की उम्मीदवारी पर अपनी मुहर लगा दी। वर्ष 2008 में भी जब परमाणु समझौते के मुद्दे पर लेफ्ट ने मनमोहन सिंह सरकार से समर्थन वापस लिया, तो मुलायम ने उनका साथ न देते हुए सरकार के समर्थन का फैसला किया, जिसकी वजह से मनमोहन सिंह की सरकार बच गयी। 2019 के आम चुनाव में भी उन्होंने कई राजनीतिक विश्लेषकों को आश्चर्यचकित कर दिया, जब उन्होंने कहा कि वह चाहते हैं कि नरेंद्र मोदी एक बार फिर प्रधानमंत्री बनें।

## सोनिया गांधी को मना करने के पीछे की कहानी

1998 में अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार के गिरने के बाद मुलायम सिंह ने कांग्रेस से कहा कि वह उनका समर्थन करेंगे। उनके इस आश्वासन के बाद ही सोनिया गांधी ने कहा था कि उनके पास 272 लोगों का समर्थन है। लेकिन बाद में वह इससे मुकर गये और सोनिया गांधी की काफी फजीहत हुई।

## दो शादियां की थीं मुलायम सिंह ने

1957 में मुलायम सिंह यादव का विवाह मालती देवी से हुआ। 2003 में उनके देहावसान के बाद मुलायम सिंह यादव ने साधना गुप्ता से दूसरी शादी की। इस संबंध को बहुत दिनों तक छिपा कर रखा गया और शादी में भी बहुत नजदीकी लोग ही सम्मिलित हुए। इस शादी के बारे में लोगों को पहली बार तब पता चला, जब मुलायम सिंह यादव ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा देकर कहा कि उनकी एक पत्नी और हैं। जब मुलायम ने 2003 में साधना गुप्ता से शादी की, तो पहली पत्नी से उनके पुत्र अखिलेश यादव की न सिर्फ शादी हो चुकी थी, बल्कि उनको एक बच्चा भी हो चुका था।

## परिवारवाद बढ़ाने के आरोप

मुलायम सिंह यादव पर परिवारवाद को बढ़ावा देने के आरोप भी लगे। 2014 के लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को उत्तरप्रदेश में कुल पांच सीटें मिलीं और ये पांचों सांसद यादव परिवार के सदस्य थे। 2012 का विधानसभा चुनाव जीतने के बाद उन्होंने अपने बेटे अखिलेश यादव को अपना उत्तराधिकारी बनाया। लेकिन मुलायम द्वारा सरकार को 'रिमोट कंट्रोल' से चलाने के आरोपों के बीच अखिलेश 2017 का विधानसभा चुनाव हार गये। चुनाव से कुछ दिनों पहले अखिलेश ने उन्हें पार्टी के अध्यक्ष पद से हटा दिया। मुलायम ने चुनाव प्रचार में भाग नहीं लिया और हार का ठीकरा अपने बेटे पर फोड़ते हुए कहा कि अखिलेश ने मुझे अपमानित किया है। अगर बेटा बाप के प्रति वफादार नहीं है, तो वह किसी का भी नहीं हो सकता। मुलायम की इच्छा के खिलाफ अखिलेश ने मायावती के साथ मिल कर 2019 का लोकसभा चुनाव लड़ा। एक साल पहले तक इस गठबंधन की कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। यह अलग बात है कि इस गठबंधन को मुंह की खानी पड़ी और कुछ दिनों के भीतर यह गठबंधन भी टूट गया।

## बाबरी मस्जिद विवादित ढांचा और अयोध्या

1989 में मुलायम सिंह पहली बार उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री बने। अयोध्या में मंदिर आंदोलन तेज हुआ तो कार सेवकों पर गोली चलाने का आदेश दिया। मुलायम यादव द्वारा यह कृत्य उनके राजनीतिक जीवन पर एक ऐसा लाल छींटा है, जो कभी धुल नहीं पायेगा। मुलायम को मुल्ला मुलायम का तमगा भी उन्हें उस गोलीकांड के बाद ही मिला। लेकिन उन्होंने इसकी परवाह कभी नहीं की।

# गोंदलपुरा कोल मांइस की लोक सुनवाई का ग्रामीणों ने मौन रह कर किया विरोध

**बैरंग वापस लौटी अधिकारियों और प्रशासनिक पदाधिकारियों की टोली**

**कड़कड़ाती धूप में मौन धारण कर हाथों में तख्तियां लेकर बैठी थीं महिलाएं**

पिंटू कुशवाहा दिनकर

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत गोंदलपुरा कोल माइंस को लेकर पूर्व से ही निर्धारित 10 अक्टूबर, दिन सोमवार को लोक जनसुनवाई का कार्यक्रम होना था। हजारीबाग से लेकर बड़कागांव के प्रशासनिक पदाधिकारी, कंपनी के अधिकारी, पुलिस बल के जवान गोंदलपुरा पंचायत के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बलोदर में लोक जनसुनवाई स्थल पर जा रहे थे। उस समय गोंदलपुरा पंचायत के किसान रैयत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बलोदर, जहां सुनवाई होनी थी, उससे लगभग




सात-आठ किलोमीटर पहले ही नयाटांड़-टिलहा में सुबह 7 बजे ही प्रशासनिक पदाधिकारियों और कंपनी के अधिकारियों की गाड़ियों को रोक कर बीच सड़क पर प्रदर्शन करने लगे। प्रदर्शन में खास बात यह थी कि सभी महिला पुरुष ग्रामीण रैयत मौन रख कर विरोध कर रहे थे और उनके हाथों में कंपनी के विरोध में लिखी हुई तख्तियां थीं। गोंदलपुरा कोल ब्लॉक की लोक जनसुनवाई को रद्द करो, कंपनी होश में आओ, कंपनी के दलालों होश में आओ सहित अन्य विरोधी नारे लिखे हुए थे। मौके पर सरकार की ओर से आये हुए पर्यवेक्षक प्रणय कुमार, एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट नवीन भूषण कुल्लू, सुनील कुमार ने कहां कि आप सभी लोग ग्रामसभा को होने दें, ग्रामसभा में आपको जो कहना है, वह लिखित रूप से दें। आपकी मर्जी के खिलाफ कोई कार्य नहीं हो सकता है। इस तरह सड़क पर बैठने से कुछ नहीं होगा। ग्राम सभा में आप पारित करके दें कि आप क्या चाहते हैं। आप कंपनी को जमीन देना चाहते हैं या नहीं, वह लिखित रूप से लिख कर ग्राम सभा में दें। हम लोग जिला प्रशासन को सौंपेंगे। आप लोग वार्ता करें। अधिकारियों के बार-बार वार्ता करने की बात करने पर भी रैयतों ने कुछ नहीं कहा। उन्होंने एक स्वर में कहा कि जो हमें चाहिए तख्तियों पर लिखी हुआ है। जोरदार विरोध को देखते हुए कंपनी के पदाधिकारी लौट गये। मौके पर पुलिस निरीक्षक श्याम चंद्र सिंह, बड़कागांव थाना प्रभारी विनोद तिर्की, एसआइ राधा कुमारी, जेएसआइ अभय कुमार, शैलेंद्र कुमार, सीआइ अनोज कुमार, अमीन पंकज कुमार, ब्रह्मदेव रब्बानी, अदानी कंपनी के डीजीएम संजय कुमार, परमानंद महतो, सुनील कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## घाघरा में महिला से युवक ने किया दुष्कर्म

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा थाना क्षेत्र के सेहल पंचायत में एक अधेड़ महिला के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार महिला का अपने गांव से लगभग 700 मीटर दूर दूसरे गांव में खेत है, उस जगह पर उड़द के खेत में काम करने के लिए गयी थी। इसी दौरान दोपहर लगभग 11 बजे गोरियाडीह ग्राम निवासी संजय नायक नामक युवक आया और महिला को अकेले देख महिला का मुंह कपड़े से बांधकर उसके साथ दुष्कर्म किया। जिसके बाद फरार हो गया। घटना की जानकारी महिला ने अपने गांव में दी। जिसके बाद दोनों गांव के लोगों में मतभेद हो गया। दोनों गांव के लोग लाठी-डंडे के साथ खड़े थे। इतने में थानेदार को इसकी सूचना मिली और थानेदार गांव पहुंचे। इस संबंध में थानेदार अमित कुमार चौधरी से पूछने पर उन्होंने कहा दोनों गांव के लोगों को बैठक कराकर समझाया गया है। दुष्कर्मी की पहचान हो गयी है। छापेमारी की जा रही है। जल्द ही दुष्कर्मी को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

# देवघर के पाथरोल में मां के सामने नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** देवघर जिला अंतर्गत पाथरोल थाना क्षेत्र के बहादुरपुर गांव के निकट छह दरिंदों ने जंगल में ले जाकर मां के सामने उसकी नाबालिग बेटी के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। पीड़िता की हालत गंभीर बतायी जा रही है। घटना का विरोध कर रही मां के साथ भी दरिंदों ने मारपीट कर जख्मी कर दिया। वहीं, एसडीपीओ ने फिलहाल ऐसी कोई शिकायत से इनकार किया है।

**पीड़िता की हालत गंभीर, मां को भी दरिंदों ने पीटा**

## छट्ठी कार्यक्रम में शामिल होने मां के साथ आयी थी पीड़िता

घटना के संबंध में पीड़िता की मां ने बताया कि अपनी नाबालिग बेटी के साथ पाथरोल के सिरसा गांव छट्ठी कार्यक्रम में शामिल होने आयी थी, लेकिन कुछ कारणों से कार्यक्रम स्थगित हो गया था। वे लोग छट्ठी समेत विभिन्न कार्यक्रमों में घर-घर नाच-गाकर बधाई देकर परिवार चलाती है। कार्यक्रम नहीं होने पर उसे पाथरोल चौक के पास लाकर छोड़ दिया गया। पाथरोल से रात को ही मां-बेटी मधुपुर पैदल आ रही थीं।

## छह युवकों ने किया सामूहिक दुष्कर्म

इसी क्रम में एनएच 114-अ स्थित बहादुरपुर के निकट दो बाइक पर सवार होकर छह युवक पहुंचे और जबरन मां-बेटी को उठा कर निकट के ही जंगल की ओर ले गये। इनमें पांच दरिंदों ने मां के सामने ही बेटी के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। विरोध करने पर उसे बुरी तरह मारपीट कर जख्मी कर दिया गया। साथ ही करीब पांच हजार नगद, मोबाइल और आधार कार्ड भी छीन लिया।

## रात को पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी से नहीं मिली मदद

पीड़िता की मां ने बताया कि घटना के कुछ ही देर बाद रास्ते से पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी गुजर रही थी। पीड़िता की मां ने आरोप लगाया कि इस घटना की जानकारी पेट्रोलिंग पार्टी को दी गयी। इस पर पुलिस ने डांट कर भगा दिया। इसके बाद उन लोगों ने पाथरोल थाना आकर मामले की शिकायत की। जानकारी मिलते ही पुलिस ने पीड़िता और नाबालिग का प्राथमिक इलाज अनुमंडल अस्पताल में कराया। चिकित्सकों ने नाबालिग के बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल, देवघर रेफर कर दिया, जहां उसकी हालत गंभीर है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 31.4 °c | 22.2 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.27 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.44 बजे |



### धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली से शुरू हुई यात्रा

# नफरत छोड़ो, भारत जोड़ो का संकल्प

**जुटे नेता-विधायक और कार्यकर्ता**

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी/तमाड़।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से सोमवार को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली खूंटी जिला के उलिहातू गांव से राज्य स्तरीय भारत जोड़ो पदयात्रा शुरू की गयी। इस पदयात्रा में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम, झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, मंत्री बन्ना गुप्ता, पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव भगत, पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की और पूर्व केंद्रीय मंत्री और झारखंड में भारत जोड़ो यात्रा के संयोजक सुबोधकांत सहाय सहित बड़ी संख्या में पार्टी के नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। जगह-जगह लोगों ने नेताओं का स्वागत भी किया। पदयात्रा शुरू करने से पहले कांग्रेसी नेताओं ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। पदयात्रा उलिहातू से रांची के कोकर स्थित बिरसा समाधि स्थल तक आयेगी। इस दो दिवसीय पदयात्रा के दौरान कांग्रेसी नेता राज्य में ज्वलंत मुद्दों पर स्थानीय लोगों के साथ चर्चा करेंगे।

**भारत जोड़ो यात्रा के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाना है: राजेश ठाकुर**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि देश के अंदर जिस प्रकार से नफरत की राजनीति को बढ़ावा दिया जा रहा है, उसके विपरीत राहुल गांधी के नेतृत्व में महती आंदोलन भारत जोड़ो यात्रा चल रही है। उसके उद्देश्यों को लेकर जन जन तक पहुंचना है। समाज में बढ़ रही नफरत, बेरोजगारी, कमरतोड़ महंगाई के खिलाफ आमजनों को जागृत करने का भी काम करना है। इस यात्रा के दौरान प्रदेश के सभी प्रखंडों में एक हजार नये सदस्य बनाने हैं। सशक्त बूथ कमेटी का गठन करना, प्रखंड मंडल एवं पंचायत स्तर तक सशक्त कांग्रेस कमेटी का गठन सुनिश्चित कराना, प्रखंडों में अनिवार्य रूप से कार्यालय की स्थापना कराना है। राहुल गांधी को 2024 के लोकसभा चुनाव में देश का प्रधानमंत्री बना कर कांग्रेस पार्टी को राष्ट्र सेवा का मौका मिले, ऐसा संभव करना है। वहीं, मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से समाज में फैली नफरत को मिटाना है। हमारी यह यात्रा प्रदेश के सभी जिले में प्रखंड और पंचायतों में जायेगी।

# अवैध कारोबार में वर्चस्व को लेकर फिर हुई फायरिंग

**बाइक सवार अपराधियों ने दो युवकों को मारी गोली, स्थिति गंभीर**

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** बरोरा थाना क्षेत्र के फुलारीटांड एरिया में देर रात दो युवकों को अपराधियों ने अंधाधुंध गोली मार कर घायल कर दिया। वहीं स्थानीय लोगों और पुलिस के सहयोग से गोली से घायल दोनों युवकों को बेहतर इलाज के लिए धनबाद के असर्फी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां दोनों की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

घायल युवकों का नाम विश्वजीत चक्रवर्ती तथा विकी कुमार है। इधर बरोरा थाना प्रभारी नीरज कुमार असर्फी अस्पताल पहुंचे और घायल युवकों का बयान लिया। गौरतलब है कि धनबाद जिले के बाघमारा में अवैध कोयले और लोहे के कारोबार में वर्चस्व को लेकर फायरिंग की घटना एवं हिंसक झड़प लगातार घट रही है। यह घटना भी कोयले एवं लोहे के अवैध कारोबार में वर्चस्व को लेकर घटने की बात सामने आ रही है। जानकारी के अनुसार बाइक पर सवार तीन अपराधियों ने दो युवकों पर फायरिंग की। इसमें एक युवक की कमर और दूसरे के हाथ में गोली लगी है। वहीं घटना के बाद पुलिस जांच में जुट गयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विश्वजीत और विक्की रविवार देर रात अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान दोनों युवक को अपराधियों ने गोली मारी।

घटना की सूचना मिलने पर बरोरा पुलिस घटनास्थल पहुंची और दोनों घायलों को बाघमारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाकर इलाज करवाया। गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर कर दिया। यहां से धनबाद के अशर्फी अस्पताल में देर रात इलाज के लिए भर्ती करवाया गया।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** – रोग-शोक-दु:श्चिंताओं से छुटकारा मिलेगा, सुख-सुविधा के साधन बनेंगे।
- **वृष** – लोकप्रियता का विस्तार, अधूरा कार्य पूरा होगा, मान-यश-प्रतिष्ठा-उपहार-पुरस्कार की प्राप्ति।
- **मिथुन** – गुप्त विरोधियों का षड्यंत्र विफल होगा, प्रभावशाली व्यक्तियों से वांछित सहयोग मिलेगा।
- **कर्क** – भौतिक सुख-सुविधा की प्राप्ति, पारिवारिक वातावरण सुखमय होगा।
- **सिंह** – परिस्थितियों में सुधार, बिगड़ा काम बनेगा, व्यवसाय में आशातीत लाभ।
- **कन्या** – नयी आशाओं का उदय होगा, धैर्य व साहस से सभी कार्य पूरे होंगे।
- **तुला** – आर्थिक संतुलन बनाये रखने में सफल होंगे, पारिवारिक दायित्व में खर्च अधिक करेंगे।
- **वृश्चिक** – रोजी-रोजगार में शुभ परिवर्तन, आर्थिक लाभ, सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा होगी।
- **धनु** – किसी बृहद योजना को साकार करने में कई लोगों का साथ मिलेगा।
- **मकर** – साहसिक कार्य में सफलता, विरोधियों पर विजय, सामाजिक-राजनीतिक संपर्क-प्रभाव का लाभ मिलेगा
- **कुंभ** – परिस्थितियों में सुधार,व्यवसाय में आशातीत लाभ, सपरिवार भ्रमण-मनोरंजन के साधन बनेंगे।
- **मीन** – स्वाभिमान और स्वावलंबन बढ़ेगा, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण।

# आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार की सफलता के लिए आइएएस अफसरों को सौंपी गयी कमान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** 12 अक्टूबर से शुरू होनेवाले आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार अभियान की सफलता के लिए सचिव स्तर के आइएएस अधिकारियों को जिलों का प्रभार दिया गया है। इस संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग ने आदेश जारी किया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गिरिडीह से राज्य स्तरीय इस कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे।

12 अक्टूबर को मुख्यमंत्री की योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का गिरिडीह से शुभारंभ करेंगे। राज्य सरकार आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन कर रही है।

यह दूसरा चरण उन व्यक्तियों को समर्पित होगा, जो पूर्व के अभियान में योजनाओं के लाभ से वंचित रह गये थे। ऐसे छुटे हुए लोगों को योजनाओं से जोड़ने के लिए एक बार फिर सरकार लोगों के द्वार आ रही है। 12 अक्टूबर को यह महाअभियान शुरू होगा। अभियान दो चरणों में आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। पहला चरण 12 से 22 अक्तूबर एवं दूसरा चरण 1 से 14 नवंबर तक आयोजित होगा। इसमें उन पंचायतों को विशेष प्राथमिकता दी जायेगी, जहां गत वर्ष किसी वजह से शिविर नहीं लग पाया था।

**इन आइएएस अफसरों को मिला जिलों का प्रभार**

- ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव अविनाश कुमार को रांची।
- वित्त विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह को धनबाद।
- खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के सचिव हिमानी पांडे को पूर्वी सिंहभूम।
- वाणिज्य कर विभाग के सचिव आराधना पटनायक को गुमला।
- राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव केके सोन को हजारीबाग।
- पथ निर्माण विभाग के सचिव सुनील कुमार को बोकारो एवं लातेहार।
- उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के सचिव राहुल कुमार पुरवार को गोड्डा।
- योजना एवं विकास विभाग के सचिव अमिताभ कौशल को कोडरमा एवं गिरिडीह।
- पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सचिव मनीष रंजन को देवघर एवं जामताड़ा।
- परिवहन विभाग के सचिव राजेश कुमार शर्मा को साहिबगंज।
- कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सचिव अबू बकर सिद्दीकी को पश्चिमी सिंहभूम एवं सिमडेगा।
- श्रम, नियोजन एवं प्रशिक्षण कौशल विभाग के सचिव प्रवीण को सरायकेला खरसांवा एवं चतरा।
- जल संसाधन विभाग के सचिव प्रशांत कुमार को दुमका एवं पाकुड़।
- अनुसूचित जाति, जनजाति अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के सचिव श्रीनिवासन को रामगढ़।
- महिला, बाल विकास विभाग के सचिव कृपानंद झा को पलामू एवं गढ़वा।
- पर्यटन, कला संस्कृति एवं युवा विभाग के सचिव मनोज कुमार को खूंटी।
- सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई गवर्नेंस विभाग के सचिव विप्रा भाल को लोहरदगा।
- 12 अक्टूबर को मुख्यमंत्री आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का गिरिडीह से शुभारंभ करेंगे।

### सीआइपी में रोगी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

# मानसिक स्वास्थ्य और भलाई को वैश्विक प्राथमिकता बनायें: निदेशक

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस हर साल 10 अक्टूबर को विश्व स्तर पर मनाया जाता है। इस अवसर पर केंद्रीय मनश्चिकित्सा संस्थान रांची ने सीआइपी ओपीडी परिसर में 2022 के लिए मानसिक स्वास्थ्य और भलाई को वैश्विक प्राथमिकता बनाओ विषय पर रोगी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। प्रो बासुदेब दास, निदेशक सीआइपी रांची ने इस अवसर उपस्थित हुए और मानसिक स्वास्थ्य के बारे में एक अंतर्दृष्टिपूर्ण अभिविन्यास प्रदान किया। मानसिक रोगों के बढ़ते बोझ के बीच इसकी जागरूकता की आवश्यकता और शीघ्र निदान और उपचार की आवश्यकता पर जोर दिया।

मरीज आमतौर पर बाद के चरणों में अस्पताल जाते हैं, क्योंकि आमतौर पर परिवार के सदस्यों और देखभाल करने वालों द्वारा उनकी उपेक्षा की जाती है। निदेशक ने समाज के कम विशेषाधिकार प्राप्त वर्ग के बारे में भी उल्लेख किया, जो अक्सर अपने मानसिक स्वास्थ्य, महिलाओं के लिए परामर्श से वंचित होते हैं और इसलिए कार्यक्रम ने विशेष रूप से इस कमजोर आबादी को संबोधित किया। इसके बाद डॉ समीक्षा सिंघई, सीनियर रेजिडेंट, सीआइपी रांची द्वारा महिलाओं में गर्भावस्था और मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों पर एक विचारशील अवलोकन किया गया।

उन्होंने गर्भवती महिलाओं को प्रभावित करनेवाले मानसिक स्वास्थ्य और नवजात शिशु की देखभाल के व्यावहारिक मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया। सनी शर्मा ने रोगी की देखभाल और देखभाल करने के मनोवैज्ञानिक पहलुओं के विभिन्न मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोणों को संबोधित किया। महिलाओं में मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए हस्तक्षेप के बारे में बात करते हुए, इसके बाद, ओपीडी में भाग लेने वाले रोगियों और देखभाल करने वालों के प्रश्नों को संबोधित किया गया। सीआइपी रांची के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ सुरजीत प्रसाद ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम के दौरान डॉ अविनाश शर्मा, डॉ रोशन, डॉ चंद्रमौली ने सीआइपी के निवासियों, छात्रों और कर्मचारियों के साथ सक्रिय भागीदारी की।

# प्रधानमंत्री आज करेंगे महाकाल लोक का लोकार्पण

**झारखंड के सभी प्रमुख मंदिरों सहित सभी 513 मंडलों के शिवालयों में होंगे कार्यक्रम**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** 11 अक्टूबर भारत के सांस्कृतिक पुनर्स्थापना का स्वर्णिम दिन होगा। यह जानकारी भाजपा के प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय ने दी। श्री सहाय ने बताया कि भारत के प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सांस्कृतिक पुनर्स्थापना का काल चल रहा। लगातार इस दिशा में ऐतिहासिक प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसी कड़ी में एक और ऐतिहासिक कार्य 11 अक्टूबर को प्रधानमंत्री के द्वारा 12 ज्योतिलिंगों में एक भगवान महाकाल के भव्य गलियारे, महाकाल लोक का निर्माण कराया गया है जिसे प्रधानमंत्री शाम 5.30 बजे राष्ट्र को समर्पित करेंगे। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर प्रदेश भाजपा के द्वारा भी झारखंड के सभी प्रमुख मंदिरों सहित मंडल स्तर पर सभी शिवालयों में कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। कहा कि प्रमुख मंदिरों में बाबा बैद्यनाथ मंदिर, देवघर, बासुकीनाथ मंदिर, दिउड़ी मंदिर, पहाड़ी मंदिर रांची, भद्रकाली मंदिर इटखोरी, बंशीधर मंदिर गढ़वा, झारखंड धाम गिरिडीह सहित सैकड़ों मंदिर शामिल हैं। श्री सहाय ने बताया कि इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में सभी धमार्चार्य, पंडा, पुरोहित, बुद्धिजीवी, वरिष्ठजन सहित पार्टी के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बूथ से लेकर प्रदेश स्तर के कार्यकर्ता अपने अपने क्षेत्रों में कार्यक्रम में शामिल होंगे। श्री सहाय ने बताया कि कार्यक्रम स्थल पर स्क्रीन लगाकर कार्यक्रम का महाकाल परिसर से सीधा प्रसारण दिखाया जायेगा।

### सुप्रीम कोर्ट में जेएसएससी की याचिका खारिज

# बीसी 1 में शामिल सुंडी जाति के अभ्यर्थियों की नियुक्ति सही

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** देश की सर्वोच्च अदालत से झारखंड सरकार को झटका लगा है। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की एसएलपी को सर्वोच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया है। दरअसल मामला 2015 के संशोधन से जुड़ा है, जहां बीसी-2 में शामिल कई कास्ट को बीसी-1 में शामिल गया था। इसमें सुंडी जाति भी शामिल थी। ऐसे में नियुक्ति प्रक्रिया में भाग ले रहे याचिकाकर्ता रंजीत प्रभाकर ने राज्य सरकार पर आरोप लगाया था। रंजीत ने नियुक्ति प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी कैटेगरी आवंटन में संशोधन के आधार पर नियुक्ति नहीं होने का आरोप लगाया था।

इस मामले में हाइकोर्ट ने सरकार को फटकार लगाते हुए कहा था कि यह गलत है। संशोधन होने का अभ्यर्थियों से कोई संबंध नहीं है। ऐसे में उनकी नियुक्ति पर सवाल नहीं उठाया जा सकता। हाइकोर्ट के फैसले के बाद राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर किया था, जिस पर सोमवार को सुनवाई हुई। अदालत में अभ्यर्थियों की ओर से कुमार शिवम ने दलीलें पेश की, जिसे अदालत ने सही माना और हाइकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा।

# टी-20 इंटरनेशनल मैच की मेजबानी करेगी रांची!



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची समेत झारखंड के खेलप्रेमियों के लिए नव वर्ष यानी साल 2023 शानदार होनेवाला है। जनवरी-फरवरी 2023 में आयोजित होनेवाले टी-20 इंटरनेशनल मैच की मेजबानी रांची के जेएससीए स्टेडियम को मिली है। यह पहला मौका है, जब रांची के जेएससीए स्टेडियम में तीन माह के अंदर दूसरा अंतरराष्ट्रीय मैच आयोजित होगा। यह झारखंड वासियों और जेएससीए के लिए बहुत गौरव की बात है।

**रांची में खेला जायेगा चौथा टी-20 मुकाबला**

बता दें कि साल 2013 में भी रांची के जेएससीए स्टेडियम में 10 माह के अंदर दो वनडे इंटरनेशनल मैच का आयोजन हुआ था। रांची में अब तक छह वनडे मैच खेले जा चुके हैं। वहीं रांची के जेएससीए स्टेडियम में अब तक तीन टी-20 मुकाबले हो चुके हैं। जनवरी-फरवरी में होनेवाला यह चौथा टी-20 मुकाबला होगा, जो रांची में खेला जायेगा।

**टी-20 वर्ल्ड कप के बाद तय होगी मैच की तिथि**

जनवरी में श्रीलंका और फरवरी में न्यूजीलैंड की टीम तीन-तीन वनडे और तीन-तीन टी-20 मैच खेलने के लिए भारत के दौरे पर आ रही है। इस दौरे का फाइनल शेड्यूल ऑस्ट्रेलिया में होनेवाले टी-20 वर्ल्ड कप के बाद तय होगा। बीसीसीआइ के घरेलू सीजन के मैचों और रोटेशन पद्धति के तहत एक टी-20 मैच की मेजबानी रांची को सौंपी गयी है। रांची में मैच किस टीम के खिलाफ किस दिन होगा, इसका निर्णय नवंबर में होगा।

**रांची के जेएससीए स्टेडियम में अब तक हुए टी-20 मुकाबले**

- 19 फरवरी 2016- विरुद्ध श्रीलंका, भारत 69 रन से जीता
- 7 अक्टूबर 2017- विरुद्ध ऑस्ट्रेलिया, भारत 9 विकेट से जीता
- 19 नवंबर 2021- विरुद्ध न्यूजीलैंड, भारत 7 विकेट से जीता।

### धोनी एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले तेलुगु, मलयालम और तमिल में फिल्में बनायी जायेंगी

# फिल्मी दुनिया में किस्मत आजमायेंगे रांची के राजकुमार धोनी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के राजकुमार महेंद्र सिंह धोनी क्रिकेट, विज्ञापन और खेती के कारोबार में सफलता हासिल करने के बाद फिल्मी दुनिया में अपनी किस्मत आजमायेंगे। माही ने अपना प्रोडक्शन हाउस खोल लिया है। इसका नाम धोनी इंटरटेनमेंट रखा गया है। इस प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले तेलगु, मलयालम और तमिल में फिल्में बनायी जायेंगी। लेट्स सिनेमा ने ट्वीट कर धोनी के प्रोक्डशन हाउस का पोस्टर शेयर किया है। पोस्टर में माही का साइड व्यू नजर आ रहा है। ब्लेजर में माही हैंडसम लग रहे हैं।

**माही और साक्षी के पास होगा प्रोक्डशन हाउस का स्वामित्व**

रिपोर्ट्स की मानें तो प्रोडक्शन हाउस का स्वामित्व माही और उनकी पत्नी साक्षी के पास होगा। इस प्रोडक्शन हाउस के हेड के रूप में विकास हसीजा को चुना गया है। माही के प्रोडक्शन हाउस ने अभी तक रोअर ऑफ द लायन, ब्लेज टू ग्लोरी और द हिडन हिंदू जैसे प्रोजेक्ट्स पर काम किया है।

**तमिल फिल्म इंडस्ट्री से धोनी का पहले से है जुड़ाव**

बता दें कि आइपीएल में धोनी चेन्नई सुपर किंग्स की तरफ से खेलते हैं। इसी वजह से उनकी तमिलनाडु में फैन फॉलोइंग की लिस्ट काफी लंबी है। धोनी का तमिल फिल्म इंडस्ट्री से पहले से जुड़ाव रहा है। क्रिकेटर अपनी बायोपिक एमएस धोनी: द अनटोल्ड स्टोरी के प्रमोशन में भी शामिल थे। यह फिल्म कई भाषाओं में रिलीज हुई थी। उनकी बायोपिक ने साउथ के राज्यों में भी अच्छी कमाई की थी। तमिलनाडु में धोनी को फैंस थाला यानी नेता कह कर बुलाते हैं।

**पहले ही आयी थी खबर धोनी फिल्मों की दुनिया में रखेंगे कदम**

बताते चलें कि कुछ दिन पहले खबर आयी थी कि क्रिकेट की पिच पर सफल होने के बाद माही फिल्मों की दुनिया में कदम रखेंगे। रिपोर्ट्स में कहा गया था कि धोनी तमिल फिल्म में प्रोड्यूशर के तौर पर डेब्यू करने वाले हैं। हालांकि उस समय इसको लेकर ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की गयी थी। अब जाकर प्रोक्डशन हाउस को लेकर ऑफिशियली अनाउंसमेंट कर दी गयी है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
■ VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
■ Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
Channel



# एक अभिभावक के रूप उन्होंने संरक्षण दिया : बन्ना

**मुलायम सिंह यादव के निधन पर बन्ना गुप्ता का छलका दर्द**



**रांची (आजाद सिपाही)।** मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता का दर्द छलका। उन्होंने समाजवादी पार्टी के संरक्षक मुलायम सिंह यादव के निधन पर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने कहा कि उनके संघर्षशील राजनीतिक जीवन में उन्होंने एक अभिभावक की भूमिका में उन्हें संरक्षण दिया था। उनके सानिध्य में उन्होंने शोषितों, वंचितों और जरूरतमंदों के हक और अधिकार के लिए अनेक लड़ाई लड़ी थी। कहा, नेताजी हमेशा कहा करते थे कि राजनीति में हमेशा शोषितों, वंचितों और गरीबों के हक अधिकार और सम्मान की रक्षा करते रहना चाहिए।

## राजनीति के एक युग का अंत : राजद

रांची (आजाद सिपाही)। मुलायम सिंह यादव के निधन से प्रदेश राजद ने शोक व्यक्त किया है। दल के कार्यकारी अध्यक्ष संजय सिंह यादव, प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि उनके निधन से आज एक युग का अंत हो गया। यह अपूरणीय क्षति है, पूरा राजद परिवार दुखी एवं मर्माहत है।झारखंड सरकार के मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि मुलायम सिंह यादव लोहिया और जेपी के आदर्शों पर चलकर शोषित और पिछड़ों, गरीबों, किसान मजदूरों की आवाज को मजबूती देने का काम किया। अचानक उनका चले जाना अत्यंत दुखद है। राजद के पूर्व सांसद घूरन राम, पूर्व मंत्री सुरेश पासवान, राष्ट्रीय महासचिव अभय कुमार सिंह, सुभाष प्रसाद यादव, मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार सहित कई नेताओं ने गहरी संवेदना एवं दुख व्यक्त किया है।

## मुलायम सिंह ने जेपी और लोहिया के विचारधारा को आगे बढ़ाया : जदयू

रांची (आजाद सिपाही)। समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के निधन पर प्रदेश जदयू कार्यालय में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद खीरु महतो ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी श्रवण कुमार, भगवान सिंह, संजय सिंह, प्रवक्ता सागर कुमार, सचिव बैद्यनाथ पासवान, कार्यालय सचिव रामजी प्रसाद आदी उपस्थित रहे। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा की मुलायम सिंह यादव का निधन राजनीतिक जगत के लिए अपूरणीय क्षति है।

## 50 लाख की योजनाओं का डिप्टी मेयर ने किया शिलान्यास



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** डिप्टी मेयर आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत कुछ माह पूर्व वार्ड नं 8 के महावीर नगरवासियों से किये गये वादों को पूरा करते हुए महावीर नगर में विभिन्न योजनाओं को पूरा करने को लेकर शिलान्यास किया गया। डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय ने कहा कि इन योजनाओं में सबसे महत्वपूर्ण है आदर्श नगर और महावीर नगर को जोड़नेवाला पुल जो काफी खराब स्थिति में है। उन्होंने कहा कि सोमवार को 50 लाख से पूरी की जाने वाली योजनाओं का काम शुरू हो गया है, जिसके तहत महावीर नगर में संजय महतो के घर से पुल तक पीसीसी पथ एवं नाली निर्माण कार्य, महावीर नगर में रामदेव पंडित के घर से राधिका जेनरल स्टोर तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य कराया जायेगा। इसके अलावा महावीर नगर से बटेश्वर पासवान के घर से होते हुए मदन कुमार के घर से आनंद के घर तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य होगा। साथ ही कहा कि इन योजनाओं के पूरा होने से रोड, नाली की समस्या लगभग समाप्त हो जायेगी। मौके पर सुभाष अग्रवाल, भाजपा कोकर मंडल के अध्यक्ष अर्जुन ठाकुर, उपाध्यक्ष पवन सिंह, अनिल अग्रवाल, मानिकचंद ठाकुर, महावीर मिर्धा, लक्ष्मण, कन्हाई, रामदेव पंडित, संजय महतो समेत अन्य मौजूद थे।

### मुलायम सिंह यादव के निधन पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा

# राजनीति के एक युग का अंत हो गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** समाजवादी पार्टी के संरक्षक और उत्तरप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के निधन पर राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दुःख जताया है। उन्होंने कहा कि मुलायम सिंह यादव के निधन की खबर से आहत हूं। आज राजनीति के एक युग का अंत हो गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सामाजिक न्याय और वंचितों के उत्थान के लिए हमेशा जीने वाले नेताजी सभी को सेवा और समर्पण की ज्योत देकर चले गये। परमात्मा दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवार और प्रशंसकों को दुःख की घड़ी में सहन करने की शक्ति दे। मुख्यमंत्री ने अपनी भावनाओं को सोशल मीडिया में साझा किया है।

## देश के लिए अपूरणीय क्षति : सुबोधकांत



मुलायम सिंह यादव के निधन पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने शोक व्यक्त किया है। अपनी शोक संवेदना में सुबोधकांत सहाय ने कहा है कि समतामूलक समाज के जनक मुलायम सिंह यादव का असामयिक निधन देश के लिए अपूरणीय क्षति है। भारत की संसदीय राजनीति के एक सशक्त स्तंभ के रूप में स्थापित कद्दावर राजनेता मुलायम सिंह यादव के निधन से भारतीय राजनीति में शून्यता आ गयी है, जिसकी भरपाई निकट भविष्य में संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि समाजवादी विचारधारा के पक्षधर स्व. यादव जीवनपर्यंत सभी धर्म और समुदाय के लोगों के उत्थान में लगे रहे। देश की जनता के प्रति उनके उल्लेखनीय कार्य अविस्मरणीय हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय राजनीति में मुलायम सिंह यादव का महत्वपूर्ण योगदान रहा है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता।

## संघर्षशील नेता नेता थे: राजेश ठाकुर



रांची। समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के निधन पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि यादव एक जुझारू और संघर्षशील नेता तथा समाजवादी विचारधारा से जुड़े एक महत्वपूर्ण स्तंभ थे। वह संघर्षों से तपे - बढ़े और प्रदेश की राजनीत में पांच दशक तक केंद्र बिंदु बने रहे हैं। उन्होंने लंबे समय तक देश और राज्य की राजनीति में एक महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। ईश्वर उन्हें अपने श्रीचरणों में जगह दें।

## डॉ राममनोहर लोहिया के सच्चे अनुयायी थे: राजेंद्र



रांची। मूलवासी सदान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने सपा के संस्थापक अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। श्री प्रसाद ने कहा कि मुलायम सिंह यादव डॉ राममनोहर लोहिया के सच्चे अनुयायी थे। कहा मुलायम सिंह यादव, समाजवाद की राजनीति को आगे बढ़ाया। देश की राजनीति में वंचितों को आगे लाने में मुलायम सिंह यादव का योगदान अतुलनीय रहा है। प्रसाद ने कहा कि मुलायम सिंह यादव, मजदूरों, आम आदमी, किसानों, कर्मचारियों व अंतिम व्यक्तियों की आवाज थे। मुलायम सिंह यादव के निधन को प्रसाद ने देश के लिए अपूरणीय क्षति है।

## मुलायम के निधन से स्तब्ध हूं: दीपक प्रकाश



रांची। भारत के पूर्व रक्षा मंत्री, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं समाजवादी पार्टी के पूर्व अध्यक्ष एवं संरक्षक मुलायम सिंह यादव के निधन पर झारखंड भाजपा के नेताओं ने शोक जताया है। झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे और देश के पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव के निधन से स्तब्ध हूं। उन्होंने कहा कि मुलायम जी के निधन से भारतीय राजनीति को अपूरणीय क्षति हुई है। ईश्वर नेताजी की आत्मा को शांति प्रदान करें एवं उनके परिजनों व शुभचिंतकों को दुःख की इस घड़ी में संबल प्रदान करें।

## मुलायम का जाना भारतीय राजनीति के लिए एक अपूरणीय क्षति है : बाबूलाल



झारखंड भाजपा विधायक दल के नेता सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि मुलायम सिंह यादव जी का निधन भारतीय राजनीति के लिए एक अपूरणीय क्षति है। देश ने आज एक गरीबों का मसीहा एवं समाजवादी नेता खो दिया है। उनके द्वारा किये गए रिक्त स्थान को भरना मुश्किल होगा। उन्होंने कहा कि ईश्वर नेताजी के परिजनों व शुभचिंतकों को दुःख की इस घड़ी में सहन करने की शक्ति प्रदान करे।

## ईश्वर दिवंगत आत्मा को चिरस्थायी शांति प्रदान करें : कर्मवीर सिंह



झारखंड भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि समाजवादी नेता मुलायम सिंह यादव का निधन से स्तब्ध और मर्माहत हूं। उनके निधन से उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश के लिए अपूरणीय क्षति है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को चिरस्थायी शांति प्रदान करे। उनके निधन पर भाजपा के प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा, महामंत्री बालमुकुंद सहाय सहित अन्य नेताओं ने भी गहरा शोक व्यक्त किया है।

## मुलायम के निधन पर सुदेश ने शोक जताया



रांची। झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने मुलायम सिंह यादव के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि समाजवादी आंदोलन के पुरोधा, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं सपा के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के निधन से भारतीय राजनीति में गहरा शून्य उत्पन्न हो गया है। मुलायम सिंह जुझारू और संघर्षशील राजनेता के साथ-साथ समाजवादी राजनीति के मजबूत स्तंभ थे। शोषितों, वंचितों और पिछड़ों को अग्रिम पंक्ति में लाने के लिए उनके द्वारा किये गये प्रयास और संघर्ष को सदैव याद किया जायेगा।

# बीजूपाड़ा से बरहे तक 86 लोगों की जमीन का होगा अधिग्रहण, नोटिस जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बीजूपाड़ा चौक से बरहे औद्योगिक क्षेत्र पथ का चौड़ीकरण और मजबूतीकरण कार्य परियोजना के लिए 86 लोगों की जमीन का अधिग्रहण किया जायेगा। इसको लेकर रांची जिला प्रशासन ने नोटिस जारी किया है। इस परियोजना के लिए 03.379, 2.644 और 0.526 एकड़ भूमि का अधिग्रहण टांगर, बरहे और हुटार मौजा में किया जायेगा। जिला भू अर्जन कार्यालय की ओर से जारी प्रारंभिक अधिसूचना में कहा गया है कि आगामी 17 अक्टूबर को चिह्नित जमीन को लेकर जिला भू अर्जन पदाधिकारी, रांची के पास किसी तरह की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति दर्ज करा सकते हैं। चह्नित की गयी 86 लोगों की जमीन पर अब भू-अर्जन कार्यालय की नजर रहेगी। भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, रांची के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को किया जा सकेगा। भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए उसे खोदने या अन्य जरूरी कार्यों के लिए भी जिला भू-अर्जन पदाधिकारी या इस कार्यालय के कर्मी अधिकृत किये गये हैं। अब इस जमीन की खरीद-बिक्री या इस पर किसी तरह की संरचना हितबद्ध व्यक्ति या अन्य कोई नहीं करेगा। आपत्ति भू-अर्जन कार्यालय में अगले 60 दिनों के भीतर दर्ज करायी जा सकती है।

## मोमेंट्स रिजॉर्ट्स से एक व्यक्ति का शव बरामद

**रांची।** जिला के तुपुदाना ओपी क्षेत्र स्थित मोमेंट्स रिजॉर्ट्स से एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। शव रिजॉर्ट्स के एक कमरे से बरामद हुआ है। शव की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक जिस व्यक्ति का कमरे से शव बरामद हुआ है, वह बिहार का रहनेवाला है। पुलिस की सूचना पर एफएसएल टीम पहुंची और मामले की जांच की जा रही है।

### एसबीयू में मानसून सत्र 2022-23 के पीएचडी स्कॉलर का हुआ ओरिएंटेशन प्रोग्राम

# शोध कार्य मौलिक होना चाहिए : प्रो गोपाल पाठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय के मानसून सत्र 2022- 23 के लिए पीएचडी शोधार्थियों का ओरियंटेशन प्रोग्राम सेमिनार हॉल में संपन्न हुआ। इसमें विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक, कुलसचिव प्रोफेसर विजय कुमार सिंह, डीन प्रोफेसर नीलिमा पाठक, डीन प्रोफेसर श्रीधर बी दंडीन, डीन डॉ संदीप कुमार आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक ने वर्तमान संदर्भ में शोध के महत्व पर चर्चा करते हुए कहा कि एसबीयू यूजीसी के मानकों के अनुसार केवल गुणवत्तायुक्त शोधार्थियों को ही रजिस्ट्रेशन का अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि शोध कार्य मौलिक होना चाहिए। शोधकार्य में ईमानदारी एवं मौलिक चिंतन का होना आवश्यक है, जो समाज के लिए उपयोगी हो सके।

कुलसचिव प्रोफेसर विजय कुमार सिंह ने शोधार्थियों से ग्लोबल स्टैंडर्ड के अनुरूप शोध कार्य किये जाने की अपेक्षा जाहिर की तथा उन्हें पूरी निष्ठा एवं श्रद्धा तथा अनुशासन एवं धैर्य के साथ मौलिक चिंतन को आकार देने की बात कही। प्रोफेसर नीलिमा पाठक ने पीएचडी शोधार्थियों से मोरल एथिक्स एंड वैल्यूज की चर्चा करते हुए कहा कि ज्ञान का योगदान ही शोध कार्य का प्रयोजन है।

अर्जित ज्ञान को व्यापक और विस्तृत बनाना ही शोध का उद्देश्य होना चाहिए। इस अवसर पर प्रोफेसर श्रीधर दंडीन ने रिसर्च प्रोग्राम के बारे में विधिवत जानकारी साझा की।

कार्यक्रम का संचालन डॉ वेंकटा नागा लक्ष्मी दुर्गा ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन की औपचारिकता डॉ एस जीवा चिदंबरम ने पूरी की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारी, डीन्स, एसोसिएट डीन्स, प्राध्यापक एवं नव नामांकित शोधार्थी उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### कुड़ुख भाषा का 16वां राष्ट्रीय सम्मेलन मुंबई में



रांची (आजाद सिपाही)। स्नातकोत्तर कुड़ुख विभाग रांची विश्वविद्यालय, रांची में सोसाइटी ऑफ इंडिया नयी दिल्ली झारखंड चैप्टर की समीक्षा बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता डॉ हरि उरांव ने की। झारखंड चैप्टर अध्यक्ष बिरेंद्र उरांव ने बताया कि झारखंड चैप्टर से 50 प्रोफेसर, शिक्षक, शोधार्थी एवं छात्र छात्राएं सम्मेलन में शामिल हुए। उन्होंने बताया कि 2023 का 16वां कुड़ुख भाषा का राष्ट्रीय सम्मेलन महाराष्ट्र के मुंबई में होगा और चौथा अंतरराष्ट्रीय कुंड़ुख सम्मेलन बांग्लादेश में होगा। बैठक में डॉ हरि उरांव, डॉ राम किशोर भगत, प्रो बिरेंद्र उरांव, प्रो धीरज उरांव, जोहे भगत, फेकुआ उरांव, सुखराम उरांव, विजय कुमार यादव, फुलदेव उरांव, आरती कुमारी, सुश्री पुजा कुमारी, सरिता कुमारी, लक्ष्मण उरांव, सुश्री नेहा टोप्पो, सुनीता कुमारी, सुजीत कुजूर, सुभाष उरांव, संतोष उरांव उपस्थित थे।

### अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की ओर से दीप कोटयोर को शुभकामनाएं



रांची (आजाद सिपाही)। कांके रोड स्थित एस्टर ग्रीन में नये संस्थान दीप कोटयोर की संचालिका दीपा बंका ने अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरा बथवाल, सचिव रूपा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष गीता डालमिया, संपादिका अलका सरावगी, निवर्तमान अध्यक्ष वीणा मोदी, पूर्व अध्यक्ष मंजू केडिया, रांची शाखा अध्यक्ष नैना मोर का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर तथा शॉल ओढ़ा कर किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी गणमान्य महिलाओं ने दीपा बंका को उनके नये संस्थान के लिए बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। मौके पर रेखा लोढ़ा, मंजू मुरारका, मंजू गड़ोदिया एवं अन्य महिलाएं उपस्थित थीं।

### झारखंड स्वास्थ्य मिशन ने निःशुल्क जांच शिविर लगाया




रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड स्वास्थ्य मिशन, रांची के सौजन्य से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन गुरुद्वारा मेन रोड रांची में किया गया। इस जांच शिविर में 300 लोगों का निःशुल्क ब्लड प्रेशर, शुगर, इसीजी, दांत जांच, नेत्र जांच और स्वास्थ्य जांच की गयी। सभी को दवा भी दी गयी। इस मिशन का लक्ष्य है कि शहर से लेकर गांव तक निःशुल्क चिकित्सा शिविर एवम रक्तदान शिविर का आयोजन सभी जगहों पर हो, ताकि कोई भी इस स्वास्थ्य लाभ से वंचित ना रहे। इस कार्यकम के सफल आयोजन में झारखंड स्वास्थ्य मिशन के अध्यक्ष संतोष सोनी का सहयोग रहा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मेडिका हॉस्पिटल के डॉ केसी लाल, डॉ सानू लाल, दीपक कुमार, अर्पिता, एलिजाबेथ, एडलिन, डॉ एन शरण, डायग्नोस्टिक एंड इमेजिंग सेंटर की डॉ नम्रता शरण, धीरज कुमार, रंजीत कुमार, श्रेष्ठा नेत्र चिकित्सालय के आशुतोष मिश्रा, श्यामल चटर्जी, राज रोशन, डा पार्थ पॉलीक्लिनिक के डॉ पार्थ परितोष, एमआइ ऑर्थोपेडिक केयर के डॉ एस अली, आले लेबोरेट्री के सुनील कुमार, दीपक कुमार, राहुल शर्मा और गुरुद्वारा सिंह सभा ने अपना योगदान दिया।

### चार दिवसीय झारखंड प्रार्थना महोत्सव 13 से



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रार्थना महोत्सव 2022 का आयोजन रांची के कांके स्थित चूड़ी टोला में किया जायेगा। चार दिवसीय प्रार्थना महोत्सव का आयोजन झारखंड प्रार्थना महोत्सव समिति द्वारा किया जा रहा है। प्रार्थना महोत्सव 13 अक्टूबर से शुरू होगा। प्रार्थना सभा की तैयारी को लेकर सोमवार को झारखंड बिशप काउंसिल ने बैठक की। इस बैठक में याबेश फाउंडेशन, कांके क्रिश्चियन एसोसिएशन एवं झारखंड मसीही परिवार के सदस्य मौजूद रहे। इसकी तैयारी को लेकर बिशप डेनियल पुनराज ने कहा कि इस महोत्सव में मुख्य वक्ता तमिलनाडु के डॉ हैरी गोम्स होंगे। इस सभा का मुख्य उद्देश्य झारखंड के विकास एवं उन्नति के लिये विशेष रूप से प्रार्थना की जायेगी। प्रार्थना सभा 13 से 16 अक्टूबर तक प्रतिदिन संध्या 5 बजे से आयोजित होगी। बैठक में बिशप अनिल रैवेन, बिशप एम एम पांडा, बिशप फूलचंद महतो, बिशप सुरेश सांगा सहित अन्य मौजूद थे।

### प्रीम रोज पब्लिक स्कूल में खेलकूद



रांची (आजाद सिपाही)। प्रीम रोज पब्लिक स्कूल बड़ागाई रांची के प्रांगण में विद्यालय के बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के खेलकूद का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के बच्चों ने पुट द बॉल इन द बकेट, कूद म्यूजिकल चेयर और ड्रॉइंग प्रतियोगिता में भाग लिया। पुट द बॉल इन द बकेट में प्री नर्सरी के मुशर्रफ इमाम, इलतिजा अंसारी और सूफियाना प्रवीण ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। जूनियर केजी और सीनियर केजी के मशब हुसैन, अकमल अंसारी और शुमइया परवीन ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। म्यूजिकल चेयर में आफिया शिफत, दिलशाद आलम, अनस अंसारी, असजद अंसारी और शिवम कुमार ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। ड्रॉइंग प्रतियोगिता में वर्ग छह के नवशीन जहान, रौशनी तिर्की और खुशी फरहा, वर्ग सात की अनीशा कुमारी, सानिया तबस्समु और प्रिया कुमारी वर्ग आठ से शिफा आरजु, शिफा नाज और शाहीद अंसारी, वर्ग नवम से आफरीन परवीन, अंजलि कुमारी और सादिया साबा ने पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। पहले तीन स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को निर्देशक मोजाहिदुल इस्लाम के द्वारा सर्टिफिकेट और मेडल दे कर पुरस्कृत किया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय की शिक्षिकाएं तमन्ना परवीन, माहिरा परवीन, मनीषा कुमारी, सोनी तिर्की, शाहजादी प्रवीन और चांदनी का विशेष योगदान रहा।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 11 अक्टूबर, 2022
www.azadsipahi.com



# उरीमारी पुलिस को मिली सफलता
# जेजेएमपी के दो उग्रवादी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**उरीमारी।** बड़कागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत उरीमारी ओपी पुलिस ने सोमवार को गुप्त सूचना के आधार पर जेजेएमपी संगठन के दो उग्रवादी को पकड़ा। उरीमारी ओपी पुलिस को सूचना मिली कि जेजेएमपी उग्रवादी संगठन के कुछ उग्रवादी उरीमारी ओपी अन्तर्गत किसी घटना को अंजाम देने के लिए गरसुला पंचायत भवन के पीछे झाड़ी की आड़ में बैठे हुए हैं। इस सुचना को वरीय पदाधिकारी को अवगत कराया गया।

वहीं वरीय पदाधिकारी के निदेर्शानुसार उरीमारी ओपी प्रभारी शशि भूषण कुमार के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। प्राप्त सूचना के आधार पर छापामारी दल गरसुला पंचायत भवन पहुंचा तो देखा कि पंचायत भवन के पीछे झाड़ी की आड़ में चार - पांच लोग बैठे हुए हैं। छापामारी दल को अपनी तरफ आता देख सभी लोग पंचायत भवन के पीछे जंगल की तरफ भागने लगे। छापामारी दल टीम ने उक्त लोगों को दौड़ाकर पीछा किया और दो लोगों को पकड़ लिया। इसमें दो तीन लोग जंगल का लाभ उठा कर भागने में सफल रहे। पकड़े गए दोनों लोगों से पूछताछ करने पर अपना नाम 1) विशाल करमाली पिता स्वर्गीय मनोज करमाली जरजरा चौक निवासी ओपी उरीमारी जिला हजारीबाग 2) नरेश बेदिया पिता स्वर्गीय महावीर बेदिया दाड़ीदाग निवासी टोला महुआगढ़ा थाना पतरातु जिला रामगढ़ स्वीकार किया। पकड़े गए उक्त दोनों लोगों के शरीर से विधिवत तलाशी लेने पर नरेश बेदिया के पास से एक पिस्टल मैगजीन सहित बरामद किया गया। पिस्टल के संबंध में पूछे जाने पर पकड़े गये दोनों युवकों के द्वारा कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया और ना ही संतोषजनक जवाब दिया गया।

आगे पूछे जाने पर पकड़े गये लोगों के द्वारा बताया गया उरीमारी स्थित कोलियरी में जेजेएमपी उग्रवादी संगठन का भय एवं दहशत फैलाने हेतु घटना को अंजाम देने के लिए लोग एकत्रित हुए थे। उरीमारी ओपी पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर हजारीबाग जेल भेज दिया। छापामारी दल में उरीमारी ओपी प्रभारी शशि भूषण कुमार ओपी पुलिस पदाधिकारी शामिल थे।

# जैप-9 की बस दुर्घटनाग्रस्त बाल-बाल बचे 25 जवान



आजाद सिपाही संवाददाता

**साहिबगंज।** जिलेबिया घाटी में सोमवार की शाम 7 बजे जैप 9 की बस दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। जैप जवानों से भरी बस घाटी से गुजर रही थी। इस दौरान बजरंगबली मंदिर के पास पोल से टकरा कर रुक गयी। इस दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुई है। बस में सवार 25 जवान बच गये हैं। जानकारी के अनुसार बस का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। इससे चालक को गंभीर चोट लगी है। घटना की सूचना मिलने के बाद जिरवाबाडी थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायल चालक को अस्पताल पहुंचाया। इसके साथ ही सभी जवानों को सुरक्षित जैप 9 साहिबगंज में भेजा गया। पुलिस ने बताया कि जैप 9 की बस जवानों को लेकर साहिबगंज पहुंच रही थी. इसी दौरान घाटी में ढलान से बस उतर रही थी। बताया जा रहा है कि मौसम खराब होने के साथ साथ बारिश भी हो रही थी। इस दौरान ढलान से उतरते समय बस अनियंत्रित हो गई और पोल में जाकर टकरा गयी, लेकिन खाई में नहीं गिरी। खाई में बस गिरती तो बहुत बड़ा हादसा हो सकता था, फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है।

# पुलिस ने सौंदा-पोड़ा से सुजीत राम को ब्राउन शुगर व नकदी के साथ किया गिरफ्तार



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** ड्रग्स कारोबारी सुजीत राम को पुलिस ने सौंदा पोड़ा से ब्राउन शुगर और नकदी के साथ गिरफ्तार कर बड़ी कामयाबी हासिल की है। जानकारी के अनुसार पतरातू एसडीपीओ डॉ. बिरेंद्र चौधरी के नेतृत्व में सोमवार को भुरकुंडा पुलिस ने सेंट्रल सौंदा टिपला में छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान सौंदा टिपला से सुजीत राम को भारी मात्रा में ब्राउन शुगर और नकदी के साथ धर-दबोचा है। जानकारी के अनुसार पुलिस ने भारी मात्रा में ब्राउन शुगर का ब्राउन पुड़िया और सफेद पुड़िया के साथ-साथ नकदी भी बरामद किया है। पुलिस अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापामारी कर रही है। इधर दो अन्य लोगों को भी उठा कर भुरकुंडा पुलिस पूछताछ कर रही है। सुजीत राम के पकडे जाने के बाद नशे के कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है। छापामारी अभियान में पतरातू एसडीपीओ डॉ. बिरेंद्र चौधरी, भुरकुंडा ओपी प्रभारी बलवंत दुबे, एसआइ राजदीप कुमार, अक्षय कुमार, कुंदन राव सहित सशस्त्र बल के साथ शामिल थे।

# शरद पूर्णिमा पर श्री कृष्ण प्रणामी संस्था के सदस्यों ने खीर का प्रसाद वितरित किया



**रांची (आजाद सिपाही)।** शरद पूर्णिमा महोत्सव के अवसर पर श्री कृष्ण प्रणामी संस्था रांची के सदस्यों ने सोमवार पुंदाग स्थित श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर में 51 किलो दूध की खीर का प्रसाद वितरित किया। पुंदाग गांव एव आसपास की बस्तियों मे रहने वाले प्रभु प्रेमी श्रद्धालु 12 बजे से ही शरद पूर्णिमा की खीर का प्रसाद ग्रहण करने हेतु जुटने लगे थे। खीर के भंडारे की सेवा में विशेष रूप से श्रीकृष्ण प्रणामी के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, ओमप्रकाश सरावगी, पवन पोद्दार, प्रदीप पोद्दार, विष्णु सोनी, मनीष सोनी, धीरज कुमार गुप्ता, चंद्रदिप साहू, परमेश्वर साहू, महिला समिति की विधा देवी अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, उर्मिला पाड़िया,ललिता पोद्दार, रेखा पोद्दार एव इनके अलावा संस्था के और भी बहुत से सदस्य उपस्थित थे। यह जनकारी उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल (राजू अग्रवाल) ने दी।

# सांसद संजय सेठ ने ऐतिहासिक मारासिली पहाड़ के सुंदरीकरण के लिए की पहल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राजधानी रांची से सटे नामकुम इलाके में स्थित ऐतिहासिक शिवलोक धाम, मारासिली पहाड़ का सुंदरीकरण होगा। इसके लिए सांसद संजय सेठ ने पहल की है। सोमवार को उन्होंने सांसद निधि से बनने वाले तोरण द्वार का शिलान्यास किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह भगवान शिव का बड़ा सिद्धस्थल और मंदिर है। भगवान शिव की यह भूमि रांची के लिए बड़ा धार्मिक और पर्यटन स्थल भी है। इस क्षेत्र का संपूर्ण विकास हो, इस दिशा में उनका प्रयास जारी है। इस अवसर पर पूर्व विधायक रामकुमार पाहन के अलावा मुखिया रंजीत लकड़ा, भाजपा नेत्री आरती कुजूर, राजेंद्र महतो और अन्य भी मौजूद रहे।

**बेहद खास है मारासिली पहाड़ :** गौरतलब है कि नामकुम के शिवधाम को मरासिली पहाड़ के नाम से भी जाना जाता है। इस पहाड़ में बने शिव मंदिर की कई कहानियां हैं। कहते हैं कि यहां देवी दुर्गा के पांव के निशान हैं। हालांकि सिर्फ एक पांव का ही ऐसा निशान है। तमाम कहानी और मान्यताओं के बीच यह जगह पर्यटकों को बेहद सुकून देती है। चारों तरफ हरियाली, और शाम के वक्त की बहती ठंडी हवा दिलचस्प है। हर शाम और सुबह पूजा होती है। स्थानीय पंडित के मुताबिक महर्षि वाल्मिकी भी यहां आये थे। वह इसी पहाड़ में राम नाम का उल्टा जाप कर रहे थे। इसी से इस पहाड़ का पहला शब्द मरा जो कि राम का उल्टा है, मिला। शिला का अर्थ होता है पहाड़, ईश्वर तो उससे शिला मिला। इस तरह इस जगह का नाम मराशिला पहाड़ पड़ा। यहां शिवलिंग है जो बहुत प्राचीन है तो इसे शिवधाम भी कहा जाता है। इस जगह को लेकर कई तरह की कहानियां है, मंदिर निर्माण को लेकर पीढ़ियों से कहानी चली आ रही है कि भगवान विश्वकर्मा ने यहां का मंदिर बनाया, उन्हें मंदिर निर्माण के लिए सिर्फ एक रात का वक्त मिला था। उन्होंने सारे काम कर लिये लेकिन जब मंदिर के गुंबद की बारी आयी तो सुबह हो गया, मुर्गे ने बांग दे दी। भगवान विश्वकर्मा को यहां का मंदिर अधूरा छोड़ना पड़ा। बाद में यहां के रहने वालों ने मंदिर का काम पूरा किया। कई भक्तों के मुताबिक यह प्राचीन मंदिर है। भक्तों की मुराद पूरी होती है। कई लोग अपनी मनोकामना पूरी होने के बाद दोबारा लौटते हैं, पूजा करते हैं।

# पाकुड़ : दस सालों से विभाग को नहीं दिया गया खनन रॉयल्टी और जीएसटी

आजाद सिपाही संवाददाता

**पाकुड़।** पाकुड़ जिला में अवैध खनन और खनन रॉयल्टी जमा नहीं करने का मामला एक बार फिर सामने आया है। मामले में एक बार फिर से शिकायत की गयी है। शिकायत में दस सालों से पाकुड़ सदर प्रखंड से खनन रॉयल्टी जमा नहीं करने की बात कहीं गयी है। इस बार शिकायत मुख्यमंत्री सचिवालय एवं निगरानी में की गयी है। बताया गया है कि पिछले दस सालों से पाकुड़ जिला में खनन कार्यों के लिए प्राप्त रॉयल्टी और जीएसटी की राशि गबन की गयी है। यहां दस सालों में लगभग 41 करोड़ रुपये खनन विभाग में जमा नहीं किया गया है। इसमें जिला में पदस्थापित अधिकारियों की मिलीभगत की बात भी कही गयी है। मामले में शिकायत मिलने पर साल नवंबर 2021 में जिला डीडीसी ने कार्रवाई की थी। डीडीसी ने पाकुड़ सदर बीडीओ से मामले की वर्षवार विवरणी मांगी थी. लेकिन फिर भी मामला ठंडे बस्ते में चला गया।

**पहले भी दर्ज हो चुकी हैं शिकायतें :** मामले में अलग-अलग स्त्रोतों ने समय-समय पर इसकी शिकायत की। इसके पहले मामले की शिकायत खनन विभागा, वित्त विभाग आदि में हो चुकी है। फिर भी मामले मे कोई कार्रवाई नहीं की गयी। जिला उपायुक्त और डीडीसी से कार्रवाई की मांग की जा रही है। कहा गया है कि यह पता लगाया जाये कि रॉयल्टी और जीएसटी की राशि कहां है। शिकायत में जिक्र है कि पिछले दस सालों के दौरान पाकुड़ सदर प्रखंड में हुए खनन और रॉयल्टी से संबधित ट्रेजरी दस्तावेजों की जांच कर कार्रवाई की जाये।

# आरजेडी में दलित नेता श्याम रजक का अपमान : उपेंद्र रजक
## भाजपा में शामिल होने का न्योता

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा नेता एवं अखिल भारतीय अनुसूचित जाति महासभा के राष्ट्रीय महासचिव उपेंद्र कुमार भाजपा नेता अनिल राम धोबी महासंघ के युवा प्रदेश अध्यक्ष राजू रजक दलित नेता सुरेंद्र प्रसाद, जगदीश दास, छोटू पासवान, रंजीत भुईयां ने बड़े दलित नेता एवं बिहार का पूर्व मंत्री श्याम रजक पर आरजेडी नेता एवं मंत्री तेज प्रताप द्वारा दिल्ली की बैठक के दौरान अभद्र टिप्पणी पर विरोध जताया। सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि राजद नेता एवं मंत्री तेज प्रताप यादव ने सत्ता के नशे में लगातार दलितों को अपमान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बैठक में अमर्यादित टिप्पणी से दलित नेता श्याम रजक आहत एवं बीमार हो गए हैं। उन्होंने कहा कि बैठक में जिस तरह से श्याम रजक पर टिप्पणी एवं आरोप लगाया गया उससे दलितों का अपमान हुआ है। नेताओं ने कहा कि इन्हीं सब वजह से परिवारवादी पार्टियां से दलित वोट खिसक रहे हैं। उन्होंने मान सम्मान एवं स्वाभिमान के लिए श्याम रजक से राजद छोड़ भाजपा में आने का आग्रह किया है। उपेंद्र रजक ने कहा कि भाजपा ही दलितों का मान सम्मान एवं हक अधिकार दे रही है। उक्त जानकारी कार्यालय प्रभारी संतोष रवि ने दी।

# लातेहार के अति उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र पेशरार पहुंचे प्रतुल शाहदेव
## फुटबॉल टूर्नामेंट का किया उद्घाटन, कहा तन-मन दोनों को दुरुस्त रखना जरूरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव सोमवार को लातेहार के सुदूर अति उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र पेशरार पहुंचे। वहां उन्होंने सरना क्लब के द्वारा आयोजित किए जा रहे फुटबॉल टूनार्मेंट का उद्घाटन किया। प्रतुल के पेशरार पहुंचने पर ग्रामीणों ने पारंपरिक तरीके से उनका स्वागत किया।

प्रतुल ने कहा कि यह अत्यंत हर्ष का विषय है इतने सुदूर क्षेत्र में भी लोगों की खेल के प्रति जागरूकता है। प्रतुल ने कहा की आज के युग में तन और मन दोनों को दुरुस्त रखने की जरूरत है। प्रतुल ने आयोजन समिति के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि कभी यह क्षेत्र उग्रवादियों की राजधानी के रूप में जाना जाता था। लेकिन अब लोग मुख्यधारा में वापस जुड़ रहे हैं। इस अवसर पर मुखिया अमित कुमार बारला के नेतृत्व में ग्रामीणों ने प्रतुल शाहदेव को क्षेत्र के विकास हेतु मांग पत्र भी सौंपा, जिससे मुख्य रूप से पेशरार लातेहार पथ पर रेलवे ब्रिज, रिचिगुटा रेलवे स्टेशन में दो एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग, आदि शामिल थे। प्रतुल ने इस पर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। उद्घाटन के अवसर पर सुनील गुप्ता आशीष सिंह, कृष्णा साहू, आसिफ अंसारी, जियाउल अंसारी, दीपक पांडेय, मारूफ अंसारी, देवेंद्र उरांव ,दीनानाथ पासवान, देवलाल भगत, संतोष प्रसाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# अष्टप्रहरी अखंड नाम संकीर्तन बाबा नाम केवलम संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**साहिबगंज।** आनंद मार्ग जागृति जिरवाबाढ़ी छोटा पचगढ़ साहेबगंज में कीर्तन दिवस के उपलक्ष्य में 24 घंटे का बाबा नाम केवलम्‌ कीर्तन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अनेक साधु संत शामिल हुए। इसमें प्रमुख रूप से आचार्य जय शिवानंद अवधूत, आचार्य मधुमायानंदा अवधूत, आचार्य रामकृपानंद अवधूत, आचार्य ब्रज गोपालानंद अवधूत, आचार्य, दिव्यक्नमेशानंद अवधूत, ब्रह्मचारिणी संप्रीति आचार्या शामिल थे। इस अवसर पर फ्री मेडिकल कैम्प, नारायण सेवा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण के साथ आचार्य मधुमायानंदा अवधूत ने सबको धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कार्यक्रम समापन की घोषणा की।

इस मौके पर गोड्डा, पथरगामा, बाराहाट, भागलपुर, साहिबगंज के सैकड़ों आनंद मार्गी ने भाग लिया। इसमें मुख्यतः प्रोफेसर सुरेंद्र प्रसाद भुक्तिप्रधान साहेबगंज, दिलीप भुक्तिप्रधान पूर्वी गोड्डा, निशिकांत भुक्तिप्रधान पश्चिम गोड्डा, प्रोफेसर भोला, अभिमन्यु, बासुकी, निखिल, सौरभ, उमेश दादाजी, रामजी दादाजी, रामप्रवेश दादाजी, अरुण, डॉक्टर गिरीश चंद्र दादाजी मौजूद थे। इस कार्यक्रम का आयोजन आचार्य जय शिवानंद, आशुतोष रंजन, प्रभाकर देव ने किया।

# एचइसी के यूनियन नेता राणा संग्राम सिंह ने बहू को घर से निकाला, सीएम से फरियाद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** स्थानीय प्रशासन द्वारा बिना नोटिस के घर खाली कराने का मामला सामने आया है। बेघर हुए लोगों ने सीएम से मदद की गुहार लगायी है। शिकायत शैल देवी, पति राणा राम इकबाल सिंह ने की है। महिला ने बताया कि धुर्वा थाना क्षेत्र के एचइसी क्वार्टर नंबर अ 2 -129 की रहनेवाली है। मेरे ससुर राणा संग्राम सिंह, जो एचइसी मजदूर में यूनियन के नेता हैं, उनके कब्जे में एचइसी के कई क्वार्टर और स्कूल हैं। इनमें धुर्वा थाना क्षेत्र में एचइसी का तीन क्वार्टर था, जिनमें से दो क्वार्टर अपने दो लड़के को खरीद दिये और क्वार्टर की खाली जमीन पर मकान बना कर खुद रह रहे हैं। तीसरे मकान में मैं और मेरा परिवार रहता था।

**क्वार्टर से बेदखल कर दिया गया है :** शैल देवी ने बताया कि मेरे पति द्वारा संयुक्त परिवार होने के कारण मिल-जुल कर मकान बनवाया गया है। वह उस मकान को भी अपने कब्जे में रखे हुए हैं और उसमें भी मुझे हिस्सा नहीं दे रहे हैं। अपने छोटे बेटे और बहुओं के बहकावे में आकर मुझे धुर्वा स्थित क्वार्टर से बेदखल कर दिया गया है। मुझे ना तो गांव में पुश्तैनी घर और जमीन में हिस्सा दे रहे हैं और ना ही हिनू स्थित मकान में हिस्सा दे रहे हैं।

**8 अक्टूबर को प्रताड़ित करते हुए घर से निकाला :** मेरे ससुर अपने पावर, पैरवी और पैसे के बल पर रांची एसडीओ कोर्ट से आदेश निकलवा कर मजिस्ट्रेट के रूप में सीओ और पुलिस बल को भेज कर बीते 8 अक्टूबर को प्रताड़ित करते हुए घर से निकाल दिया। मेरे ससुर के पावर और पैसे के सामने मेरी फरियाद कोई नहीं सुन रहा है। ऐसी स्थिति में मैं अपनी बहू और छोटे बेटे पोते-पोतियों के साथ कहां जाऊं, मुझे समझ नहीं आ रहा है। शैल देवी ने सीएम से गुहार लगाते हुए कहा है कि एक जिम्मेवार अधिकारी को आदेश देकर जांच करायी जाये और मुझे परिवार के साथ सम्मानपूर्वक जीने के लिए हिनू स्थित घर में जगह दिलवायी जाये,ताकि मैं शांति से अपने परिवार के साथ जीवन व्यतीत कर सकूं।

# झारखंड में जेपी की तरह एक आंदोलन की जरूरत

बीके नारायण

लोकनायक जयप्रकाश नारायण के जन्मदिन पर विशेष



जयप्रकाश नारायण का जन्म बिहार और उत्तर प्रदेश के बॉर्डर के सिताब दियारा गांव में हुआ था। मैं जेपी विचार मंच के सचिव होने के नाते उनके पैतृक आवास पर गया था। मैंने पाया कि उन्होंने अपने हिस्से की जमीन भूमिहीनों में दान कर दी थी। कई लोग मिले जिन्होंने बताया कि जयप्रकाश बाबू द्वारा दिये हुए जमीन में हम लोग खेती करते हैं। जेपी देश, समाज और समतामूलक समाज की स्थापना के लिए पूरा जीवन संघर्ष करते रहे। उन्होंने जिंदगी में भ्रष्टाचार और बेरोजगारी मुख्य मुद्दा बनाया। गुजरात से प्रारंभ किया हुआ आंदोलन बिहार में धू-धू कर जलने लगा।

लोकनायक ने तानाशाही के खिलाफ, भ्रष्टाचार के खिलाफ ,बेरोजगारी के खिलाफ समतामूलक समाज की स्थापना के लिए रोजगारोन्मुख शिक्षा की व्यवस्था के लिए बहुत बड़ा आंदोलन खड़ा किया। सन 74 के आंदोलन में जब जेपी विधानसभा को घेरने, अपार जनसमूह के साथ आगे बढ़े तो लाठीचार्ज कर दिया गया। स्वर्गीय नानाजी देशमुख अपने हाथ पर लाठी को लिया और जेपी को बचाया। इससे पहले स्वतंत्रता आंदोलन में भी लोकनायक जेपी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस ने पकड़ कर, अंग्रेजों ने हजारीबाग जेल में डाल दिया, तो जेपी अपने अनुयायियों से उस समय जेल में रहते हुए संपर्क करके और जेल से भागकर भूमिगत हो गये और आंदोलन को तेज करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। आज के परिपेक्ष में जेपी के क्रियाकलापों का मूल्यांकन करते हुए अगर यह कहा जाए कि भाजपा ने अखंड बिहार में अभूतपूर्व आंदोलन भ्रष्टाचार के खिलाफ किया था। उस बिहार से अलग हुए झारखंड में आज बलात्कारियों एवं आतांताइओ का बोलबाला है। सबसे दु,ःख की बात है कि, विपक्षी दल सोशल मीडिया में अपनी बयान देकर संतुष्ट है। आज जेपी की आत्मा रो रही होगी कि हमारे अनुनायी झारखंड में क्या कर रहे हैं। झारखंड में आये दिन बेटी बहू का इज्जत लूटी जा रही है। पेट्रोल डाल कर जलाया जा रहा है। इतना ही नहीं खुलेआम, सरेआम रोड पर हत्याएं की जा रही हैं। मौजूदा राज्य सरकार ने जेपी के सपनों को चकनाचूर कर दिया। वहीं विपक्षी दलों या समाजसेवी संगठनों पर मीडिया में प्रेस कांफ्रेंस करके अपना दुःख रो देते हैं। समतामूलक समाज की स्थापना में कानून का शासन और सर्वत्र सर्वांगीण विकास के लिए इस सरकार को दफनाया जाए। इसके लिए सारे समाज को आगे आना पड़ेगा। रोड पर आना पड़ेगा। लोकतांत्रिक ढंग से बड़ा आंदोलन करना पड़ेगा।

जेपी जब जेल में इमरजेंसी में कैद कर लिया गया था तो स्वर्गीय इंदिरा गांधी की सरकार थी। उनको मार कर किडनी को खराब कर दिया गया। जिस बीमारी के चलते शहीद हो गये। जिस वक्त 74 का आंदोलन छेड़ा था उस समय बिहार झारखंड के मूर्धन्य नेता सभी जेल में ठूंस दिये गये थे। लोकतंत्र का गला घोंट दिया गया था। इसके बावजूद जेपी के जबरदस्त आंदोलन के चलते सरकार को झुकना पड़ा। लोकतांत्रिक प्रक्रिया अपनाकर लोकसभा का चुनाव हुआ। जिसमें लोकतंत्र विजय रहा और तानाशाही हारी। ऐसे महामानव को मैं उनके जयंती पर शत-शत नमन करता हूं। ईमानदार वरिष्ठ समाजसेवी और क्रांतिकारी सभी वर्ग के लोगों से अपील करता हूं कि आज झारखंड में जनता आंदोलनकर एक बार फिर लोकतंत्र की स्थापना करे। अब समय आ गया है कि आंदोलन की रूपरेखा तैयार करके सत्ता परिवर्तन हो। जेपी ने संपूर्ण क्रांति का नारा दिया था। संपूर्ण क्रांति के प्रणेता लोकनायक जयप्रकाश की पूण्यतिथि पर नमन करता हूं।

**(लेखक : जेपी विचार मंच झारखंड प्रदेश के सचिव हैं। यह उनके व्यक्तिगत विचार हैं।)**

## सियासी लक्ष्मण रेखा

बहुचर्चित भारत जोड़ो यात्रा के दौरान शनिवार को हुई कांग्रेस नेता राहुल गांधी की प्रेस कॉन्फ्रेंस पर वैसे तो कई वजहों से सबकी नजरें थीं, लेकिन जो सबसे बड़ी बात इससे निकली वह थी देश के एक बड़े उद्योगपति गौतम अडानी के राजस्थान में निवेश के फैसले पर आयी उनकी टिप्पणी। प्रेस कॉन्फ्रेंस के आखिर में हुए एक सवाल पर पार्टी के मीडिया सलाहकार जयराम रमेश की आपत्तियों को दरकिनार करते हुए राहुल गांधी ने उसका जवाब दिया और साफ किया कि उद्योगपति अडानी के राजस्थान में निवेश करने या गहलोत सरकार के उसका स्वागत करने में कुछ भी गलत नहीं है। उन्होंने कहा कि कोई भी मुख्यमंत्री अपने राज्य में 60,000 करोड़ रुपये का निवेश ठुकरा नहीं सकता, उसे ठुकराना भी नहीं चाहिए। ध्यान रहे, अब तक राहुल गांधी प्रधानमंत्री मोदी का दोस्त बताते हुए देश के जिन दो सबसे बड़े उद्योगपतियों की नाम लेकर आलोचना करते रहे हैं, उनमें एक गौतम अडानी भी हैं। ऐसे में यह सवाल स्वाभाविक था कि अगर बीजेपी सरकार किसी उद्योगपति से कहीं निवेश कराती है, तो वह गलत और कांग्रेस सरकार कराती है तो वह सही कैसे हो सकता है। राहुल गांधी का इस पर कहना है कि न तो वह कॉरपोरेट विरोधी हैं और न किसी उद्योगपति का कहीं निवेश करना गलत मानते हैं। उनकी आपत्ति तो राजनीतिक ताकत का इस्तेमाल करते हुए कुछ उद्योगपतियों को एकाधिकार स्थापित करने का मौका देने पर है। उनकी सफाई कितनी संतोषजनक है, यह एक अलग सवाल है। लेकिन इस प्रकरण का एक महत्वपूर्ण सकारात्मक पक्ष भी है, जिसे नियमित राजनीतिक तू-तू मैं-मैं के बीच नजरअंदाज कर देना ठीक नहीं होगा। भारतीय राजनीति की एक विशेषता रही है कि चुनावी मुकाबलों और वोट बैंक की खींचतान के बीच भी विदेश नीति, सेना और बिजनेस जैसे क्षेत्रों को इससे अलग रखा जाता रहा है। अपने देश की इंडस्ट्री ने भी हमेशा इसका ख्याल रखा है कि नीतिगत मुद्दों पर अपनी राय रखते हुए भी वह चुनावी लड़ाई से सुरक्षित दूरी बनाये रखे। पिछले कुछ वर्षों में पहली बार वह दूरी समाप्त होती नजर आयी। राहुल गांधी किसी प्रमुख राजनीतिक दल के ऐसे पहले नेता बने, जिन्होंने नाम लेकर कुछ उद्योगपतियों की सरकार से करीबी बताते हुए उनकी खुली आलोचना शुरू की। इससे उद्योग और राजनीति के बीच की सीमा धुंधली हो रही थी, जिससे दीर्घकालिक नुकसान का खतरा पैदा हो रहा था। खुद कांग्रेस की भी छवि उद्योगविरोधी पार्टी की बन रही थी। राहुल गांधी के इस स्पष्टीकरण के बाद अब कांग्रेस की यह जिम्मेदारी होगी कि वह राजनीतिक विरोधियों पर हमला करते हुए या चुनावी आरोप-प्रत्यारोप में उलझते हुए फिर से लाइन क्रॉस करती हुई न दिखने लग जाये।

**राहुल गांधी का कहना है कि न तो वह कॉरपोरेट विरोधी हैं और न किसी उद्योगपति का कहीं निवेश करना गलत मानते हैं। उनकी आपत्ति तो राजनीतिक ताकत का इस्तेमाल करते हुए कुछ उद्योगपतियों को एकाधिकार स्थापित करने का मौका देने पर है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**नयी लॉजिस्टिक्स नीति भारत के गौरव को बढ़ाने की दिशा में नवीनतम पहल है। लॉजिस्टिक्स में 5 'आर' महत्वपूर्ण होते हैं। राइट यानी सही उत्पाद पाना, सही स्थिति में, सही जगह, सही समय पर और सही ग्राहक को मिलना। नई नीति में यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया है कि सभी आर सही हों। यह छोटे किसान, एमएसएमई, बड़ी फैक्ट्रियों और आम आदमी के हित में होगा। यह अर्थव्यवस्था के इंजन को कुछ इस तरह से गति देगा कि करोड़ों नौकरियां पैदा होंगी।**

# चीते की तरह तेजी से दौड़ेगा भारत



**पीयूष गोयल**



भारत को अगले 25 साल में समृद्ध और विकसित देश बनाने के सपने को साकार करने के लिए मोदी सरकार ऐतिहासिक कदम उठा रही है। तीव्र, समान विकास के साथ देश में आमूलचूल बदलाव लाने का लक्ष्य है और इसे हासिल किया जाएगा। वास्तव में, यह परिवर्तन आठ साल पहले शासन में मूलभूत बदलावों के साथ ही शुरू हो गया था, जिसने आम आदमी को सशक्त और विशेष होने का अहसास कराया है। इसके साथ ही भारत दुनिया में एक भरोसेमंद भागीदार के रूप में उभरा, जिसके साथ हर देश बड़ी उत्सुकता से जुड़ना चाहता है।

नयी लॉजिस्टिक्स नीति भारत के गौरव को बढ़ाने की दिशा में नवीनतम पहल है। लॉजिस्टिक्स में 5'आर' महत्वपूर्ण होते हैं। राइट यानी सही उत्पाद पाना, सही स्थिति में, सही जगह, सही समय पर और सही ग्राहक को मिलना। न/१ नीति में यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया है कि सभी 'आर' सही हों। यह छोटे किसान, एमएसएमई, बड़ी फैक्ट्रियों और आम आदमी के हित में होगा। यह अर्थव्यवस्था के इंजन को कुछ इस तरह से गति देगा कि करोड़ों नौकरियां पैदा होंगी, समृद्ध महानगरीय क्षेत्रों और ग्रामीण इलाकों के बीच असमानताओं को खत्म करने में मदद मिलेगी, माल और लोगों की आवाजाही में तेजी आएगी और दक्षता बढ़ने से भारी बचत होगी।

**430 दिनों का इंतजार करना पड़ता है, यदि आप दिल्ली या फिर मुंबई से एक छात्र के तौर पर वीजे के लिए अप्लाई कर रहे हैं।**

यह नीति लॉजिस्टिक्स खर्च को अनुमानित रूप से जीडीपी के 13-14 प्रतिशत से घटाकर इकाई अंक के स्तर पर ले आएगी। यह बचत बहुत बड़ी है। 3 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था में पांच प्रतिशत-प्वाइंट की बचत 150 अरब डॉलर के लाभ के बराबर है, जो भारत के संपूर्ण आउटसोर्सिंग उद्योग के अनुमानित मूल्य के बराबर है। इस उपहार से सबसे बड़ा लाभ छोटे किसानों और बड़ी संख्या में एमएसएमई को होगा क्योंकि कम मूल्य के सामानों का परिवहन खर्च अपेक्षाकृत बहुत अधिक होता है, जबकि रत्नों और गहनों जैसे कीमती सामानों की खेप तो हवाई मार्ग से ले जाने पर भी लाभदायक हो सकती है। परंपरागत रूप से, छोटे किसान अक्सर फलों और सब्जियों को औने-पौने भाव पर बेच देते हैं, क्योंकि खराब होने वाली वस्तुओं में सड़न शुरू होने से पहले इसे खरीदार तक पहुंचना जरूरी होता है। बेहतर लॉजिस्टिक्स के साथ, ऐसी चीजों को शीघ्र ही लंबी दूरी तक भेजा जा सकता है, जिससे इसे नए बाजार मिलेंगे।

बेहतर लॉजिस्टिक्स से आपूर्ति में काफी सुधार होगा और लागत में कमी आएगी। इसका मतलब यह हुआ कि कृषि उपज के खेत से थाली तक के सफर में, पूरा अर्थशास्त्र सुखद रूप से बदल सकता है। इससे किसानों को ज्यादा पैसा मिलेगा और खरीदार को सस्ता खाना मिल सकेगा। प्रत्येक उपभोक्ता की संपूर्ण खरीदारी के संबंध में अलग-अलग स्तर पर भी ऐसा ही होगा क्योंकि जिस चीज का भी उत्पादन होता है, विनिर्माण या निर्माण होता है उसके मूल्य के कम या ज्यादा होने में लॉजिस्टिक्स खर्च एक महत्वपूर्ण घटक होता है। नयी लॉजिस्टिक्स नीति मोदी सरकार की दूसरी प्रमुख पहलों, विशेष रूप से पीएम गतिशक्ति के साथ सामंजस्य स्थापित करती है, यह परिवर्तनकारी पहल डिजिटल रूप से सक्षम प्रणालियों के साथ बुनियादी ढांचा निर्माण की योजना से लेकर कार्यान्वयन को बढ़ावा देती है। डिजिटल सिस्टम से साइलो खत्म होते हैं और डेटा का खजाना एवं कई परतों में जानकारी उपलब्ध हो पाती है। इससे बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की योजना बनाने वालों और कार्यान्वयन के लिए जिम्मेदार लोगों को वन भूमि, रक्षा भूमि, बिजली लाइनों के साथ ही कई अन्य मसलों के बारे में पहले से ही डेटा उपलब्ध हो जाता है जिससे अचानक कुछ ऐसा सामने न आए कि परियोजनाओं में देरी हो।

पीएम गतिशक्ति और नयी लॉजिस्टिक्स नीति भी प्रधानमंत्री मोदी के संपूर्ण सरकार के दृष्टिकोण का उदाहरण है, जो शासन में साइलो (विभागों के बीच समन्वय का अभाव) से छुटकारा दिलाता है। उच्च गुणवत्ता वाली ग्रामीण सड़कों और एक्सप्रेसवे के निर्माण, कंटेनर के वापस आने के समय में सुधार, तेज एवं सुरक्षित रेलवे और समर्पित माल ढुलाई गलियारे जैसी पहलों के साथ ये नीतियां विश्वस्तरीय डिजिटल तकनीक के साथ विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचा सुनिश्चित करेंगी, जिससे विकसित देशों की तरह उत्पादकों, वितरकों और खुदरा ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता वाली सेवा मिले। ये नीतियां उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों के उत्पादन, निर्यात में वृद्धि, दुनिया के साथ व्यापारिक जुड़ाव बढ़ाने, वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनने और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में एक बड़ी भूमिका निभाने के लिए प्रमुख पहलों में योगदान करती हैं। इन सभी पहलों के लिए बेहतर लॉजिस्टिक्स की जरूरत होती है।

यह ध्यान में रखना महत्वपूर्ण है कि जो भी देश समृद्ध हुए हैं वहां तेज आर्थिक विकास और रोजगार सृजन के लिए वैश्विक व्यापार और निर्यात प्रमुख साधन रहे हैं। भारत ने रत्न और आभूषण, चमड़ा और हस्तशिल्प जैसे श्रम प्रधान क्षेत्रों के लिए विकसित बाजारों के दरवाजे खोलने के लिए व्यापार समझौतों का उपयोग करने की रणनीति अपनाई है। बेहतर लॉजिस्टिक्स से निर्यातकों को बहुत अधिक लाभ होता है क्योंकि उनका सामान ज्यादा प्रतिस्पर्धी हो जाएगा और खरीदारों को तेजी से एवं निश्चित समय में पहुंचाया जा सकता है। जैसा, प्रधानमंत्री मोदी ने समीक्षा में पाया कि निर्यातकों को माल ट्रैक और ट्रेस करने के लिए शिपिंग बिल नंबर, रेलवे कंसाइनमेंट नंबर, ई-वे बिल नंबर आदि रखने होते हैं। उन्हें कई अधिकारियों के पास भी जाना पड़ता है। उनकी मदद के लिए एकीकृत लॉजिस्टिक्स इंटरफेस प्लेटफॉर्म शुरू किया गया है। इसके अलावा, लॉजिस्टिक्स नीति के तहत ईज ऑफ लॉजिस्टिक्स सर्विसेज या ईलॉग्स नाम से एक डिजिटल प्लेटफॉर्म भी सामने आने वाली किसी भी समस्या को हल करने में मदद करेगा।

मोदी सरकार के आठ शानदार वर्षों में भारत में लॉजिस्टिक्स में पहले से काफी सुधार हुआ है। कोविड महामारी के चरम पर होने के दौरान देश ने दवाएं, ऑक्सीजन और खाद्यान्न पहुंचाया। डिजिटल इंडिया जैसी दूरदर्शी पहलों ने भारत को महामारी के चरम पर होने के दौरान घर से काम करने की आवश्यकता के अनुकूल बनाने में मदद की। बुनियादी ढांचे और लॉजिस्टिक्स अब भारत को एक विकसित देश बनाने के लिए जरूरी लंबी छलांग लगाने के लिए तैयार हैं। निश्चित ही, नीति बनाने मात्र से यह काम नहीं हो सकता है, लेकिन जैसा प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि 'नीति+प्रदर्शन = प्रगति' हासिल होगी।

नयी नीति की घोषणा उस दिन की गई जिस दिन चीते भारत की धरती पर लौट आये। पृथ्वी पर सबसे तेज चलने वाले जानवर के आगमन ने परिवहन के लिए एक बड़ा संदेश दिया। लॉजिस्टिक्स के लिए अपने संदेश में प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा, ' मुझे उम्मीद है कि आप चीते की रफ्तार से माल पहुंचाएंगे। ' शानदार ट्रैक रिकॉर्ड और प्रदर्शन के आधार पर भारत निश्चित रूप से एक विकसित देश बनने के लिए चीते की तरह आगे बढ़ेगा।

**(लेखक, भारत सरकार के वाणिज्य और उद्योग, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण और वस्त्र मंत्री तथा राज्यसभा में सदन के नेता हैं।)**

# जमशेदपुर की खबरें

## बंगाली समुदाय ने धूमधाम से कोजागरी लक्ष्मी पूजा की

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** बंगाली समुदाय के घरों में शरद पूर्णिमा के अवसर पर कोजागोरी लक्ष्मी पूजा धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही महिलाएं उपवास रहकर मा लक्ष्मी की पूजा अर्चना की। सभी ने मा से परिवार में सुख शांति व समृद्धि का कामना की। पूर्वी सिंहभूम जिले के लगभग बंगाली समुदाय के घरों में कोजागोरी लक्ष्मी पूजा का आयोजन की जाती है।

बाराद्वारी स्थित क्लासिक अपार्टमेंट बी बी/2 के रहने वाले दीपक गांगुली और देबी गांगुली ने आपने आवास में धूमधाम से कोजागरी लक्ष्मी पूजा का आयोजन किया। मौके पर साकची हाई स्कूल 84 बैच के 2 दर्जन से ज्यादा छात्र छात्रा व पड़ोस के लोग शामिल हुए। सभी ने मा कोजागरी लक्ष्मी के पूजा अर्चना कर परिवार में सुख शांति व समृद्धि का कामना की। पुरोहित के द्वारा मंत्र उच्चारण के बाद पूजा संपर्ण कराया गया। इस दौरान सभी बचपन के स्कूल के साथी से मुलाकात कर आनद उठाया। सभी मुलाकात के दौरान एक दूसरे का हालचाल जाना। पूजा अर्चना के बाद सभी एक साथ प्रसाद व खिचड़ी भोग ग्रहण किया।

मौके पर साकची हाई स्कूल 84 बैच के छात्रा देवी गांगुली ने बताया कोजागरी लक्ष्मी का आयोजन प्रत्येक वर्ष घर मे किया जाता है। मां की पूजा अर्चना करने से परिवार में काफी शांति मिलती है। पूजा में स्कूल के छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए। सभी ने एक दूसरे के साथ मुलाकात कर आनंद उठाया।

## मुलायम सिंह यादव का निधन भारतीय राजनीति में अपूरणीय क्षति : कालिंदी



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** देश मे यूपी के राजनीति में पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव का एक अलग पहचान रहा है। उनके निधन होने की सूचना मिलते ही झारखंड सत्तारूढ़ दल के सचेतक सह जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने शोक व्यक्त की। विधायक मंगल कालिंदी ने कहा मुलायम सिंह यादव जमीन से जुड़े नेता थे। उन्होंने राजनीति में लगातार संघर्ष कर मुख्यमंत्री तक का सफर तय किए थे। उन्होंने राजनीति में इतनी लंबी सफर तय की जो आमतौर पर सियासी नेताओं के लिए आसान नहीं होगा। उन्होंने राजनीति के शुरूआत से ही उत्तर प्रदेश की जनता के सेवा करते रहे। उन्होंने लोकनायक जे पी और डॉ. लोहिया के आदर्शों को लोकप्रिय बनाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया था। उनकी पहचान एक साधारण कार्यकर्ता से लेकर सियासी शिखर तक पहुची थी। उन्होंने अपने होनर से खुद की अपनी पार्टी मजबूती से खड़ी कर ली थी। पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव का निधन भारतीय राजनीति में अपूर्णीय क्षति है। इसका भरपाई करना मुश्किल है।

## बेटी की ट्रेनिंग के लिए मां-बाप ने बेचा घर, अब झारखंड के लिए मेडल्स बटोर रही हैं कोमोलिका

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** गुजरात के अहमदाबाद में 36वीं राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में जमशेदपुर की बेटी कोमोलिका ने रजत और कांस्य पदक हासिल कर झारखंड का नाम रौशन किया है। कोमोलिका बारी पर आज झारखंड के हर एक नागरिक को नाज है, लेकिन बहुत कम लोगों को उसकी सफलता के पीछे के संघर्ष और मां-बाप के त्याग की कहानी पता है। झारखंड और जमशेदपुर की बेटी कोमोलिका के माता-पिता ने संघर्ष के साथ बेटी का हौसला बढ़ाया। यहां तक की बेटी को आगे बढ़ाने के लिए बिरसा नगर जमशेदपुर में अपने मकान को बेच दिया, ताकि बेटी को तीरंदाजी के क्षेत्र में आगे बढ़ाया जा सके।

कोमोलिका बारी झारखंड के जमशेदपुर की रहनेवाली हैं और उन्होंने 2012 में आइएसडब्ल्यूपी तीरंदाजी सेंटर से अपने करियर की शुरूआत की थी। तार कंपनी में चार सालों तक मिनी और सब जूनियर वर्ग में शानदार प्रदर्शन के बाद कोमोलिका को 2016 में टाटा आर्चरी एकेडमी में प्रवेश मिला था। टाटा आर्चरी एकेडमी में उन्हें द्रोणाचार्य के रूप में पूर्णिमा महतो और धर्मेंद्र तिवारी जैसे दिग्गज प्रशिक्षकों ने तीरंदाजी के गुर सिखाये। बीते चार सालों में कोमालिका ने डेढ़ दर्जन राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पदक जीते हैं।

कभी चाय की दुकान तो कभी एलआइसी एजेंट का काम करने वाले कोमोलिका के पिता घनश्याम बारी ने अपनी बेटी के सपने को पूरा करने के लिए अपना घर तक बेच दिया था। उनके पिता ने तीन लाख रुपये में धनुष खरीदने के लिए अपना घर बेच दिया था। उनका सपना है कि उनकी बेटी ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करे। कोमोलिका की मां लक्ष्मी बारी एक आंगनबाड़ी सेविका थीं, लेकिन अब घर पर ही हैं। कोमोलिका की मां चाहती थीं कि उनकी बेटी तीरंदाजी को अपना करियर बनाये और इस क्षेत्र में उनका नाम रोशन करे।

अपने मकान बेचे जाने पर लक्ष्मी बारी बताती हैं कि दुख तो है लेकिन बेटी को तीरंदाजी में आगे बढ़ाने के लिए रुपयों की जरूरत थी और इसीलिए घर बेचकर रुपयों को इकट्ठा किया ताकि किसी तरह का कोई परेशानी ना आ पाये। आज वह बेहद खुश हैं कि बेटी आगे बढ़ रही है और बेटी का भी सपना है कि ओलंपिक गेम में भारत नाम रोशन करे। अभी फिलहाल जमशेदपुर के बिरसानगर में किराये के मकान पर कोमोलिका बारी के पिता मां और छोटे भाई रहते हैं. टाटा स्टील की ओर से कोमोलिका टाटा जेआरडी स्टेडियम में तीरंदाजी की अभ्यास में लगी हैं।

### शहर के स्पेशल बच्चों ने किया खूबसूरत मिट्टी के दीये का निर्माण, प्रदर्शनी का उद्घाटन

## स्पेशल बच्चों ने दिखायी प्रतिभा, अपने हुनर पे कर रहे रोजगार : कुणाल षाड़ंगी

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** शहर में दुगार्पूजा के बाद दीपावली की तैयारी शुरू होने लगी है। दीपावली में मिट्टी के दीये का विशेष महत्त्व को देखते हुए शहर के स्पेशल बच्चों ने खूबसूरत मिट्टी के दीये तैयार कर अपने हुनर से प्रतिभा को साबित कर दिया। हालांकि बाजारो में तरह-तरह के दीये उपलब्ध है लेकिन इनके द्वारा बनाया गया दीया जमशेदपुर के लिए कुछ खास है। यह दीये सीधे बाजार में उपलब्ध नहीं हो पायेगा। इसके लिए जीविका फाउंडेशन के पहल पर सोनारी वेस्ट ले आउट में प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। सोमवार को मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता सह पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी,विशिष्ट अतिथि ब्रह्माकुमारी के कोल्हान प्रभारी संजू बहन शामिल हुए। इससे पूर्व जीविका फाउंडेशन के संस्थापक अवतार सिंह तथा सुकदीप सिंह ने सभी अतिथियों को अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर तथा फीता काटकर प्रदर्शनी का विधिवत उद्घाटन किया।

मौके पर कुणाल षाड़ंगी ने कहा स्पेशल बच्चों ने अपने हुनर और प्रतिभा से यह साबित कर दिया प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती। उन्होंने कहा बच्चों ने आर्थिक रूप से मजबूती के साथ-साथ खुद के स्वावलंबन की दिशा में समाज के लिए उदाहरण पेश किया। बच्चे ने दीये और उससे सबंधित वस्तुओं को रंग-रोगन कर एक नये रूप में प्रस्तुत किया। इससे यह साबित होता है इक्षाशक्ति और लगन से इंसान कुछ भी कर सकता है। उन्होंने कहा समाज को मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों को अपनाना चाहिए। ताकि समाज के साथ इनको भी कदम से कदम मिलाकर चलने में सहायता मिल सके। तब जाकर स्पेशल बच्चे भी लोगों के साथ घुल-मिलकर समाज को आगे बढ़ा कर समाज में अपनी पहचान बना सकेगा। कुणाल षाड़ंगी ने लोगों से अपील की दीपावली में स्वदेशी उत्पाद को अपनाएं और सदियों पुरानी परंपरा को अपनाकर इन बच्चों द्वारा मिट्टी से बनाए गए खूबसूरत दीयों व स्थानीय दीयों से अपने घरों को रौशन करें, ताकि इन विशेष बच्चों व उनसे जुड़े लोगों के जीवन में भी रौशनी से भरा जा सके।

जीविका फाउंडेशन बीते 11 वर्षों से मानसिक रूप से अस्वस्थ बच्चों को खेलकूद के माध्यम से उनकी बौद्धिक व शारिरिक क्षमता का विकास कर रही है। शारीरिक प्रशिक्षण के बाद बच्चों को इको फ्रेंडली कामों में जोड़ा जा रहा है। बच्चों को अलग अलग प्रकार के अनेकों कार्य सिखाए जाते हैं। इसके लिए उन्हें विशेष प्रशिक्षण दी जाती है। ताकि वे भी आत्मनिर्भर बन सकें। दीपावली में दीये के अतिरिक्त पेपर बैग, कपड़े के बैग, नैपकिन, बैग के आलावे अन्य कई चीजें हैं जो बच्चों द्वारा तैयार की जाती है। मौके पर प्रख्यात चार्टर्ड एकाउंटेंट राजेश कुमार अग्रवाल, वॉइस ऑफ ह्यूमानिटी के संस्थापक हरि सिंह राजपूत एवं समाजसेवी चंचल भाटिया और फाउंडेशन के सदस्य शामिल रहे।

## झारखंड सरकार की 'आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटा झामुमो

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** आगामी 12 अक्टूबर से राज्य में शुरू हो रहे आपकी योजना सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को सफल बनाने के मुहिम में अब झामुमो भी जुट गई है. सोमवार को जमशेदपुर में एक प्रेस कांफ्रेंस के जरिये पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता मोहन कर्मकार ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 12 तारीख से शुरू हो रहे इस कार्यक्रम में पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता, नेता और विधायक शामिल होंगे और अपने-अपने क्षेत्र के लाभुकों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने में सहयोग करेंगे। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि उक्त कार्यक्रम में सुविधानुसार पार्टी के स्थानीय विधायक भी शामिल होंगे। साथ ही उन्हें लाभ दिलाने का काम करेंगे, ताकि सरकार का यह अभियान सफल हो सके. प्रेस कांफ्रेंस में जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सह घाटशिला विधायक रामदास सोरेन आदि मौजूद रहे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### महायज्ञ के लिए जीयर स्वामी को आमंत्रित करने बलिया पहुंचे पूर्व विधायक का किया गया सम्मान



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** भारतवर्ष के महान मनीषी संत श्री त्रिदण्डी स्वामी जी महाराज व उनके कृपापात्र शिष्य श्री लक्ष्मीप्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज को चातुर्मास्य व्रत एवं महायज्ञ के निमित्त आमंत्रित करने के लिये बलिया पहुंचे पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव एवं युवराज राजेश प्रताप देव को सम्मानित किया गया। यज्ञ समिति के प्रमुख संरक्षक सह यूपी के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने श्री जीयर स्वामी जी महाराज की मौजूदगी में पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव एवं युवराज राजेश प्रताप देव को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। उस मौके पर दिल्ली के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद मनोज तिवारी, यज्ञ समिति के अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद नीरज शेखर, यज्ञ समिति के संरक्षक कमलेश सिंह आदि मौजूद थे।

### महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह का आयोजन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला अग्रवाल समाज के तत्वावधान में महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह का आयोजन बंधन मैरिज हॉल में मनाया गया। इस अवसर पर सभागार परिसर में झंडोत्तोलन कर महाराजा अग्रसेन व कुलदेवी मां लक्ष्मी की पूजन आरती की गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ आगत अतिथियों को मंचासीन कर दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों के रूप में नामधारी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ धर्मचंद्र अग्रवाल व कृषि विकास शाखा भारतीय स्टेट बैंक के प्रबंधक श्वेता अग्रवाल, सेवानिवृत्त शिक्षक सरजू प्रसाद अग्रवाल, राय कुमार अग्रवाल, डॉ रागिनी अग्रवाल सहित गणमान्य लोगों का स्वागत समाज के अध्यक्ष विनोद शंकर अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से बच्चों द्वारा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, आजादी के अमृत महोत्सव पर चित्रकला, चुटकुला, कविता पाठ का आयोजन किया गया। महिला एवं पुरुष वर्गों के बीच स्वर प्राइस शेष रवि अग्रवाल दीपाली अग्रवाल द्वारा आयोजित किया गया। युगल जोड़ी के बीच बिंदी चिपकाना, माला पहनाकर फोर गेम राखी चारना, बैलून फोड़ने, कुर्सी दौड़ प्रमुख था। महिलाओं द्वारा युवा जोड़ी के रूप में गरबा नृत्य का आयोजन किया गया। इस सफल आयोजन में मुख्य रूप से सचिव रामप्रताप अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल, कमलेश अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, उमेश अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, अशोक, अरुण, अमित, धनंजय, अनीता, रीना, नीतू अग्रवाल सहित कई अग्रवाल बंधु व महिलाएं उपस्थित थीं। कार्यक्रम का सफल संचालन आशीष अग्रवाल ने किया।

### भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** मां दुर्गा पूजा समिति बिशुनपुर के द्वारा नवादा मोड़ स्थित उत्सव गार्डन में भव्य भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री सह विधायक गिरिनाथ सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी राज महेश्वरम, अंचला अधिकारी मयंक भूषण, सदर थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत, समाजसेवी राकेश पाल, विधायक प्रतिनिधि कंचन साहू, रेखा चौबे, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष अनिता दत्त ने दीप प्रज्वलित कर किया। मंच संचालन कर रहे मां दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष अनिल सोनी ने सभी अतिथियों को मां दुर्गा की चुनरी ओढ़ाकर एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। साथ ही भव्य भक्ति जागरण में अपने मधुर आवाजों से समा बांधने आये सुप्रसिद्ध भोजपुरी गायिका निशा उपाध्याय एवं उनके सहयोगी सभी टीम के लोगों को सम्मानित कर कार्यक्रम की शुभारंभ की। वहीं पूर्व विधायक सत्येंद्र तिवारी भी भक्ति जागरण में पहुंचे, जहां पूजा समिति के अध्यक्ष ने चुनरी उड़ा कर सम्मानित किया। भव्य भक्ति जागरण में देर रात तक श्रोता झूमते रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में मां दुर्गा पूजा समिति के सक्रिय सदस्य अनिल सोनी, संजय सिंह, विकास जयसवाल, हिमांशु केशरी, धीरज सोनी, सूरज कश्यप, रोशन देव सिंह, अजीत जयसवाल, हृदयानंद पाठक, बड़ू सेन गुप्ता, आनंद सागर, अजीत चंद्रवंशी कार्यक्रम को सफल बनाने में लगे रहे।

## विवाद : आदिम जनजाति युवकों पर दबंगई दिखाने वाले मुखिया सहित आठ पर एफआइआर

# प्रशासन त्वरित कार्रवाई करे अन्यथा जिला मुख्यालय का घेराव करेंगे : जिला अध्यक्ष

> पांच आदिम जनजाति के युवकों को बांधकर पिटाई करने तथा बाल मुंडन करने के मामले में गिरफ्तारी के लिए छापामारी अभियान चलाया जा रहा है : थाना प्रभारी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** जिले के चिनियां थाना क्षेत्र अंतर्गत पाल्हे गांव में बेता पंचायत के मुखिया द्वारा दबंगई का परिचय देते हुए पांच आदिम जनजाति के युवकों को बांधकर पिटाई करने तथा बाल मुंडन करने का मामला प्रकाश में आया है।

घटना की पुष्टि करते हुए चिनियां के थाना प्रभारी बिरेंदर हंसदा ने बताया कि इस मामले में मुखिया परमेश्वर सिंह समेत आठ लोगों के विरुद्ध पीड़ितों द्वारा प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। जिनकी गिरफ्तारी के लिए छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। पीड़ितों में दिनेश कोरवा, विनोद कोरवा, अजय कोरवा गंगा कोरवा तथा रूपेश कोरवा के नाम शामिल हैं। सभी पाल्हे गांव निवासी हैं। पीड़ित विनोद कोरवा ने बताया कि दुर्गा माता की फोटो ले रहे थे, तभी हमको वहां से कोरवा जाति कह कर मंडप से धकेल कर बाहर निकाल दिया गया। जिसके बाद गांव के ही गंगा कोरवा, रुपेश कोरवा, दिनेश कोरवा पहुंचे तथा बीच बचाव करने पर उनके साथ भी मारपीट की गयी एवं गाली गलौज भी किया गया। उसके बाद छह अक्टूबर को विसर्जन के दौरान भी गंगा कोरवा को उसी गांव के मनोज यादव ने पिटाई की। इतना होने के बाद भी दूसरे दिन गुरुवार को पंचायत के मुखिया रामेश्वर सिंह, बंधु यादव, मनोज यादव पाल्हे, मनोज यादव सिदे ने सभी पांचों लोगों को मीटिंग का बहाना कर बुलाया तथा सभी को रस्सी से हाथ बांधकर बेरहमी से पिटाई की गयी और बाल का आधा हिस्सा का मुंडन किया गया व मोबाइल से वीडियो बनाया गया। वहीं बीच बचाव के लिए मौके पर पहुंचे दिनेश कोरवा को सिर पर गहरी चोट भी लगी है।

आदिम जनजाति के जिला अध्यक्ष नन्हेश्वर कोरवा ने कहा कि बेवजह कोरवा आदिम जनजाति के युवकों को पिटाई की गई है। छुआछूत की भावना से तथा जाति सूचक शब्द का प्रयोग कर गाली-गलौज किया गया है। दुर्गा माता की प्रतिमा में छुआछूत को लेकर सारा मामला हुआ है। सिर का बाल का मुंडन किया गया है। प्रशासन इसमें त्वरित कार्रवाई करे अन्यथा हमलोग बाध्य होकर जिला मुख्यालय का घेराव करेंगे।

थाना प्रभारी वीरेंद्र हांसदा से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि मामले का आवेदन प्राप्त हुआ है। जिसके आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है तथा इस मामले में संलिप्त लोगों की जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

उधर पंचायत के मुखिया रामेश्वर सिंह से पूछे जाने पर बताया कि उक्त युवकों द्वारा शराब पीकर बदमाशी की जा रही थी, इसलिए बांधकर पिटाई की गयी है।

उधर पीड़ित युवक काफी डरे हुए थे। इस मामले को लेकर डर के मारे थाने नहीं पहुंच रहे थे। लेकिन गांव के सहयोग से थाना पहुंचे तथा बेता मुखिया रामेश्वर सिंह व बेता के ही बंधु यादव, मनोज यादव तथा सीदे गांव के मनोज यादव पर प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।

# अकाल की चपेट में है जिला, अविलंब राहत कार्य चलाये सरकार : सत्येंद्रनाथ

> पूर्व विधायक ने डीसी से मिलकर राज्य सरकार से पत्राचार कर जिले में राहत कार्य चलाने का किया आग्रह



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा जिला पूरी तरह अकाल की चपेट में है। अकाल के कारण अब लोगों के समक्ष खाने को लाले पड़ने लगे हैं। उक्त बातें भाजपा के पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी ने कही। वह सोमवार को क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं को लेकर डीसी से मिलने पहुंचे थे। डीसी से मिलकर बाहर निकले पूर्व विधायक ने कहा कि गढ़वा-रंका विधानसभा क्षेत्र सहित संपूर्ण गढ़वा जिला अकाल भयावहता से जूझ रहा है। राज्य सरकार सिर्फ कागजों पर घोषणा कर रही है। कागज में सुखाड़ घोषणा कर देने से किसी गरीब का पेट नहीं भरेगा। राज्य सरकार को धरातल पर राहत कार्य चलाकर लोगों को सुविधा प्रदान तत्काल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार से अविलंब लोगों के बीच राहत कार्य चलाकर सुविधा प्रदान करने की मांग की है। ऐसा नहीं करने पर पूर्व विधायक ने एक सप्ताह के बाद क्षेत्र और जिलेवासियों के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन करने की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि जिले के डीसी पूरी तरह संवेदनशील हैं। उन्होंने भी राज्य सरकार से पत्राचार कर जिले में राहत कार्य चलाने के लिए आग्रह करने की बात कही है।

पूर्व विधायक ने कहा राशन वितरण में भी बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की शिकायत सामने आ रही है। इस अकाल की स्थिति में पूरी सजगता के साथ राशन वितरण कराना चाहिए। लेकिन राशन वितरण के गड़बड़ी करने में शामिल लोग स्थानीय जनप्रतिनिधि के सह पर आपदा में भी अवसर तालाशने का काम कर रहे हैं। अकाल के कारण लोगों का पलयान शुरू हो चुका है। मनरेगा योजना में मजदूरों का बकाया भुगतान नहीं हो रहा है। बड़े पैमाने पर गांव स्तर पर मनरेगा सहित अन्य योजनाएं चलाकर लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने की आवश्यकता है। बालू के अभाव में विकास कार्य बंद हो गया है।

## विशेष केंद्रीय सहायता योजना के तहत बनाये जा रहे भवनों का कार्य तीन सप्ताह के अंदर पूर्ण करें : डीसी

> कहा- सदर अस्पताल अंतर्गत प्रयोगशाला विभाग एवं महिला वार्ड का निर्माण होने से स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर होंगी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** उपायुक्त गढ़वा रमेश घोलप की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में विशेष केंद्रीय सहायता (एससीए) योजना से संबंधित बैठक की गई। बैठक में सदर अस्पताल गढ़वा में पूर्व से स्वीकृत योजना के तहत प्रयोगशाला विभाग एवं महिला वार्ड के निर्माण संबंधी जानकारी प्राप्त की गई। उपायुक्त श्री घोलप द्वारा एससीए योजना के तहत बनाए जा रहे उपरोक्त भवनों को तीन सप्ताह के अन्दर निर्माण कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। आधारभूत संरचना हेतु अतिरिक्त 8 लाख की राशि स्वीकृत करते हुए बचे हुए सभी शेष कार्य 1 नवंबर 2022 से पूर्व करने हेतु निर्देशित किया गया। मौके पर उपस्थित कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल को अपने देखरेख में कार्य पूर्ण कराने हेतु विशेष निर्देश दिया गया। सदर अस्पताल अंतर्गत प्रयोगशाला विभाग एवं महिला वार्ड के निर्माण होने के उपरांत स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर होंगी। उक्त बैठक में सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार सिंह, कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग प्रेमलाल सिंह एवं जिला योजना पदाधिकारी संजीव कुमार सिंह उपस्थित थे।

### मुलायम सिंह यादव के निधन पर रामचंद्र केशरी ने जताया शोक

**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** समाजवादी पार्टी के नेता उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री सह भारत सरकार के पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव के निधन पर भाजपा नेता एवं पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी ने शोक व्यक्त किया है। शोक व्यक्त करते हुए रामचंद्र केसरी ने कहा कि मुलायम सिंह यादव गरीबों, वंचितों, शोषितों, पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों, किसानों की आवाज थे। उन्होंने अपना जीवन इन लोगों के हक दिलाने के लिए संघर्ष में बिताया है। लोहिया जी और कर्पूरी जी के विचार धाराओं को आगे बढ़ाने वाले मुलायम सिंह यादव गरीबों, किसानों, वंचितों और शोषितों के दिल में बसते थे। उनकी मृत्यु के बाद एक युग की समाप्ति हो गई है। श्री केसरी ने कहा कि मुलायम सिंह यादव का कई बार सान्निध्य मिलने का अवसर प्राप्त हुआ। मुलायम सिंह यादव की मृत्यु पर उनके परिजनों को ईश्वर दुख सहने की शक्ति प्रदान करें।

### बंशीधर नगर बीडीओ ने सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की सफलता को लेकर की बैठक



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** बीडीओ श्रवण राम ने सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की सफलता को लेकर सोमवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार में सभी प्रतिनिधियों व कर्मियों के साथ बैठक की। बैठक में बीडीओ ने सभी प्रतिनिधियों एवं कर्मियों से सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में सभी प्रतिनिधियों व सभी विभागों के प्रतिनिधियों को उपस्थित रहना आवश्यक है। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को सरकार के द्वारा संचालित सभी योजनाओं की जानकारी देना है तथा उसका लाभ भी इस कार्यक्रम के माध्यम से लोगों तक पहुंचना है। बीडीओ ने कहा कि कार्यक्रम में नया ग्रीन राशन कार्ड, पशु विकास की योजना, सर्वजन पेंशन योजना, मनरेगा के तहत पांच-पांच योजना स्वीकृत करना, 15 वें वित्त से शत प्रतिशत योजनाओं को स्वीकृत करना, धोती, साड़ी तथा कंबल का वितरण करना, केसीसी का आवेदन प्राप्त करना, लंबित आवेदन का निष्पादन करना, केसीसी कार्ड का वितरण करना, भू लगान, भू राजस्व के मामलों का निपटारा करना, ई श्रम तथा प्रवासी मजदूरों को निबंधित करना, पीडीएस के तहत आधार लिंक करना, बिजली तथा पेयजल से संबंधित मामलों का निष्पादन किया जायेगा। इन सभी योजनाओं के लिये अलग अलग स्टाल लगाया जायेगा। बैठक में बीस सूत्री के प्रखंड अध्यक्ष शैलेश चौबे, उपाध्यक्ष ईश्वरी चौधरी, प्रमुख उर्मिला देवी, उप प्रमुख गणेश प्रताप देव, सीओ अरुण कुमार मुंडा, अनुमंडल अस्पताल की डीएस डॉ सुचित्रा कुमारी, बीईईओ विजय पांडेय, प्रखंड समन्वयक पंचायत राज कौशल कुमार, प्रखंड समन्वयक पीएम आवास स्नेहा सिंह, प्रधान सहायक अनिल सिंह, पंचायत सेवक वीरेन्द्र कुमार सिंह, नंद कुमार मेहता, महिला पर्यवेक्षिका माया गुप्ता, मुखिया मनोज ठाकुर, फिरदोस अंसारी, उषा देवी, रेखा देवी, सिविष्टयानी केरकट्टा सहित सभी प्रतिनिधि व कर्मी उपस्थित थे।

## आरएसएस ने शरद पूर्णिमा उत्सव मनाया



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भवनाथपुर की ओर से सरस्वती शिशु विद्या मंदिर टाउनशिप में शरद पूर्णिमा उत्सव मनाया गया। इस दौरान सह जिला कार्यवाह विनोद प्रजापति, उपप्रमुख पिंटू टोपनो एवं डीएवी के संस्कृत शिक्षक प्रवीण पांडे बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आये लोगों ने राज मोहन यादव उपेंद्र सोनी धर्मेन्द्र चौबे एवं अंकित चौबे के नेतृत्व में खेलकूद का आनन्द लिया। बौद्धिक कार्यक्रम के दैरान वक्ताओं ने कहा कि हमारे जीवन में शरद पूर्णिमा का बड़ा महत्व है। शारदीय नवरात्रि की समाप्ति के पश्चात वर्ष के 12 महीनों में आज का दिन ऐसा है जो तन मन और धन तीनों के लिए श्रेष्ठ होता है। इस दिन चंद्रमा की किरणों से अमृत की वर्षा होती है। केवल शरद पूर्णिमा में ही चंद्रमा अपनी सोलह कलाओं से संपूर्ण होती है और पृथ्वी के सबसे ज्यादा निकट भी रहती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मधुसूदन पाठक, व्यवस्था संचालन डॉ जी प्रसाद ने की। मौके पर अमरेंद्र मिश्र, निरंजन पाठक, विनय गुप्ता, अंकित गुप्ता, सुरेश जी, विपिन जी सहित सैकड़ों स्वयंसेवक उपस्थित थे।

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,
जिला नियोजनालय खूँटी

महत्वपूर्ण सूचना

श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा राज्य के निजी क्षेत्र में नियोजन हेतु आरक्षण का प्रावधान करने के लिए झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीद्वारों का नियोजन अधिनियम, 2021 एवं नियमावली 2022 अधिसूचित कर दिया गया है। झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीद्वारों का नियोजन नियमावली 2022, 12 सितम्बर 2022 को ई–गजट में प्रकाशित हुआ है एवं तदालोक में झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीद्वारों का नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022 गजट प्रकाशन की तिथि से प्रभावी हो गया है।

अतः खूँटी जिला अन्तर्गत वैसे सभी प्रतिष्ठान जिनके यहाँ 10 या 10 से अधिक कार्यबल हैं, को सूचित किया जाता है कि वे झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीद्वारों का नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022 का अनुपालन करना सुनिश्चित करेंगे।

ह०
जिला नियोजन पदाधिकारी,खूँटी

PR 279481 Labour Employment and Traning(22-23).D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी।
अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–20, वर्ष 2022–23

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी, ।
2. निविदा विपत्र की बिक्री की तिथि :– दिनांक–17.10.2022 को 11.00 बजे पूर्वाहन् से 3.00 बजे अपराहन् तक ।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक–18.10.2022 के 11.00 बजे पूर्वाहन् से 3.00 बजे अपराहन् तक ।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक–18.10.2022 के 3.30 बजे अपराहन्।
5. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी
6. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी, पोस्ट ऑफिस के बगल में।
7. कार्य की विस्तृत विवरणी निम्नवत् है :–

विषेष केन्द्रीय सहायत मद

| ग्रुप सं0 | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राषि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अड़की | डोल्डा–बीरबांकी मेन रोड से चलकद ग्राम तक पी0सी0सी0 पथ का निर्माण कार्य। | 49,99,681/– | 1,00,000/– | 5000/– | 03 माह |

विस्तृत जानकारी के लिए निविदा की शर्त कार्यालय के सूचना पट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी।

PR 279466 Rural Development(22-23)D

## बैठक : झामुमो जिला कमेटी ने 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर किया विचार-विमर्श

# कार्यक्रम की सफलता के लिए प्रखंड प्रभारी किये गये मनोनीत

> सबसे अधिक आवेदन जमा कराने वाले प्रखंडों को किया जायेगा पुरस्कृत : अध्यक्ष



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** झामुमो जिला कमेटी की विशेष बैठक जिलाध्यक्ष तनवीर आलम खान की अध्यक्षता में कल्याणपुर स्थित मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर की गई। बैठक में 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम में अधिक से अधिक लाभुकों की हिस्सेदारी सुनिश्चित कराने, पार्टी के सदस्यता अभियान को सुचारू रूप से चलाने, हर मतदान केन्द्र तक सदस्यता अभियान को सुचारू रूप से संपन्न कराने पर विचार विमर्श किया गया। विगत दिनों चलाये गए सदस्यता अभियान की समीक्षा की गई। जिलाध्यक्ष तनवीर आलम खान ने कहा कि 12 अक्टूबर से 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम चलाया जा रहा है। सभी पार्टी कार्यकर्ताओं को इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लग जाना चाहिए। कार्यक्रमों के आयोजन स्थल पर झामुमो कमेटी के पदाधिकारी झंडा-बैनर लगाकर रहेंगे तथा अधिक-से-अधिक लोगों को विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन जमा करायेंगे। सबसे अधिक आवेदन देने वाले प्रखंडों को पुरस्कृत भी किया जायेगा। जिला सचिव मनोज ठाकुर ने कहा कि 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम की सफलता के लिए झामुमो के सभी पदाधिकारी, प्रखंड अध्यक्ष तत्काल लग जायें। 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम की सफलता के लिए सर्वसम्मति से प्रखंड प्रभारियों का मनोनयन किया गया।

बैठक में झामुमो जिला कमेटी में विशेष आमंत्रित सदस्यों को मनोनीत किया गया है। मनोनीत विशेष आमंत्रित सदस्यों के नाम निम्न प्रकार है- अनंत प्राताप देव, तुलसी सिंह खरवार, मो. ताहिर अंसारी, मो. मदनी खान, परेश कुमार तिवारी, मो. नसीम अख्तर, सुनील किस्पोटा, अशर्फी राम, मुकेश कुमार सिंहा, अनुज दूबे तथा प्रेमचन्द्र तिवारी। बैठक में मो. हिफाजत अंसारी, भीखम चन्द्रवंशी, विकास सिंह कुशवाहा, चंदन ठाकुर, नागेन्द्र सिंह, अमर राम, अभिजीत किशोर सोनू, अर्जुन मिंज, कामेश्वर सिंह, धीरेन्द्र कुमार यादव, जयगोपाल यादव, हरिदास तिर्की, ग्यासुद्दीन अंसारी, राम विचार साहू, मुकेश सिन्हा, संदीप गुप्ता, सच्चिदानंद त्रिपाठी, राजेश मेहता, कामेश्वर चौधरी, फुजैल अहमद, दिनेश गुप्ता, राजेश बैठा, आशीष गुप्ता, मुन्ना ठाकुर, लल्लू राम सहित झामुमो के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### इन्हें बनाया गया प्रखंड प्रभारी

गढ़वा- विनोद चन्द्रवंशी, उमेश सिंह, मेराल- शरीफ अंसारी, चिनियां- अहमद अली, रंका- संजय सिंह छोटू, रमकण्डा- जेपी मिंज, डण्डा- अंजलि गुप्ता, विद्यापति भुईयां, भण्डरिया- अयूब मंसूरी, बड़गड़- सुनिल किस्पोटा, मझिआंव- आलमगीर अंसारी, बरडीहा- असर्फी बैठा, कांडी- अजय वर्मा, खरौंधी- लल्लू राम, केतार- कामता प्रसाद, भवनाथपुर- धर्मराज पासवान, नगरउंटारी- मुक्तेश्वर पाण्डेय, रमना- निर्मल पासवान, डण्डई- सुरेन्द्र गुप्ता, विशुनपुरा- शम्भू चन्द्रवंशी, सुदेश्वर राम, सगमा- जानकी सिंह, धुरकी- शैलेश यादव।

## हाइवा और कार की टक्कर में एक घायल



पिपरवार (आजाद सिपाही)। पिपरवार थाना क्षेत्र के होशिर मीडिल स्कूल के समीप सोमवार की दोपहर हाईवा डंपर और मारुति वैन के बीच भिड़ंत हो गई, जिसमें मारुति वैन के परखच्चे उड़ गए। जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी पहचान अनिश शर्मा (40) के रूप में हुई है। वह खलारी का रहने वाला है। स्थानीय ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। खबर पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल व्यक्ति को इलाज के लिए बचरा क्षेत्रीय अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर उपचार के लिए रांची रेफर कर दिया गया। इस संबंध में पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार ने बताया कि घटना के बाद हाईवा डंपर को जब्त कर लिया गया है। पूरे मामले की जांच कर रही है।

### ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं को लेकर बैठक में विधायक ने दिया आश्वासन

# चोकेसेरेंगवासियों को पेयजल की समस्या से जल्द ही मिलेगी निजात: सुदेश महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिल्ली।** सिल्ली के चोकेसेरेंग वासियों को पेयजल की समस्या से जल्द ही निजात मिलेगी। इसके लिए विभागीय पहल शुरू हो गयी है। ये बातें विधायक सुदेश कुमार महतो ने कही। वे सोमवार को चोकेसेरेंग गांव में ग्रामीणों के साथ बैठक के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि गांव के समीप स्वर्णरेखा नदी से ग्रामीणों को पेयजल की सुविधा मुहैया कराया जाना है। इसके लिए अति शीघ्र विभागीय काम शुरू होगा। गांवों में पेयजल की सुविधा के साथ ही सभी सड़कों को मुख्य सड़क से जोड़ना एवं बिजली उपलब्ध कराना उनका लक्ष्य है। सड़क निर्माण एवं मरम्मती के लिए ग्रामीण बैठक कर सड़कों को चिन्हित करें, ताकि प्राथमिकता के आधार पर सड़कों का निर्माण एवं मरम्मती किया जा सके। सिंचाई के लिए बिजली की व्यवस्था हो इसके लिए विभागीय सर्वे करा कर विद्युत कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। विकास कार्य बाधित ना हो इसके लिए उन्होंने ग्रामीणों को एकजुट रहने का आग्रह किया। वहीं, ग्रामीणों ने गांव के विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। विधायक ने ग्रामीणों की सभी समस्याओं पर जल्द निराकरण करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम से पूर्व ग्रामीणों ने ढोल नगाड़ा बजा कर एवं फूल माला पहनाकर परंपरिक रीति रिवाज से विधायक का स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता धनंजय महतो एवं संचालन विधान महतो ने किया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि जयपाल सिंह, रांची जिला परिषद के उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, सिल्ली प्रमुख जितेंद्र बढ़ाईक, उप प्रमुख, आरती देवी, सुचन्द महतो, सुरेंद्र महतो, हरिचरण महतो, भरत महतो, गणेश महतो, प्रतिमा देवी, कविता देवी, सुनीता देवी निर्मला देवी, अरविंद महतो, रघुनाथ महतो आदि थे।



ग्रामीणों को संबोधित करते विधायक सुदेश महतो।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### राहे में कुआं में तैरता मिला महिला का शव



राहे (आजाद सिपाही)। ओपी क्षेत्र के दोकाद पंचायत अंतर्गत डोमनडीह गांव स्थित मोदियाकोचा टोला के एक कुएं से सोमवार को 34 वर्षीय महिला का शव बरामद हुआ। उसकी पहचान सुकरमनी देवी के रूप में हुई है। महिला के पति सदानंद पाहान ने कहा कि उसकी पत्नी शनिवार की शाम से लापता थी। इसकी जानकारी उसके मैयके वालों को दे दी गई थी। संभवत: उसी दिन उसने कुएं में छलांग लगा कर आत्महत्या कर ली होगी। इस संबंध में राहे के एसआई आशिष सोनल कुजूर ने कहा कि शव को कब्जे में लेकर आवश्यक करवाई के बाद पोस्टमार्टम में भेजा जायेगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असल कारणों का पता चल सकेगा। उधर, कुएं से शव को निकलने में आजसू प्रखंड अध्यक्ष रंगबहादुर महतो, उप प्रमुख उमेश महतो, पूर्व मुखिया राजकिशोर मुंडा, झामुमो के वरीय नेता देवगुण महतो ने सहयोग किया।

### प्रशिक्षण केंद्र सह लाह प्रोसेसिंग इकाई का उद्घाटन



राहे (आजाद सिपाही)। झारखंड सामाजिक कल्याण संस्थान में आजीविका और उद्यम विकास कार्यक्रम (एलइडीपी) के अंतर्गत कोलमा गांव में चल रहे लाह प्रोसेसिंग एवं मूल्यर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ और झारखंड सामाजिक कल्याण संस्थान से संचालित प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन डॉ श्रीकांत कुमार जिला अग्रणी प्रबंधक, रांची, डीटी लुगुन जिला विकास प्रबंधक, नाबार्ड, सुभोजीत चक्रवर्ती विकास प्रबंधक, नाबार्ड, संस्था के सचिव भुवनेश्वर महतो ने किया। इस मौके पर डॉ श्रीकांत कुमार ने कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से महिलाएं स्वरोजगार से जुड़ें और अपनी आय में वृद्धि करें। जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड के डी टी लुगुन ने कहा कि लाह के मूल्यवर्धन से आमदनी में काफी वृद्धि होगी। इस अवसर पर संस्था के सचिव भुवनेश्वर महतो, प्रशिक्षक रमेश चंद्र कुमार, भृगुराम लोहरा, परमानंद महतो, सीआरपी पार्वती देवी, वार्ड पार्षद बी देवी, पूर्णचंद्र अहिर, सुखनंदन अहिर, लखविंदर अहिर, सृष्टिधर महतो, नरसिंह लोहरा आदि समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### अंचल अधिकारियों के उदासीन रवैये के चलते जाति प्रमाण पत्र बनाने में हो रही परेशानी



डकरा (आजाद सिपाही)। खलारी प्रखंड अंतर्गत चूरी दक्षिणी पंचायत के अंबाटोंगरी गांव में आदिवासी लोहरा समाज की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता सुकरा लोहरा ने की। इसमें आदिवासी लोहरा समाज के जाति प्रमाण पत्र निर्गत नहीं होने को लेकर विशेष रूप से चर्चा की गई। बताया गया कि सरकार व जिले के वरीय अधिकारियों के निर्देशानुसार ग्रामसभा कर आदिवासी लोहरा समाज का जाति प्रमाण पत्र बनाना है, लेकिन अंचल के अधिकारियों के उदासीन रवैये के कारण जाति प्रमाण पत्र कई महीनों से नहीं बन पा रहा है। इससे समाज के युवा वर्ग, पढ़ाई करने वाले छात्रों व नौकरी समेत कई जरूरी कार्यों में पिछड़ते जा रहे है। आरक्षित वर्ग होने के बावजूद आरक्षण के लाभ से वंचित रह जा रहे हैं। इस दौरान बैठक में आदिवासी लोहरा समाज के सभी लोगों से संगठित होकर अपने अस्तित्व को बचाने के लिए 27 अक्टूबर को रांची पुराना विधानसभा के समक्ष धरना देते हुए हक की लड़ाई लड़ने की बात कही। बैठक में बिनोद कुमार लोहरा, राधामोहन लोहरा, राकेश लोहरा, मोहन लोहरा, फुलेश्वर लोहरा, संजय लोहरा, सुरेश लोहरा, दिनेश्वर लोहरा, छबिश लोहरा, गीता देवी, राधिका देवी, सोनी देवी, धनेश्वर लोहरा, मुन्नू देवी सहित अनेकों लोहरा जाती के लोग शामिल हुए।

### मानसिक रोगी से कानूनी हक व जीने का अधिकार छीना नहीं जा सकता : मनोरंजन



खूंटी (आजाद सिपाही)। जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से सदर अस्पताल में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर सोमवार को विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। डालसा सचिव मनोरंजन कुमार ने कहा कि हम सब भले ही ऊपर से स्वस्थ दिखाई देते हैं, लेकिन वास्तव में क्या हम सब मानसिक रूप से स्वस्थ हैं, यह बहुत ही गंभीर विषय है। यह दिवस दुनियाभर में लोगों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए है। हमें यह सुनिश्चित करना है कि हम मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति के प्रति सहानुभूति का व्यवहार रखें और उसे कानूनी रूप से सहायता करें। उसके जीवन का अधिकार से उससे वंचित न किया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने शीला बरसा बनाम भारत संघ में यह आदेश दिया था। यह व्यवस्था दी थी कि कोई भी मानसिक रोगी से उसके कानूनी हक और जीने का अधिकार छीना नहीं जा सकता। मौके पर सदर अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ अजित खलखो, अन्य चिकित्सा पदाधिकारी, पैनल अधिवक्ता मुकुल कुमार पाठक, पारा लीगल वालंटियर आदि उपस्थित थे।

### डकरा परियोजना में काली पूजा समिति का गठन

खलारी (आजाद सिपाही)। श्रीश्री काली पूजा समिति डकरा की बैठक परियोजना अभियंता मोहन कुमार की अध्यक्षता में हुई, जबकि संचालन लोकनाथ राणा ने की। बैठक में कामगार एवं अधिकारी उपस्थित हुए। इस दौरान सर्वसम्मति से काली पूजा मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही अधिकारी से एक हजार का सहयोग राशि एवं सभी कामगारों से 500 सहयोग राशि कराने का निर्णय लिया गया। पूजा समिति संचालन के लिए निम्न पदाधिकारियों का चुनाव किया गया। जिसमें अध्यक्ष लोकनाथ राणा, खान प्रबंधक डकरा, उपाध्यक्ष कमल किशोर गोगवानी, सहायक प्रबंधक, मुख्य संरक्षक परियोजना पदाधिकारी जे अब्राहम, सहायक संरक्षक नरेश करमाली, लिपिक,सचिव टूपा महतो, कोषाध्यक्ष रंजीत प्रसाद केशरी, सहायक भंडार पाल, उपाध्यक्ष बसंत उरांव, अभिनव चिरंजीवी, संतोष चौबे, राजू गंझू, हजारी बाबू, पूजा सहायक श्री जय मंगल सिंह, रबिंदर गोसाई, ठाकुर दास करमाली, मधु गंझु, कृष्णा कुमार, प्रभु गंझु, प्रसाद वितरण में सदस्य के रूप में बिरजू महतो, सुरेन्द्र प्रसाद, कुलेश्वर गंझू, बंदो उरांव, मोहनी देवी, कुमारी मेगी नायक, ललिता कुमारी, जय प्रकाश महतो का नाम शामिल है।

## तमाड़ की खबरें

### कांग्रेस की बैठक में सिल्ली प्रखंड कमेटी का हुआ पुनर्गठन, भारत जोड़ो अभियान चलाने का निर्णय

सिल्ली (आजाद सिपाही)। संगठन सशक्तिकरण अभियान के तहत सोमवार को सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता नवनियुक्त प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार महतो ने की। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता डॉ राकेश किरण महतो और जिला उपाध्यक्ष नागेन्द्र नाथ गोस्वामी शामिल हुए। बैठक में सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कमेटी के संगठन को सशक्त एवं रणनीति बनाई गई। जिसमें सर्वसम्मति से प्रखंड कमेटी का पुनर्गठन किया गया, जिनका सम्मान समारोह 16 अक्टूबर को किया जाएगा। बैठक में प्रखंड क्षेत्र में भी भारत जोड़ो अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। बैठक में झारखंड की झामुमो-कांग्रेस सरकार द्वारा 12 अक्टूबर से चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजना आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम से जनता को लाभ दिलवाने का कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया गया। इस मौके पर नागेश्वर महतो, विकास रजक, गुहीराम महतो,देवाशीष दत्ता, सहदेव बेदिया, शालीग्राम बेदिया, घासीराम पातर, शिवचरण महतो, महावीर महतो, शहाबुद्दीन अंसारी, लालू कोइरी, भुन्दू हजाम, शेख मुसा, रसोराज लोहरा, दशरथ कुम्हार, मलिन चन्द्र महतो, सोमरा मांझी, जगदीश मंडल, रमण महतो सहित कई अन्य शामिल थे।

### मुखिया ने पीसीसी पथ निर्माण कार्य का किया शिलान्यास



तमाड़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के मल्हान भुइयांडीह पंचायत के बाबुरामडीह में 250 फीट पीसीसी और हुरूनडीह मे 315 फीट फेबर ब्लॉक का शिल्यानास मुखिया नुनी सिंह मुंडा व विधायक प्रतिनिधि ऋषिकेश महतो ने किया। इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य सुदिस्टा देवी, विभीषण महतो, उप मुखिया सुखदेव महतो, वार्ड सदस्य हेमंती देवी, नरेश महतो, दीनबंधु महतो, पंचानन महतो, सुरेश चंद्र महतो और प्रताप सिंह मुंडा, रंजीत सेठ, हेमंत सेठ, कमल सिंह मुंडा, जगन्नाथ, चंडी दास और ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से पीसीसी पथ का नारियल फोड़कर शिल्यान्यास किया। विधायक प्रतिनिधि ने बताया की मुखिया फंड से बनने वाली इस सड़क की बहुत जरूरी था जिससे नवनिर्वाचित मुखिया के पहल पर पूरा हुआ। साथ ही सड़क के शिल्यानास होने से बाबुरामडीह और हुरुंडीह के ग्रामीणों ने सभी जनप्रतिनिधियों का आभार प्रकट किया।

### तमाड़ के उलीलोहर पंचायत में पशुओं में फैली चेचक की बीमारी, प्रतिदिन हो रही पशुओं की मौत



तमाड़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड के उलीलोहर पंचायत में हजारों पशुओं में चेचक की बीमारी हो गई है। जिससे प्रतिदिन रोज पशुओं की मौत हो रही है। पर अब तक चिकित्सक दल गांव नहीं पहुंचा हैं। उक्त पंचायत के लुपुंगडीह, चूरूवाडीह, डीमुडीह, मोदीडीह, जामडीह और बारेडीह समेत उलीलोहर गांव में हजारों पशुओं में संक्रमण फैल रहा है और देखते ही देखते दो-चार दिनों में पशु मर जा रहे हैं।जिससे पशुपालक अत्यंत संकट से गुजर रहे हैं। पशुओं के शरीर के कुछ अंग फूल जाते हैं और धीरे-धीरे फट जाते हैं, जहां से खून निकलने के बाद घाव बन जा रहा है। इससे पशु चल भी नहीं पाते है और सुस्त हो जाते है। ग्रामीण अपने स्तर से उपचार कर रहे हैं, लेकिन कोई खास फायदा नहीं हो रहा है। इस तरह की शिकायत किसान जनाधिकार मंच के पास पहुंचे पर तत्काल पशु अस्पताल में पशु चिकित्सा से मिलकर इस समस्या से अवगत कराया गया। इस पर पशु चिकित्स ने 12 अक्टूबर को चिकित्सक कैंप लगाने की बात कही। इस पर ग्रामीणों ने कहा कि पशु डॉक्टर समस्या को लेकर गंभीर नहीं हुआ तो आंदोलन करेंगें।

### मुरी में अवैध बालू से लदा हाइवा जब्त

सिल्ली (आजाद सिपाही)। मुरी ओपी पुलिस ने मुरी गोला पथ जामड़ीटांड़ के समीप अवैध बालू से लदे हाईवा को पुलिस ने जब्त किया है। थाना प्रभारी बबलू कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि बालू लदा वाहन रामगढ़ की ओर जा रहा है। तभी उसे जामड़ीटांड़ समीप खड़ा देखा गया। जिस पर चालक नहीं था। इसके बाद अवैध रूप से बालू लदे वाहन को जब्त कर थाना लाया गया। जांच में उक्त वाहन चितरपुर प्रोजेक्ट निवासी सनोज साव का बताया जाता है। अज्ञात चालक व मालिक सनोज साव पर प्राथमिकी दर्ज की गई।

### बकरी ने जन्मा दो मुंह वाला बच्चा

सिल्ली (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत सुनडील निवासी घटु महतो की बकरी ने दो मुंह वाले बच्चे को जन्म दिया है। घटु महतो ने बताया कि शाम 7.30 बजे बकरी को प्रसव पीड़ा होने पर डॉक्टर दिलीप कुम्हार को बुलाया गया। जिसके बाद बकरी ने दो मुंह वाले बकरी के बच्चे को जन्म दिया। डॉ दिलीप ने बताया कि यह उसका पहला मामला है।

## पिपरवार के पड़रियाटांड़ में जंगली हाथियों का उत्पात कई लोगों के घर क्षतिग्रस्त, फसलों को किया बर्बाद

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** कोयलांचल के ग्रामीण इलाकों में इन दिनों फिर से जंगली हाथियों के झुंड के दस्तक से ग्रामीणों में दहशत है। रविवार की रात पिपरवार थाना क्षेत्र के पड़रियाटांड गांव में जंगली हाथियों का झुंड प्रवेश किया, जिसमें 18 हाथी है। पड़रियाटांड़ गांव में जंगली हाथियों के झुंड ने रातभर उत्पात मचाया। हाथियों ने शोभा महतो के मकान को क्षतिग्रस्त कर दिया। घर के लोग किसी तरह भागकर अपनी जान बचाये। इसके बाद हाथियों के झुंड ने गांव के ही सुरेश महतो, सुकर महतो, कुंदन महतो, फूलचंद महतो, फूलेश्वर महतो, मनोज महतो, गणेश महतो, करम महतो, राजेश महतो, नरेश महतो टिकु महतों, सूरजदेव महतो, महेश महतो, मोहन महतो, कोल्हा महतो और लालदेव महतो आदि के खेतों में लगे फसल को रौंदकर पूरी तरह बर्बाद कर दिया। जंगली हाथियों के झुंड के इस उत्पात के बाद गांव के लोग दहशत में है। देर रात ग्रामीणों ने हिम्मत कर मशाल जलाकर और पटाखा फोड़कर हाथियों को गांव से बाहर भगाया। इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि देर शाम को ही हाथियों का झुंड गांव में प्रवेश कर गया और एक के बाद एक खेतों में लगे फसलों को बर्बाद करने लगे। वहीं शोभा महतो के घर को छतिग्रस्त कर अनाज को खा गया। तुरंत इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। ग्रामीणों ने कहा कि हाथियों के उत्पात से ग्रामीण डरे हुए हैं। गांव के लोग रातभर जागकर पहरेदारी कर रहे है। इधर, सोमवार को दिन में जंगली हाथियों के झुंड को कोले जंगल के आसपास देखा गया है। वहीं, सूचना पाकर पहुंची वन विभाग की टीम हाथियों को सही दिशा में ले जाने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं, पिपरवार पुलिस व वन विभाग हाथियों से छेड़छाड़ नहीं करने की अपील की है।

### छठ महापर्व को लेकर मानकी बस्ती में बैठक

खलारी (आजाद सिपाही)। छठ पूजा महापर्व को लेकर सोमवार को मानकी बस्ती में बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता करण गंझू और संचालन आनंद गंझू ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से छठ घाट पर प्रतिमा स्थापित एवं भक्ति जागरण आयोजित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही सर्वसम्मति से मंगलवार को मानकी कोलियरी खेल मैदान में बैठक कर छठ पूजा कमेटी का गठन भी किया जाएगा। इस मौके पर चिंटू गंझू, अमर गंझु, करण गंझू, भीम गंझू, सोनू यादव, रोहित गंझू, तुलसी गंझू, गणेश तूरी, अर्जुन गंझू, अमर कुमार, आनंद कुमार, रंजीत गंझू, सचिन कुमार, विजय कुमार, अजय कुमार तूरी, अनिल तूरी, सुनील कुमार तूरी, बालेश्वर तूरी आदि मौजूद थे।

### अलग-अलग दुर्घटनाओं में आठ घायल, दो लोगों की हालत गंभीर

**कर्रा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ऐतिहासिक सोनमेर मेला से लौटने के क्रम में अलग-अलग सड़क दुर्घटना में आठ लोग घायल हो गये। इसमें दो लोगों कि स्थिती नाजुक हैं। पहली घटना कर्रा रेलवें स्टेशन के समीप पेट्रोल पंप के पास हुई। जब बाईक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। उनकी पहचान लांपूग थाना क्षेत्र के ककरिया गांव निवासी सोमा उरांव (25), बलदेव उरांव (25) और भक्तु उरांव (22) के रूप में हुई है। तीनों इस दिन बाइक से मेला देखकर अपने घर ककरिया लौट रहे थे। तभी कर्रा रेलवें स्टेशन के समीप पेट्रोल पंप के पास बाइक और ऑटो में भिड़ंत होगई। उन्हें कर्रा सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां सोमा उरांव व बलदेव उरांव की ज्यादा खून बह जाने के कारण हालत नाजूक बताई जा रही है। बाद में दोनों को रांची के रिम्स रेफर कर दिया गया। दूसरी घटना तिमड़ा गांव के पास हुई, जहां ऑटो के धक्के से जानकी देवी (30) नामक महिला और जलंगा गांव निवासी अनीस होरो (10) घायल हो गए। तीसरी घटना सोनमेर मेला से निकलने के क्रम में हुई । सियाकेंल गांव निवासी ठेला उरांव (30) और व कर्मा खलखो (30) वाहन के धक्के से घाटल हो गए। वहीं, पड़गांव गांव के पास चलती बाइक से गिर जाने के कारण डोड़मा कोरला निवासी अम्बर भेंगरा (15) घायल हो गये।

### रैयत विस्थापित मोर्चा ने की 31 सूत्री मांगों को लेकर बैठक

डकरा (आजाद सिपाही)। रैयत विस्थापित मोर्चा की बैठक सीसीएल एनके एरिया अंतर्गत पुरनाडीह परियोजना के पियारटांड में हुई। जिसकी अध्यक्षता रवि उरांव व संचालन रामलखन गंझु ने किया। बैठक में जमीन के बदले मुआवजा एवं रोजगार सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं को लेकर विचार विमर्श किया गया। वक्ताओं ने कहा कि एनके जीएम को 31 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया था। जिसमें आज तक कोई सकारात्मक पहल नहीं किया गया है। जिसे पुन: एनके जीएम को आगामी 16 अक्टूबर तक सकारात्मक पहल करने के लिए समय दिया है। मांगों पर विचार नहीं करने पर एनके एरिया का कामकाज ठप कर दिया जाएगा।

### ऐतिहासिक सोनमेर मेला में उमड़ी भक्तों की भारी भीड़

# सबके चेहरे पर मुस्कान बिखेरती रहें सोनमेर माता : नीलकंठ मुंडा

**पूजा-अर्चना के लिए सुबह चार बजे से पहुंचने लगे थे लोग, दी गई भैंसे की बली**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कर्रा।** प्रखंड का दो दिवसीय ऐतिहासिक मेला सोमवार को संपन्न हुआ। इस दिन तड़के चार बजे से ही भक्तों की भारी भीड़ माता अध्टभुजी की पूजा-अर्चना के लिए उमड़ पड़ी थी। दोहहर 12 बजे भैंसे की बलि देने के बाद मंदिर का पट खोला गया। पुजारी ढेडो पाहन, हरि पहान और रवि पाहन ने मुंडारी भाषा में पूजा अनुष्ठान संपन्न कराया। पाहन ने कहा कि मां आपकी छत्रछाया बनी रहें और सुखए समृद्धिए शांति हरियाली कायम रहे। मेला परिसर में सरगम म्यूजिकल ग्रुप द्वारा आर्केस्ट्रा का आयोजन किया गया। कलाकार सहदेव बडाईक ने कार्यक्रम की शुरूआत माता की वंदना से की। कलाकार सरिता बडाईक, उर्मिला महतो, सुमन गुप्ता, नितेश कच्छप, बिंदेश्वरी देवी और मांदर वादक हुलास महतो ने अपनी प्रस्तुति से लोगों को बांधे रखा। मेला को सफल बनाने में मेला समिति के अध्यक्ष किशोर बड़ाईक, मुखिया संदीप हेरेंज, नीलम हेरेंज, ग्राम प्रधान पांडा मुंडा, चामू हेरेंज, राम हेरेंज, सूरज धल, गुडवा बडाईक, शंकर धल आदि ने योगदान दिया। दूसरी ओर, सोनमेर मेला पहुंचने पर ग्रामीणों ने खूंटी के विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा को चुनरी ओढ़ाकर और पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। विधायक ने माता के दरबार में माथा टेकने के बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सोनमेर माता पूरे झारखंड वासियों खासकर खूंटी विधानसभा क्षेत्र वासियों पर हमेशा आशीर्वाद बनाये रखें। सभी के चेहरे पर मुस्कान बिखेरती रहें। विधायक ने कहा कि मैं मां सोनमेर के आशीर्वाद से 22 साल से मेले में आ रहा हूं। मां हमेशा कृपा बनाये रखें, ताकि अगले वर्ष भी इसी तरह रिझरंग के साथ मेला संपन्न हो सके। इस मौके पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष कैलाश राम महतो, जिला युवा अध्यक्ष राजेश महतो, दिलीप सिन्हा, विकास मिश्रा, मंटू मिश्रा, कलिंदर राम, बमरजा मुखिया अनूप कुमार आदि उपस्थित थे।



लोगों को संबोधित करते विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा।

## संगठन मंत्री ने जनजातीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण कार्यक्रम की तैयारियों का लिया जायजा



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** वनवासी कल्याण केन्द्र द्वारा गेतलसूद में आयोजित तीन दिवसीय आवासीय जनजाति प्रांतीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर की तैयारियों का जायजा लेने सोमवार को वनवासी कल्याण केन्द्र के अखिल भारतीय संगठन मंत्री रमेश बाबू जसपुरिया बीएड कॉलेज बीसा गेतलसूद पहुंचे। प्रशिक्षण शिविर जसपुरिया बीएड कॉलेज में 14 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक आयोजित है। मौके पर रमेश बाबू ने जनजाति प्रांत कार्यकर्ता प्रशिक्षण कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मौके पर क्षेत्र संगठन मंत्री विनोद उपाध्याय, सर्व व्यवस्था प्रमुख जैलेन्द्र कुमार, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, देवनंदन सिंह, कामेश्वर महतो, रामसाय मुण्डा, रामेश्वर साहू आदि मौजूद थे।

## समाजसेवी सह भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार ने श्राद्धकर्म के लिए किया सहयोग



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बीसा गांव निवासी युवक एतवा मुंडा का विगत दिनों सड़क दुर्घटना में निधन हो गया था। मृतक बेहद गरीब परिवार से था। सूचना पाकर सोमवार को समाजसेवी सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जैलेन्द्र कुमार मृतक के घर पहुंचे तथा परिवार को सांत्वना दी। मौके पर जैलेन्द्र कुमार ने मृतक के श्राद्धकर्म के लिए परिजनों को खाद्य सामग्री तथा नकद आर्थिक मदद दी। कहा कि इस दुख की घड़ी में वे परिवार के साथ हैं। मौके पर सांसद प्रतिनिधि कामेश्वर महतो, भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी रामसाय मुण्डा आदि उपस्थित थे।

## जिप सदस्य राजेंद्र शाही ने लक्खीपूजा पंडालों में जाकर मां लक्खी का लिया आशीर्वाद



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** सिकिदिरी थाना क्षेत्र प्रस्तावित जोन्हा प्रखंड के सुरसू पंचायत अंतर्गत विभिन्न लक्खीपूजा पंडालों में जिला परिषद सदस्य अनगड़ा पूर्वी राजेन्द्र शाही मुंडा ने पहुंचकर मां लक्खी का आशीर्वाद लिया। मौके पर प्रखंड उपाध्यक्ष अमर सिंह मुंडा, नावागढ़ पंचायत मुखिया भुनेश्वर बेदिया, मनोज महतो, जिला कमेटी सदस्य शंकर बेदिया, सोमरा बेदिया, डब्लू बेदिया, धर्मदेव रजवार सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा ने किया झंडागड़ी कार्यक्रम का आयोजन




**इटकी (आजाद सिपाही)।** राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा इटकी गड़गांव के तत्वावधान में सरना प्रार्थना सभा की 22वीं वर्षगांठ सह झंडा गड़ी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभा में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश आदिवासी कांग्रेस के युवा नेता सन्नी टोप्पो और सीपीआईएम के सुभाष मुंडा शामिल हुए। प्रार्थना सभा में अपने संबोधन में सन्नी टोप्पो ने आदिवासी समाज को अपनी संस्कृति व सभ्यता को अक्षुण्ण बनाये रखने के लिए संगठित होने और प्रकृति जल जंगल जमीन को बचाए रखने पर बल दिया। सभा में आदिवासी समाज को प्रकृति की पूजा, रक्षा और संरक्षण का संकल्प दिलाया। इससे पूर्व पाहन पुनई द्वारा सरना रीति रिवाज के तहत विधिवत पूजा-अर्चना कर झंडा बदली किया गया। मौके पांच पड़हा सहित 16 गांव के खोड़हा नृत्य, भजन, गीत प्रस्तुत की। अध्यक्षता खद्दी उरांव, पड़हा राजा बुदू उरांव, ग्राम प्रधान चारो उरांव, विकास उरांव सूरज भगत, दासु उरांव, सुरेश उरांव, सारू उरांव, सुनील कच्छप, राजकुमार उरांव सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

## वार्षिक पड़हा जतरा समारोह 12 अक्टूबर को

**इटकी (आजाद सिपाही)।** पुरियो बगीचा मैदान में आगामी 12 अक्टूबर बुधवार को 21 पड़हा के अगुवाई में वार्षिक पड़हा जतरा समारोह का आयोजन किया जायेगा। सोमवार को मानी पहान की अध्यक्षता में आयोजित एक बैठक में जतरा को सफल बनाने का निर्णय सहित कई प्रस्ताव पारित किये गये। लोगों को जतरा में हाथी, घोड़ा, रम्पा चम्पा, झंडा सहित अपने पारंपरिक प्रतिकों के साथ भारी संख्या में शामिल होने का आग्रह किया गया है। जतरा समारोह के मुख्य अतिथि कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की होंगे। बैठक में सचिव पॉल खलखो, महेश गोप, शिवराम बड़ाईक, रॉबट कच्छप, विरसा मुंडा, अकाश गोप, सुमित पहान, मतियस खलखो सहित कई गांव के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## इटकी में 32 बिजली पोलों से केबल की चोरी

**इटकी (आजाद सिपाही)।** क्षेत्र में बिजली तार चोर गिरोह की सक्रियता अचानक बढ़ गयी है। गत दो दिनों के अंदर चोरों ने चार स्थानों से 32 पोल के एलटी लाइन के केबल तार की चोरी कर ली। इससे कई घरों में अंधेरा व्याप्त हो गया है। पटवन का कार्य भी ठप पड़ गया है। चोरी की सूचना विभागीय कर्मचारियों द्वारा संबंधित अधिकारियों को दे दी गयी है। जानकारी के अनुसार चोरों द्वारा गत दो दिनों के दौरान इटकी के रहमत नगर में 17 पोल, मोरो पोखर टोली गब्बर बारी में सात पोल, सियार टोली में पांच पोल व तरगड़ी पतरा में सात पोल में लगे केबल तार की चोरी कर ली गयी। ज्ञात हो कि इससे पूर्व चोरों द्वारा चार लाख बीस हजार वोल्ट के कई टावरों व तार के अलावा सिंचाई के लिये दर्जनों पोल में लगे तारों की चोरी की जा चुकी है।

## नगड़ी थाना प्रभारी ने अवैध बालू लदा टर्बो ट्रक किया जब्त

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी थाना क्षेत्र के सापरोम के समीप अवैध बालू लदा टर्बो ट्रक को नगड़ी पुलिस पकड़ कर थाना लाया एवं खनन विभाग को सूचना दे दी गई। नगड़ी थाना प्रभारी ओमप्रकाश टोप्पो ने पेट्रोलिंग के दौरान थाना क्षेत्र के सापरोम के पास अवैध बालू लदा एक ट्रक नं. जेएच 01एयू 6542 को पकड़ा और ट्रक को जब्त कर लिया है।

**कार्यक्रम :** सांसद ने मरासिल्ली धाम उनीडीह राजाउलातू में तोरणद्वार का किया शिलान्यास, कहा

# आने वाले दिनों में मरासिल्ली पहाड़ धार्मिक एवं पर्यटन के क्षेत्र में पूरे देश में प्रख्यात होगा

**मरासिल्ली पहाड़ पर जल्द कई विकास के कार्य किये जायेंगे**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नामकुम।** उनीडीह राजाउलातू स्थित स्थानीय प्रसिद्ध शिवलोक धाम मरासिल्ली पहाड़ में सांसद मद से बनने वाले तोरणद्वार का शिलान्यास सोमवार को रांची सांसद संजय सेठ ने नारियल फोड़कर किया।

मौके पर सांसद ने कहा कि मरासिल्ली पहाड़ पर्यटन एवं धार्मिक दृष्किोण से बहुत खुबसूरत है। पहाड़ के चारों ओर फैला मनोरम दृश्य आकर्षित करता है। ऐसे दृश्यों को देखने के लिये नेतरहाट या अन्य दूसरी जगहों पर लोग जाते हैं। पहाड़ पर जल्द कई विकास के कार्य किये जायेंगे। जिससे पहुंचने वाले पर्यटकों एवं शिवभक्तों को सुविधा के साथ स्थानीय ग्रामीणों को स्वारोजगार का अवसर मिलेगा। कहा कि आने वाले दिनों में मरासिल्ली पहाड़ धार्मिक एवं पर्यटन के क्षेत्र में पूरे देश में प्रख्यात होगा, जिसे देखने देश के विभिन्न हिस्सों से लोग आयेंगे। उन्होंने ट्रस्ट के सहयोग से विकास कार्यों के लिये हरसंभव मदद करने की बात कही। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष टिकैत दयानंद राय ने अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया।

मौके पर पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा, राजेंद्र महतो, अमित मिश्रा, अशोक नायक, उमेश बड़ाईक, बिरसा पाहन, प्रज्ञा भारती, आरती कुजूर, आरती सिंह, शंकर सिंह मुंडा, समीर राय, माधुरी देवी, जयंती देवी, उर्मिला देवी, शिल्पी शालिनी, गिरीधर मिश्रा, ट्रस्ट के सचिव अशोक राय, कोषाध्यक्ष रुदेश्वर राय, दिनेश कुमार सिंह, मधुसूदन राय, गंगा लकड़ा, भीम राय, रंजीत लकड़ा, सूरत राय, रविन्द्र खंडित आदि उपस्थित थे।

# रातू-तिलता रिंगरोड में सड़क हादसे में एक की मौत, दो घायल

**अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने ओमनी कार को मारी टक्कर**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रातू।** थाना क्षेत्र के तिलता रिंगरोड में सोमवार की शाम 7 बजे सड़क हादसे में एक व्यक्ति पुनदाग निवासी 35 वर्षीय हसमत अंसारी की मौत रिम्स ले जाने के क्रम में रास्ते में ही हो गयी। वहीं पुनदाग के ही नूर उर्फ नूरा तथा नया सराय के नैय्यर हुसैन बुरी तरह से घायल हो गये। स्थानीय लोगों ने सभी को किसी वाहन से रिम्स पहुंचाया जहां उनका इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक एक काले रंग की तेज रफ्तार स्कॉर्पियो जेएच03जेड-3710 दलादिली की ओर से तिलता की ओर जा रही थी। तभी चालक वाहन से अपना नियंत्रण खो बैठा ओर डिवाइडर से टकराने के बाद रोड के दूसरे छोर में चल रही एक सफेद रंग की ओमनी जेएच01डीपी-8817 को अपने चपेट में ले लिया। कार को टक्कर मारने के बाद स्कॉर्पियो रिंग रोड के किनार गढ़े में जा गिरी। टक्कर के बाद स्कॉर्पियो में सवार लोग वाहन छोड़ फरार हो गये। स्कार्पियों में सवार लोग भी घायल बताये जा रहे हैं। वहीं टक्कर के बाद ओमनी कार में सवार तीन लोग बुरी तरह से घायल हो गये। हादसे की सूचना के बाद घटना स्थल पहुंची पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है। समाचार लिखे जाने तक थाने में प्राथमिकी दर्ज कराने की सूचना नहीं है।

## मुलायम सिंह यादव के निधन पर शोक व्यक्त

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** समाजवादी नेता व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव का सोमवार को निधन हो गया। उनके निधन पर राजद के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता सह सामाजिक कार्यकर्ता मुस्तफा अंसारी एवं भाजपा नेता उमेश बड़ाईक ने गहरी शोक संवेदना प्रकट की है। मुस्तफा अंसारी ने कहा कि उनके निधन की खबर से काफी आहत हूं। आज राजनीति के एक युग का अंत हो गया। सामाजिक न्याय और वंचितों के उत्थान के लिए हमेशा जीने वाले नेताजी सभी को सेवा और समर्पण की ज्योत देकर चले गये।

## जल विद्युत परियोजना के चक्रधर यूनियन अध्यक्ष के निधन पर शोक व्यक्त

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** झारखंड जल विद्युत परियोजना सिकिदिरी के चक्रधर यूनियन के अध्यक्ष मदन प्रसाद (80) का रविवार की रात मेदांता अस्पताल में निधन हो गया। पिछले एक सप्ताह से मेदांता अस्पताल उनका इलाज चल रहा था। उनका अंतिम संस्कार सोमवार को गेतलसूद डैम के इंटेक गेट के मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन पर लक्ष्मण सैनी, गणेश तूरी, अर्जुन प्रसाद, गौरी शंकर, गुड्डू सिंह, सुजीत कुमार सोनी, गोविंद रचा, महेश महतो, क्रांति लाल पटेल सहित अन्य लोगों ने शोक व्यक्त किया।

# प्रखंड स्तरीय पंचायत समिति सदस्यों की बैठक में प्रखंड क्षेत्र की विकास को लेकर की गयी चर्चा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी प्रखंड के सभागार में सोमवार को प्रखंड स्तरीय पंचायत समिति सदस्यों की बैठक प्रखंड प्रमुख मधुआ कच्छप की अध्यक्षता में हुई। मौके पर सभी जनप्रतिनिधियों ने कहा अपने हक एवं अधिकार के साथ प्रखंड के अधिकारी एवं पदाधिकारी सहयोग करें तो निश्चित रूप से प्रखंड का विकास होगा। प्रखंड की सभी योजनाओं में पारदर्शिता होनी चाहिए। इस अवसर पर सभी पंचायत समिति सदस्यों ने अपने अपने पंचायत की समस्याओं को रखकर समाधान की मांग रखी। मौके पर नगड़ी सीओ संतोष कुमार शुक्ला, नगड़ी बीडीओ नूतन कुमारी ने भी सभी पंचायत समिति के सदस्यों से कहा कि हम हरसंभव सहयोग के लिए तत्पर हैं। आप जनहित में समास्या लायें उसका हर हाल में निदान किया जाएगा। बैठक में उप प्रमुख अफसाना प्रवीन, शीला देवी, अनिता देवी, गुलरेज अंसारी, ललिता एक्का, दुर्गी पूर्ती, करूणा देवी, रोपना उरांव, सोहरी देवी, बतिया तिर्की व कर्मी उपस्थित थे।

# रातू के लहना झरना से मिला लापता छात्र का शव

**रविवार की शाम खेलने के लिए निकला था छात्र**

**जानलेवा झरना में कई लोगों की हो चुकी है मौत**






**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रातू।** थाना क्षेत्र के लहना झरना से पुलिस ने एक शव बरामद किया। शव की पहचान बड़काटोली के रहने वाले रंजीत राम के 14 वर्षीय पुत्र यथार्थ कुमार के रूप में हुई। यथार्थ रविवार को अपने घर से औरेंज रंग की साइकिल से हाई स्कूल मैदान में खेलने के नाम पर निकला था, परन्तु वह रात को घर वापस नहीं आया। मृतक बेथनी कॉन्वेन्ट स्कूल का पांचवी का छात्र था। परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चल पाया था। इस संबंध में रातू थाने में सोमवार को गुमशुदगी का एक मामला दर्ज कराया गया था। सोमवार को लहना के झरना में यथार्थ का शव मिला। उसके चेहरे में गंभीर चोट है। शव मिलने की सूचना पर घर में कोहराम मच गया। उसके मां-बाप का रो रो कर बुरा हाल है। गांव में मातम का माहौल है। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्मार्टम के लिये रिम्स भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### जानलेवा साबित हो रहा है झरना में बना कुआं

लहना गांव के ग्रामीणों के मुताबिक रविवार की शाम कुछ बच्चों को साइकिल से झरना की ओर जाते देखा गया था। ग्रामीणों ने बताया कि कुआं का निर्माण के बाद बरसात के मौसम में यह कुआं झरना का रूप ले लेता है। इसे देखने दूर दूर से लोग आते हैं। नहाने के क्रम में कई लोगों की मौत हो चुकी है और कई लोगों को स्थानीय लोगों की मदद से बचा लिया गया। नहर की तरह बहने वाला पानी सीधे इस कुआं में जाता है और दूसरी तरफ के चेकडेम से निकल जाता है। लोग जब नहाने के लिए यहां घुसते हैं तो सीधा दूसरी तरफ चेकडेम में निकलते हैं। इस दौरान तेज बहाव के कारण लोग नदी में बह जाते हैं।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## लापुंग ब्लॉक सभागार में मांडर विधायक ने की शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** ब्लॉक सभागार में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक विधायक शिल्पी स्नेहा तिर्की के द्वारा रखी गयी। बैठक में पूरे प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के प्रभारी प्रधानाध्यापक के साथ विद्यालय की स्थिति, विद्यालय में पानी की व्यवस्था, शौचालय व बिजली की स्थिति एवं अन्य चीजों पर चर्चा की गयी। कहा प्रत्येक माह प्रबंधन समिति की बैठक करना अति आवश्यक है। शिक्षा विभाग की ओर से जो सालाना अनुदान राशि आती है उस राशि का उपयोग में पहली प्राथमिकता स्वच्छता में लगाना है। जिससे स्कूल की सुंदरता बढ़ेगी एवं बच्चे स्वस्थ रहेंगे। शिक्षक को बच्चों का भविष्य निर्माण करना है। उसके उपरांत अन्य चीजों में खर्च करना है। विधायक ने स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक से जो जानकारी ली उस पर स्कूल में जो कमियां पायी गयीं उस पर शिक्षा प्रसार पादाधिकारी व शिक्षकों को जल्द सुधार करने का निर्देश दिया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी एमानुएल जयविरस लाकड़ा, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष जयंत बारला, विधायक प्रतिनिधि सुदामा महली, दिवेंदर वर्मा, प्रकाश राम, फिरू साहू, महाबीर साहू, पवन ठाकुर, सत्यनारायण पाठक, सुरेश साहू, बोनिफस कोंगाड़ी, कमला बैठा एवं अन्य उपस्थित रहे।

## मांडर के बरगड़ी पोस्ट ऑफिस में राष्ट्रीय डाक सप्ताह दिवस मनाया गया



**मांडर (आजाद सिपाही)।** मांडर प्रखंड के बरगड़ी में सोमवार को जाहेर बरगड़ी पोस्ट ऑफिस में राष्ट्रीय डाक सप्ताह दिवस मनाया गया। डाक सप्ताह के तहत लोगों को डाक विभाग की योजनाओं की जानकारी दी गई और उन्हें डाक विभाग की योजनाएं लेने के लिए प्रेरित किया गया। जिसमें ओवरसियर लाल वाईएन शाहदेव ने बताया कि डाक विभाग देश के सबसे पुराने विभागों में से एक है। यह देश के सामाजिक-आर्थिक विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह एक ऐसा संगठन है, जो ना केवल देश के भीतर, बल्कि देश की सीमाओं से बाहर अन्य देशों तक पहुंचने में भी हमारी मदद करता है। वहीं नवनियुक्त पोस्ट मास्टर जावेद अंसारी ने वित्तीय सशक्तिकरण के बारे में जानकारियां दी और पूरे सप्ताह 9 से 18 अक्टूबर के कार्यक्रम के बारे में सभी को बताया। वहीं आज योजना में आरपीएलआई, चालू खाता सहित कई अन्य खाते खोले गये। वहीं जाहेर बरगड़ी शाखा के नवनियुक्त पोस्ट मास्टर जावेद अंसारी को पद ग्रहण कराया गया। मौके पर ओवरसियर लाल वाईएन शाहदेव, सोबा बीपीएम मनोज गुड्डू, बीपीएम झरिया उरांव, दलादिली के अमित कुमार, सिमलिया के अनिल कुमार और रातू हुरहुरी के बीपीएम शिवनाथ पांडे सहित अन्य ग्रामीण डाक सेवकों ने भागीदारी निभायी।

## सांसद सुदर्शन भगत ने मृतकों के परिवार को आर्थिक सहयोग एवं अनाज उपलब्ध कराया



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** नरकोपी मंडल के चचकोपी गांव के मंडल एससी मोर्चा अध्यक्ष बिंदेश्वर राम के भाई सीधेश्वर राम और भाजपा बूथ अध्यक्ष महेश राम के पिताजी सुखदेव राम का पिछले दिनों निधन हो गया था। उनके परिवार के लोगों को लोहरदगा के सांसद सुदर्शन भगत के द्वारा दोनों परिवारों को अनाज व आर्थिक सहयोग दिया गया। जिसे नरकोपी मंडल अध्यक्ष सुखदेव कच्छप, मंडल महामंत्री राजेश साहू, बेड़ो मंडल महामंत्री बलराम सिंह, दशरथ बड़ाईक, सुरेंद्र साहू सहित अन्य द्वारा पहुंचाया गया।

## बेड़ो में पांच दिवसीय ऑल झारखंड फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** साउथ हॉल यूनाइटेड जरिया नहर टोली के तत्वावधान में सोमवार को ग्रीन पार्क स्टेडियम लकड़ा फाड़ा जरिया नहर टोली में पांच दिवसीय ऑल झारखंड फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ एतवा लोहरा पंचायत की मुखिया कुंवारी खलखो झामुमो के जिला उपाध्यक्ष मुन्ना बड़ाईक व साउथ हॉल यूनाइटेड के शशि अनामिष एक्का,अनिल गोप, ब्रजेश महतो विशु उरांव, अजित लकड़ा, अमर लकड़ा, संजय लकड़ा, ब्रजेश महतो,रमेश महतो ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। उदघाटन मैच सरना क्लब भरनो व यंग ब्रदर्स बुंडू के बीच उद्घाटन मैच खेला गया। जिसमें बुंडू की टीम ने पेनाल्टी में 4-3 से उद्घाटन मैच का विजेता बना। मौके पर मुखिया कुंवारी खलखो ने कहा खिलाड़ी खेल भावना के साथ खेले और अपने गांव व क्षेत्र का नाम रोशन करें। वही दूसरा मैच तिरु ब्रदर्स व मुन्ना ब्रदर्स ईंटा के बीच खेला गया जिसमें पेनाल्टी से तिरु ब्रदर्स ने जीत दर्ज की। मैन ऑफ द मैच दीपक व रेमन को घोषित किया गया।

## दशकर्म के लिए घाट पर गयी महिला की मौत

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के गढ़ाटोली गांव निवासी अंजू देवी (40) पति स्व. रामेश्वर बैठा की मौत घाट में हो गई। महिला बेड़ो प्रखंड के तुको चचकोपी गांव अपने बुआ के बेटा स्व. बिंदेश्वरी राम के दशकर्म में गई हुई थी। वहां से चचकोपी नदी घाट पर दशकर्म की रस्म को लेकर स्नान करने के बाद जैसे ही नदी से निकली और उसकी हार्ट अटैक से मौत हो गई। अंजू देवी का एक बेटा और तीन बेटी हैं।

## लापुंग में कुआं से अज्ञात महिला का शव बरामद

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग प्रखंड क्षेत्र के चंपाडीह सरना स्थल के समीप एक कुआं से सोमवार को महिला का शव लापुंग पुलिस ने बरामद किया है। घटना की जानकारी मिलते ही लापुंग थाना प्रभारी त्रिपुरारी कुमार दल बल पहुंचकर शव को कुआं से बाहर निकाला और मामले की छानबीन की। हालांकि शव की पहचान नहीं हो पायी है। वहीं हत्या या आत्महत्या मामले की भी छानबीन की जा रही है। हालांकि महिला के सिर पर चोट के निशान मिले हैं। साथ ही शरीर के ऊपर के हिस्से में कपड़े नहीं थे।

## छठ पूजा भव्य तरीके से मनाने को लेकर रेहला छठ पूजा समिति ने कमिटी का किया विस्तार



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर नप के रेहला में विगत एक दशक से भी अधिक भव्य व परंपरागत तरीके से छठ पूजा आयोजन करने के लिए रेहला छठ पूजा समिति ने इस वर्ष भी लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को अनूठे और आकर्षक स्वरूप में आयोजन करने का निर्णय लिया है। इसको लेकर रेहला के नगरवासियों की हुई बैठक में सौ से अधिक पूजा समिति के स्थाई सदस्य और पदाधिकारी के अलावा बड़ी संख्या में रेहलावासी और व्यवसायी वर्ग के लोग शामिल हुए। इसमें आम सहमति और पिछले दो वर्ष के सफल आयोजन करनेवाली छठ पूजा कमिटी को तीसरी बार भी युवा और समर्पित मंगल गुप्ता को अध्यक्ष और प्रमेंद्र सिंह पप्पू को सचिव पद की जिम्मेवारी सौंपी गई। वहीं गत वर्ष की इस पूजा कमिटी के पदाधिकारी और कार्यकारिणी को पूर्ववत इसी जिम्मेवारी को सौंपी गई है। इसके अलावा अगले रविवार संध्या को तय साप्ताहिक बैठक में समिति को विस्तार देते हुए पूरे रेहला कस्बा के सामाजिक सेवा से सरोकार रख व्यक्ति को समिति के सक्रिय और स्थाई सदस्य के रूप में नामित किया जायेगा। वहीं समिति के संरक्षक मंडल को विस्तारित कर प्रधान संरक्षक का सम्मानित पद वरिष्ठ समाजसेवी रामनाथ कश्यप को दिया गया है। जबकि अन्य संरक्षक में डॉ डीपी शुक्ल, अशोक सोनी, महेंद्र कुमार चौबे, संतोष गुप्ता सेठ जी, एसएम एश्वे, डिपू चौबे केतात (उत्तराखंड), मनोज सिंह डालाकला को जगह दिया गया है। वहीं पूर्व के मुखिया हरकेश्वर प्रसाद, डा बीपी शुक्ल, पारसनाथ पाल, विजय शंकर गुप्ता, रणजीत सिंह, सत्येंद्र सिंह, उमेश सोनी, दिनेश गुप्ता, अंतु सेठजी, संजू सिंह, राजू सिंह, कृपाशंकर सिंह, नीरज सिंह, राजेश गुप्ता, सुनील कुमार सिंह, मीडिया प्रभारी नरेंद्र सिंह, श्याम कुमार चंद्रवंशी, संतोष चौबे, प्रमोद पासवान संरक्षक मंडली के सदस्य बने रहेंगे। तय हुआ कि रेहला कोयल नदी छठ घाट, गंगा आरती, रौशनी, लाइट, स्टेज आदि कि साज सज्जा और भक्ति जागरण बृंदावन वाली झांकी आदि कार्यक्रम को काशी के तर्ज पर राज्यस्तरीय आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। 2000 से अधिक व्रती को इस बार रेहला छठघाट पर पूजा के लिए आगमन के संभावित अनुमान के आलोक में सभी स्तर पर तैयारी करने पर समिति ने निर्णय लिया है। इसके साथ ही गंगा आमंत्रण कर छठ पूजा व्यवस्था कार्य का श्रीगणेश किया गया।

## नगरपालिका आम निर्वाचन-2023 की प्रशासनिक तैयारी शुरू



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** नगरपालिका आम निर्वाचन-2023 की प्रशासनिक तैयारी शुरू हो गई है। इसके तहत मतदाता सूची के विखण्डीकरण से संबंधित प्रशिक्षण सोमवार को समाहरणालय सभागार में दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) शैलेश कुमार सिंह ने कहा कि निर्वाचन संबंधित कार्य को जिम्मेवारी पूर्वक निर्वहन करना है। यह काम निर्धारित समय सीमा में चलता है। प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रवार मतदाता सूची का विखण्डीकरण कार्य 17 अक्टूबर तक चलेगा। इसमें सभी लोग जिम्मेवारी के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि 5 जनवरी 2022 को अंतिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूची को आधार मानकर नगर निकाय के मतदान केंद्र के अनुसार मतदाता सूची का विखण्डीकरण किया जाना है। उन्होंने मतदाता सूची की तैयारी कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन 19 अक्टूबर को किया जाना है। वहीं दावा एवं आपत्ति प्राप्त करने के लिए 29 अक्टूबर 2022 तक की तिथि तय है। साथ ही दावा एवं आपत्ति का निराकरण एवं मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन के लिए 4 नवंबर 2022 तक की तिथि निर्धारित है। इसके बाद अंतिम रूप से तैयार मतदाता सूची आयोग को उपलब्ध करा दिया जाएगा। उन्होंने सभी प्रशिक्षणार्थियों को कहा कि नगरपालिका आम निर्वाचन-2023 के निर्वाचन के लिए मतदाता सूची की तैयारी अवश्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें। प्रशिक्षण में मेदिनीनगर नगर निगम एवं विश्रामपुर नगर परिषद (वर्ग ख) तथा छतरपुर नगर पंचायत, हुसैनाबाद नगर पंचायत एवं हरिहरगंज नगर पंचायत के बीएलओ एवं पर्यवेक्षक को जिला प्रशिक्षक मनु प्रसाद तिवारी द्वारा विस्तारित रूप से प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची के विखण्डीकरण के लिए बीएलओ आधार पत्रक तैयार करें। विधानसभा की मतदाता सूची को आधार मानकर विखण्डीकरण कार्य किया जाना है। मतदाता सूची (पूरक सूची सहित) को ही प्रथमतः वार्डवार विखण्डित की जाएगी एवं नगरपालिका के मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची विखंडन के दौरान ध्यान रखा जाए कि एक ही आवास में निवास करने वाले सभी मतदाताओं का नाम संबंधित वार्ड के एक ही मतदान केंद्र के मतदाता सूची में शामिल होना आवश्यक है।

## डायन बिसाही के आरोप में पति -पत्नी को टांगी से मारकर किया घायल,मामला दर्ज

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के विश्वसिया गांव में डायन बिसाही को लेकर मारपीट हो गयी जिसमे पति पत्नी घायल हो गए।इस संबध में विश्वसिया गांव निवासी प्रवेश यादव ने हुसैनाबाद थाना में तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।जिसमे धर्मेंद्र यादव,जीतन यादव व कुंती कुँवर को आरोपी बनाया है।दिये गए आवेदन में कहा है कि उक्त तीनों मेरे घर आकर मेरी पत्नी समुद्री देवी को डायन बताकर गली गलौज करने लगे।जब हमने मना किया तो टांगी से प्रहार कर घायल कर दिया।जबकि मुझे बचाने आयी पत्नी को भी उक्त लोगो ने मिलकर गंभीर रूप से घायल कर दिया।दिए गए आवेदन में मामले की जांच कर कानूनी कारवाई करने का आग्रह की बात कही गयी है।इस संबंध में हुसैनाबाद थाना प्रभारी जगरनाथ धान ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# 1896 लीज धारियों में मात्र 46 लोगों को ही लीज : महापौर



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** खास महाल भूमि दर निर्धारण हेतु उपायुक्त कक्ष में रखी गई खासमहाल परामर्श दात्री समिति की बैठक में सदस्य के रूप में शामिल होकर महापौर अरुणा शंकर ने बैठक की अध्यक्षता कर रहे उपायुक्त को लिखित देते हुए बैठक से कहा मेरे कार्यालय द्वारा भेजी गई पूरी संचिका पड़ी है जिससे स्पष्ट होता है की टोटल लीज भूमि का रकबा मेदिनीनगर में 622.45 एकड़ है। जिसमें 83.94 एकड़ कृषि लीज 184.11 एकड़ तालाब- नदी ,129.87 एकड़ सरकारी कार्यालय आवास और मात्र 224.53 एकड़ आवासीय एवं व्यवसायिक खासमहाल भूमि है। जिसमें लीज धारियों की संख्या 1896 है। उन्होंने कहा कि मैं बैठक को बताना चाहूंगी कि वर्षों के प्रयास के बाद भी आज 1896 लीज धारियों में मात्र 46 लोगों का ही लीज हो पाया है जो संचिका में भी अंकित है। फल स्वरूप पूरा शहर का डेवलपमेंट रुक गया, ना नक्शा पास हो पा रहा है नाही भूमि रहते कोई विकास कार्य हो रहे और इसका मूल कारण लीज हेतु तय की गई। सरकारी भूमि दर एवं लीज का दर महंगा तथा लीज की प्रक्रिया जटिल होना है। मैं जहां तक समझती हूं कि जब पिछले दर में लीज धारी लीज नवीकरण नहीं करा पा रहे हैं तो और बढ़े दर पर लीज नवीनीकरण करा पाना संभव प्रतीत नहीं होता है। मैं बैठक को यह भी बताना चाहूंगी की जिस बिक्री योग्य भूमि को आधार बनाकर हम लीज भूमि का दर बढ़ाते आ रहे हैं वह भूमि बिक्री हो रही है और हम मात्र 30 वर्ष के किराए (लीज) पर भूखंड दे रहे है। जिन्हें हर 30 वर्ष बाद पुनः भारी भरकम लीज राशि देनी है। अतः मैं बैठक की सदस्य और शहर की प्रथम नागरिक होने के नाते बैठक से अनुरोध करूंगी की बैठक एक बार सरकार को उपरोक्त वस्तु स्थिति से अवगत कराते हुए लीज हेतु निर्धारित सरकारी भूमि दर एवं लीज राशि दर कम करने हेतु प्रस्ताव भेजें ताकि सैकड़ों वर्ष से बसे लीज धारी अपने लीज भूमि का नवीकरण करा कर स्वामित्व पा सके और सरकार को भी एक अच्छा राजस्व मिल सके।

## पांकी विधायक ने भक्ति जागरण कार्यक्रम का किया उद्घाटन



**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** पांकी प्रखंड के लालू मैदान में दुर्गा पूजा के समापन के उपरांत रविवार की रात्रि भक्ति जागरण सह रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन पांकी दुर्गा पूजा समिति व रामजानकी मंदिर समिति के द्वारा किया गया। जिसका उद्घघाटन मुख्य अतिथि पांकी विधायक डॉ शशि भूषण मेहता एवं विशिष्ट अतिथि पांकी प्रमुख पंचम प्रसाद, पांकी पूर्वी मुखिया प्रेम प्रसाद गुप्ता, मंदिर कमेटी के अध्यक्ष मुरली प्रसाद गुप्ता, मधुसूदन प्रसाद गुप्ता, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश प्रवक्ता लवली गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि अजय प्रसाद गुप्ता, पांकी थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी, पिपराटांड़ थाना प्रभारी राहुल गुप्ता, पांकी पूर्वी के पूर्व मुखिया शंकर प्रसाद गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि सुनील प्रसाद गुप्ता ,उपेंद्र गुप्ता, दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष संजय प्रसाद गुप्ता ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विधायक डां शशिभूषण मेहता ने कहा कि भक्ति में अपार शक्ति है। इस तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन से मानसिक विकार दूर होता है। साथ ही लोगों में नई ऊर्जा का भी संचार होता है। डॉ मेहता ने कहा कि पांकी विस की जनता ने दहशतगर्दी व वंशवाद को खत्म कर इतिहास को बदला है। मंच का संचालन सांसद प्रतिनिधि अजय प्रसाद गुप्ता ने किया। मौके पर दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष संजय प्रसाद गुप्ता, उपाध्यक्ष रुपेश प्रसाद गुप्ता, सचिव लखन प्रसाद, कोषाध्यक्ष अखिलेश प्रसाद गुप्ता, राजकुमार प्रसाद गुप्ता, संजीव प्रसाद गुप्ता, मिठू प्रसाद गुप्ता, प्रो. बच्चन ठाकुर, टुनटुन, गोलू, विकाश, गुरु दयाल के अलावा मंदिर कमिटी के सदस्य के अलावा ग्रामीण उपस्थित थे।

## छात्रों ने विकास शुल्क के नाम ठगी करने को लेकर किया हंगामा



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** विद्यार्थी परिषद जनता शिवरात्रि महाविद्यालय इकाई के कार्यकताओं के द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य कक्ष में जमकर हंगामा किया। विद्यार्थियों का विरोध इस बात को लेकर था कि 11वीं 12वीं के नामांकन में प्रत्येक वर्ष विकास शुल्क के नाम पर पैसे की उगाही की जाती है और विकास के नाम पर महाविद्यालय में न तो अच्छे शौचालय की व्यवस्था है और ना ही अच्छे पुस्तकालय। विद्यार्थियों के भारी हंगामे के बाद महाविद्यालय के प्राचार्य ने छात्रों को आश्वस्त किया कि बहुत जल्द महाविद्यालय परिसर में छात्र छात्राओं के लिए शौचालय की व्यवस्था, पीने के पानी की व्यवस्था और एक उच्च स्तर के पुस्तकालय की व्यवस्था भी की जाएगी। मौके पर उपस्थित जिला एसएफडी संयोजक सुमित पाठक ने कहा कि विकास शुल्क के नाम पर लगातार पैसे की उगाही हो रही है लेकिन महाविद्यालय का विकास नहीं हो रहा है। प्राचार्य ने हमें आश्वस्त किया है यदि आश्वासन के अनुसार उन्होंने कार्य नहीं किया तो विद्यार्थी परिषद जनता शिवरात्रि महाविद्यालय में उग्र आंदोलन करेगा और इसके जिम्मेवार महाविद्यालय प्रशासन होगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उत्कर्ष तिवारी, गीतांजलि कुमारी, दीपक पांडे, गौतम ओझा,पूजा कुमारी, संजीव सिंह, रोशनी कुमारी सहित सैकड़ों छात्र छात्रा उपस्थित रहे।

## आपकी योजना,आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिले की 130 पंचायतों में लगाया जायेगा शिविर



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू जिले में आगामी बुधवार से आपकी योजना,आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम के प्रथम चरण के तहत 130 पंचायतों,नगर परिषद विश्रामपुर के 10 वार्डों,नगर पंचायत हुसैनाबाद के 8 वार्डों,नगर पंचायत हरिहरगंज के 8 वार्डों,मेदिनीनगर नगर निगम के 14 वार्डों एवं नगर पंचायत छतरपुर के 8 वार्डों में शिविर लगाकर सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ आम जनों को दिया जायेगा। उक्त बातें उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने कही।वे समाहरणालय के सभागार में सोमवार को संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।इस दौरान उप विकास आयुक्त मेघा भारद्वाज,प्रशिक्षु आईएएस विसपुते श्रीकांत यशवंत,अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह,जिला आपूर्ति पदाधिकारी शब्बीर अहमद भी उपस्थित रहे। उपायुक्त दोड्डे ने कहा कि शिविर में आम नागरिकों को राज्य सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जायेगी।वहीं विभिन्न योजनाओं से संबंधित आवेदन पत्र प्राप्त किया जायेगा एवं प्राप्त आवेदन पत्रों का ऑन स्पॉट निष्पादन भी किया जायेगा। वहीं जिन मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन नहीं हो सकेगा वैसे सभी मामलों को एक महीने के भीतर निपटारा किया जायेगा।उपायुक्त ने कहा कि इस बार के शिविर में प्राप्त होने वाले सभी आवेदनों के अद्यतन स्थिति के बारे में संबंधित लाभुक को एसएमएस के माध्यम से अपडेट किया जायेगा साथ ही प्रत्येक आवेदन का यूनिक आईडी निर्गत करते हुए एक्नॉलेजमेंट स्लीप भी प्रदान किया जायेगा ताकि कभी भी किसी लाभुक के आवेदन को ट्रैक किया जा सके।

**विभिन्न तरह के मामलों का होगा निष्पादन,अलग-अलग योजनाओं से अधिकाधिक लोगों को किया जायेगा लाभान्वित**

डीसी दोड्डे ने कहा कि शिविर में झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के अंतगर्त नया राशन कार्ड स्वीकृत करने हेतु आवेदन पत्र प्राप्त करने,राशन कार्ड हेतु प्राप्त आवेदनों के विरूद्ध स्वीकृत राशन कार्ड लाभान्वित को उपलब्ध कराया जायेगा।वहीं अयोग्य लाभान्वितों को राशन कार्ड सरेंडर करने,राशन कार्ड में त्रुटि के सुधार हेतु आवेदन पत्र प्राप्त कर उसपर कार्रवाई करने का कार्य किया जायेगा साथ ही नये लाभुकों को पेंशन का लाभ स्वीकृत करने हेतु आवेदन पत्र प्राप्त किया जायेगा एवं उसके जांचोपरांत स्वीकृति की कार्रवाई करना तथा स्वीकृति पत्र लाभान्वित का उपलब्ध कराने का कार्य होगा। हड़िया बिक्री के रोजगार में संलग्न महिलाओं की पहचान कर उन्हें फुलों-झानों आशीर्वाद अभियान के तहत वैकल्पिक रोजगार की सुविधा उपलब्ध कराया जायेगा। धोती-साड़ी, कंबल का वितरण किया जायेगा। कृषि ऋण माफी हेतु आवेदन प्राप्त करना तथा उसपर कार्रवाई करना, किसान क्रेडिट कार्ड हेतु आवेदन पत्र प्राप्त करना, बैंको द्वारा स्वीकृत किसान क्रेडिट लाभान्वित को उपलब्ध कराने, कैंप में उपस्थित ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच भी कराया जायेगा। इसके अलावा सेवा का गारंटी अधिनियम के अंतगर्त राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध करायी जा रही विभिन्न सेवाओं यथा-जाति प्रमाण पत्र,आय प्रमाण पत्र तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं यथा पेंशनादि से संबंधित लंबित मामलों का त्वरित गति से निस्तारण किया जायेगा।

## छठ व्रतियों की सुविधाओं को लेकर दंगवार में हुआ समिति का गठन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** दंगवार गांव के ग्रामीण बैंक परिसर के समीप ग्राम वाशियों की बैठक हुई।बैठक की अध्यक्षता मुखिया अमरेंद्र ठाकुर ने की।बैठक में पूर्व की तरह इस वर्ष भी छठ पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया।साथ-साथ छठ व्रतियों की अधिक से अधिक सुविधा उपलब्ध कराने पर भी चर्चा की गयी।इसके सफल संचालन के लिए कमिटी का गठन किया गया।जिसमें सर्वसम्मति से मुखिया अमरेंद्र ठाकुर को अध्यक्ष, पवन कुमार चौधरी को उपाध्यक्ष, प्रिंस कुमार को सचिव,अंकित कुमार व गोबिंदर सिंह को कोषाध्यक्ष, संतोष राम व सुधीर कुमार ठाकुर को व्यवस्थापक मंत्री, राजेश कुमार शर्मा, ललित कुमार,दिनेश कुमार को विद्युत मंत्री,वकील सिंह को सूचना मंत्री के अलावा जितेंद्र कुमार,बिक्की कुमार, मनीष कुमार शर्मा,बसंत कुमार,बिकास सिंह,अक्षय कुमार,लड्डू कुमार,राहुल ठाकुर,विश्वजीत कुमार,अंकित कुमार,ऋषिकेश कुमार,श्याम कुमार,गुड्डू कुमार,सत्या सिंह आदि को सक्रिय सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया।समिति के अध्यक्ष अमरेंद्र ठाकुर ने बताया कि स्थानीय सोननदी के तट पर काफी संख्या में छठ व्रत धारी पहुचते हैं। इस अवसर पर समिति के द्वारा साफ -सफाई , साउंड लाइट की व्यवस्था की जाएगी।वही समिति के लोग छठ व्रतियों की हर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सक्रिय रहेंगे।

## हुसैनाबाद में एमवीआइ ने चलाया चेकिंग अभियान, विभिन्न कारणों से 13 वाहन जब्त

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** पलामू जिला मोटरयान निरीक्षक रंजीत मरांडी ने सोमवार को हुसैनाबाद पुलिस के सहयोग से थाना परिसर के समीप पटेल चौक पर वाहन चेंकिंग अभियान चलाया।चेकिंग के दौरान ओवर लोड, बगैर फिटनेश, इन्सुरेंस फेल पाए गए पिकअप वैन व ऑटो समेत 13वाहनों को जब्त कर हुसैनाबाद थाना के सुपुर्द कर दिया है। **एमवीआई ने वाहन चालकों को दी चेतावनी :** मोटरयान निरीक्षक रंजीत मरांडी ने अन्य वाहन चालकों को चेतावनी देते हुए कहा की कोई भी मालवाहक वाहन ओवरलोड या बिना वैध कागजात पकड़े जाने पर मोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि ओवरलोड वाहन के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने दो पहिया वाहन चालकों को चेतावनी दी की अगर कोई भी बाइक चालक हेलमेट, चालक लाइसेंस और इंशोरेंस के बगैर वाहन के साथ पकड़े जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। कहा कि सड़क सुरक्षा नियमो की अनदेखी करने वाले बाइक चालकों की प्रतिदिन दुर्घटना हो रही है। अपनी जान माल की सुरक्षा के लिए हेलमेट लगाकर ही बाइक चलाएं। उन्होंने कहा की हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र से लगातार शिकायतें मिल रही हैं।लोग सड़क सुरक्षा नियमो को ताक पर रखकर वाहनों का परिचालन करते हैं।मरांडी ने कहा कि चेकिंग अभियान आगे भी जारी रहेगा। मौके पर हुसैनाबाद थाना के पुलिस जवान के अलावा एमवीआई के कई कर्मचारी मौजूद थे।

## ग्रामीणें के बीच बढ़ा बुखार व टायफायड के रोग



**हैदरनगर/पलामू (आजाद सिपाही)।** जिले के हैदरनगर स्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में एक पखवाड़े से बुखार, सर्दी व टायफायड रोग के मरीजों की संख्या बढ़ी है। चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि बीते 15 दिनों से अब तक प्रतिदिन डेढ़ सौ से अधिक मरीजों की इंट्री अस्पताल में हो रही है। जिसमें दर्जनों हुसैनाबाद क्षेत्र के मरीज भी यहां आ रहे हैं। जबकि गढ़वा जिले के विभिन्न क्षेत्रों से औसतन 40 मरीज इलाज कराने यहां आ रहे हैं। जिनमें अधिकांशतः वायरल फिवर, सर्दी जुकाम व टायफायड की शिकायत मिल रही है। उन्होंने कहा कि इस अस्पताल में एकमात्र ड्रेसर की कमी से घटना दुर्घटना व जख्म से संबधित मरीजों को इलाज करने में परेशानी हो रही है। इसके नहीं रहने से ओपीडी छोड़ कभी कभी उन्हें ही इन कामों को निपटाना पड़ता है। जिन्हें सुमुचित जांच के बाद अस्पताल से दवाईयां भी दी जाती है। एमपीडब्ल्यू दिलीप कुमार व लैब टेक्नीशियन शकील ने बताया कि इन मरीजों की जांच के तत्काल रिपोर्ट दिया जाता है। जिससे उन्हें उपयुक्त दवाईयां लेने में सहुलियत हो सके।

## 11 बेरोजगारों को वेयरहाउस एवं इलेक्ट्रीशियन की ट्रेनिंग के लिए भेजा गया रांची



**मोहम्मदगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** जेएसपीएल की ओर से प्रखंड के 11 बेरोजगार युवा एवं युवतियां का चयन कर उन्हें इलेक्ट्रीशियन एवं वेयरहाउस (गोदाम संचालक) के ट्रेनिंग के लिए सोमवार को रांची के लिए रवाना किया गया। जेएसएलपीएस के जीआरपी उदय कुमार ने बताया कि यह योजना पं दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल विकास योजना के तहत केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के द्वारा चलाया जाता है। ब्लॉक एवं थाना के वेरिफिकेशन के बाद छायाप्रति लिपि एक- कॉपी अभिभावकों और एक थाना में जमा किया जाता तभी वेरिफिकेशन के बाद भेजा जाता है ट्रेनिंग के लिए। ट्रेनिंग के दौरान रहना, खाना, बैग,कॉपी,ड्रेस युवतियों के लिए हॉस्टल की व्यवस्था भी होती है। जो इन्हें निशुल्क दिया जाता है। तीन से 6 माह का ट्रेनिंग पूरा होने पर रोजगार के लिए अलग-अलग कंपनियों में भेजा जाता है। प्रशिक्षण पूरा करने पर उन्हें प्रमाण पत्र भी उपलब्ध कराया जाता है। युवा एवं युवतियां की उम्र 18 वर्ष से 30 वर्ष का होने चाहिए कम से कम पांचवी क्लास की शिक्षा प्राप्त आवश्यक है। इस कार्यक्रम में बीपीएम दीपक कुमार सिंह, सीसी दीपक कुमार,एलसीआरपी अजीत कुमार,जीआरपी उदय कुमार, गर्ल हॉस्टल के पीआई शिवानी कुमारी गुप्ता मौजूद थे।

## हैदरनगर में उल्लास के माहौल में निकला जुलूस ए मोहम्मदी



**हैदरनगर/पलामू (आजाद सिपाही)।** ईद मिलादुन्नबी के मौके पर प्रखंड क्षेत्र के सभी मदरसों से जुलूस ए मोहम्मदी पूरे उत्साह के साथ निकला गया। हैदरनगर के भाई बिगहा स्थित मदरसा मोहम्मदिया का जुलूस मौलाना अहमदली खान के नेतृत्व में निकाला गया। जुलूस में बच्चे युवा व बुजुर्ग बड़ी संख्या में शामिल हुए। बच्चों के हाथ में इस्लामी परचम के अलावा देश का परचम, देश की शान तिरंगा भी देखा गया। जुलूस में हुजूर की आमद मरहबा, सरकार की आमद मरहबा समेत पैगंबर मोहम्मद स की शान में नारे लगाए गए। नारों से क्षेत्र गुजायमान रहा। जुलूस में शामिल लोगों को जगह जगह चाय पानी की व्यवस्था भी विभिन्न जगहों पर धर्म प्रेमी लोगों ने की। पश्चिमी पंचायत के उप मुखिया बिगू खान, समाजसेवी प्रवेज अहमद उर्फ टाबू ने बिस्किट पानी व चाय की व्यवस्था की। जुलूस में विधायक प्रतिनिधि एनसीपी नेता सज्जू खान, अशरफ हसन, राजू खान, जफर हवारी, शहजादा खान, अंसार खान, समाजसेवी अजहर अली, नसीम अंसारी, मिस्टर खान के अलावा बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। जुलूस चौक बाजार, स्टेशन रोड, रेलवे गुमटी चौक होते भाई बिगहा में संपन्न हो गया। मरकजी पब्लिक स्कूल बभंडी से निकाला गया जुलूस मस्जिद मोहल्ला, चौक बाजार रेलवे गुमटी चौक होते भाई बिगहा पहुंचा। भाई बिगहा इमामबरगाह के समीप जलसा का आयोजन किया गया। जलसा में बच्चों के अलावा हाफिज सलाहुद्दीन खान के अलावा कई हाफिज और मौलाना ने पैगंबर मोहम्मद स की जीवनी पर विस्तृत प्रकाश डाला। इसके अलावा बंशी पुर, करीमंडी,इस्लामगंज,शेखपुरा, कुडुआ, सिघना समेत विभिन्न मुस्लिम गांव में जुलूस ए मोहम्मदी निकाला गया और मिलादुन्नबी का आयोजन किया गया। जुलूस के दौरान हैदरनगर थाना प्रभारी अजीत कुमार मुंडा, एएसआई भोला ठाकुर दल बाल के साथ शांति व्यवस्था बनाए रखने में मुस्तैद रहे।

# स्पोर्ट्स



**महिला एशिया कप : भारत ने थाईलैंड को 09 विकेट से दी करारी शिकस्त**

## भारत ने आइसीसी टी 20 विश्व कप अभ्यास मैच में वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया को 13 रन से हराया



**पर्थ।** तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और भुवनेश्वर कुमार के शानदार गेंदबाजी और इन-फॉर्म सूर्यकुमार यादव के अर्धशतक की बदौलत भारत ने आईसीसी टी 20 विश्व कप अभ्यास मैच में वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया को 13 रन से हराया। ऑस्ट्रेलिया के हालात में इस जीत से भारत की टी20 विश्व कप की तैयारियों को काफी बढ़ावा मिला है। हालांकि बल्लेबाजी कुछ हद तक कमजोर थी, लेकिन गेंदबाजों ने टीम के लिए काम आसान कर दिया। 159 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टर्न ऑस्ट्रेलियाई टीम कभी भी मैच में नहीं रही। भारतीय तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने डार्सी शॉर्ट और एश्टन टर्नर के विकेट लिए जबकि अर्शदीप सिंह को भी तीन विकेट मिले। पावरप्ले के छह ओवरों में वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया केवल 29 रनों पर 4 विकेट खो दिये थे। 68 रनों के कुल स्कोर पर युजवेंद्र चहल ने भारत को पांचवीं सफलता दिलाई। हालांकि सैम फैनिंग ने दूसरा छोर बचाए रखा और 59 रनों की बेहतरीन पारी खेली। उन्हें अर्शदीप ने आउट किया। वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया 20 ओवरों में 8 विकेट पर 145 रन ही बना सकी। मैच में अर्शदीप ने तीन और भुवनेश्वर ने दो विकेट लिए। वहीं, चहल को दो और हर्षल पटेल को एक-एक विकेट मिला। इससे पहले, फॉर्म में चल रहे सूर्यकुमार यादव (52) के अर्धशतक और दीपक हुड्डा (22) और हार्दिक पांड्या (27) के धैर्य भरी पारियों की बदौलत भारत ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 158 रन बनाया।

## नोवाक जोकोविच ने जीता अस्ताना ओपन के तीसरे संस्करण का खिताब

**अस्ताना।** विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने अस्ताना ओपन के तीसरे संस्करण का खिताब जीत लिया है। रविवार को खेले गए खिताबी मुकाबले में जोकोविच ने स्टेफानोस त्सित्सिपास को 6-3, 6-4 से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। यह मुकाबला 75 मिनट तक चला। जोकोविच की यह लगातार नौवीं मैच जीत थी। उन्होंने सिर्फ एक हफ्ते पहले इजराइल में तेल अवीव ओपन का खिताब जीता था। 35 साल के जोकोविच की यह 90वीं टूर-लेवल जीत थी। जीत के बाद जोकोविच ने कहा, "मैंने वास्तव में सपने देखने की हिम्मत की। मुझे हमेशा उम्मीद थी कि मेरा करियर शानदार होगा। जाहिर है, मुझे नहीं पता था कि मैं कितने फाइनल में खेलने जा रहा हूं, कितने टूनार्मेंट मैं जीतने जा रहा हूं, लेकिन मेरा इरादा हमेशा हमारे खेल में उच्चतम ऊंचाइयों तक पहुंचने का था। उन्होंने कहा, मैं भाग्यशाली हूं कि अपने जीवन के इस पड़ाव पर इतना अच्छा खेल पा रहा हूं। मैं अब 35 का हो गया हूं, मुझे लगता है कि इस तरह के मैचों और बड़े मौकों में अनुभव भी मदद करता है।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## रोजगार की मांग को लेकर काम रोककर प्रदर्शन, आश्वासन के बाद आंदोलन स्थगित



बेरमो (आजाद सिपाही)। सीसीएल बीएंडके एरिया के खासमहल कोनार परियोजना में कार्यरत आउटसोर्सिंग कंपनी में रोजगार की मांग को लेकर आजसू की ओर से सोमवार को कंपनी का काम रोक कर विरोध प्रदर्शन किया गया। इसकी जानकारी मिलने के बाद परियोजना कार्यालय में पीओ राजीव कुमार सिंह एवं कंपनी प्रतिनिधि राकेश सिन्हा की उपस्थिति में वार्ता हुई। जिसमें आजसू के जिला अध्यक्ष सचिन महतो सहित कई लोग उपस्थित थे। सचिन महतो ने कहा कि कंपनी द्वारा स्थानीय विस्थापित बेरोजगारों की उपेक्षा की जा रही है। राज्य सरकार ने भी आउटसोर्सिंग कंपनियों में 75 फीसदी स्थानीय बेरोजगारों को नियोजन देने की बात कही थी पर कंपनी द्वारा इसका पालन नहीं किया जा रहा है। युवा रोकजाग के लिए दूसरे राज्यों में पलायन को मजबूर हैं। इसलिए पहली प्राथमिकता इन्हें मिलनी चाहिए। इस पर पीओ ने कहा कि स्थानीय विस्थापित ग्रामीणों के सहयोग के बिना माइंस नहीं चल सकती। कंपनी को भी निर्देश दिए गए हैं कि जो भी नियोजन है उसमें स्थानीय को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने आश्वस्त किया कि कंपनी में अगर कहीं भी कर्मियों की जरूरत होगी तो पहली प्राथमिकता स्थानीय को दी जाएगी। वहीं, वार्ता के बाद आंदोलन स्थगित कर दिया गया। इस मौके पर बेरमो प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष कृष्णा महतो, नावाडीह प्रखंड अध्यक्ष मिश्रीलाल महतो, वीरू हरो, लौकी महतो, रोशन महतो, महादेव महतो, विनोद महतो, जद्दू महतो, सीताराम महतो, फूलचंद महतो, श्याम सुंदर महतो, रोहन कुमार, पंकज कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

## कतरास मेला में वाहन पार्किंग के नाम पर वसूली जा रही मनमानी धनराशि




कतरास (आजाद सिपाही)। कतरास कोयलांचल में दुर्गापूजा के उपलक्ष्य में आयोजित मेला अभी भी लगा हुआ है। कतरास थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में मेला लगा हुआ है। जहां प्रतिदिन हजारों लोग पहुंच रहे हैं। उसमें अधिकांश लोग बाइक से पहुंच रहे हैं। वाहनों को पार्किंग के लिए गुहिबांध, छाताबाद पुल, कतरी नदी के समीप वाहन पार्किंग स्थल बनाये गए है। जहां पार्किंग के नाम पर मनमानी राशि वसूली जा रही है। बाइक से जहां 10 रुपये और कार से 20 रुपये लेना है, वहीं निगम के ठीकेदार 20 रुपये से लेकर 100 रुपये तक वसूली कर रहे है। निगम ठेकेदार मेला को लेकर अलग से पार्किंग टिकट छपवा लिया है। वहीं अवैध कार पार्किंग स्थल से 50 रुपये लिया जा रहा है। वो कतरास नगर-निगम कार्यालय के समक्ष स्थित है। निगम के अधिकारी व कर्मचारी के अलावा पुलिस प्रशासन मूकदर्शक बनी सब देख रही है।

## इएसएल सीएसआर टीम के युवाओं ने लिया वॉकथॉन में भाग




बोकारो (आजाद सिपाही)। इएसएल स्टील लिमिटेड की सीएसआर टीम द्वारा वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन के समर्थन में नंद घर और आर्चरी अकादमी में एक वॉकथॉन का आयोजन किया गया। दोनों ही इएसएल सीएसआर टीम की प्राथमिक परियोजनओं में सम्मिलत हैं। इस वॉकथॉन-रन फॉर जीरो हंगर में बच्चों को शामिल करने का मुख्य कारण उनमें समुदाय और जीवन यापन के लिए संघर्ष कर रहे लोगों के लिए जिम्मेदारी की भावना उत्पन करना था, ताकि वे आने वाले समय में समाज के प्रति जिम्मेदारियों को निभाये। नंद घर एवं तीरंदाजी अकादमी के विद्यार्थियों के साथ वेदांता स्किल स्कूल के विद्यार्थियों ने भी भाग लिया। ये छात्र सीएसआर टीम के साथ ही उनके शिक्षकों, कोचों और मेडिकल टीम की निगरानी में थे। दोनों केंद्रों के 150 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया।

## बेरमो को जिला बनाने को लेकर चार लाख लोगों का मिला हस्ताक्षरित समर्थन



तेनुघाट (आजाद सिपाही)। बेरमो जिला बनाओ संघर्ष समिति के संयोजक संतोष कुमार नायक, सह संयोजक वकील प्रसाद ने सोमवार को तेनुघाट में बैठक की। उसमें बताया गया कि बेरमो के 40 पंचायतों के दौरा के बाद चार लाख लोगों का समर्थन मिल रहा है। इससे साफ जाहिर है कि जनता जागरूक हो चुकी है और बेरमो को जिला बनाने से कोई नहीं रोक सकता है।

## भाजपा नेत्री रागिनी सिंह ने ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर प्रबंधन से की वार्ता



धनबाद (आजाद सिपाही)। भगतडीह भाजपा नेत्री रागिनी सिंह ने सोमवार को भेड़ा कांटा बस्ती के ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर आउटसोर्सिंग कंपनी प्रबंधक कुंभनाथ सिंह से बस्ती में ग्रामीणों के समक्ष वार्ता की। ग्रामीणों का आरोप था कि बीसीसीएल प्रबंधन द्वारा शुरू कराए गए आउटसोर्सिंग कंपनी के प्रदूषण से त्रस्त है। स्थानीय बेरोजगार व ग्रामीण युवक को रोजगार नहीं मिल रहा है। बस्ती में पेयजल की समस्या गंभीर है। ग्रामीणों की रैयति जमीन के बदले बीसीसीएल प्रबंधन ने आज तक कोई मुआवजा ग्रामीणों को नहीं दिया। इस मुद्दे पर रागिनी सिंह ने कहा कि आउटसोर्सिंग परियोजना ग्रामीणों के मदद के बिना शुरू नहीं हुई है। कंपनी प्रबंधक ग्रामीणों की समस्याओं को दूर करने में सहयोग करें। वहीं कुंभनाथ सिंह ने कहा कि बीसीसीएल अधिकारियों से वार्ता कर पीट वाटर की व्यवस्था बोरिंग कर कराए जाने का प्रयास किया जाएगा। ग्रामीणों को उनके जमीन का मुआवजा मिले। इस मौके पर जमसं असंगठित मजदूर नेता प्रेम गोप, शैलेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे।

### झरिया में फिर दिखा रफ्तार का कहर : लोहे के खंभों को तोड़ बाइक को घसीटती रही ट्रक

# बौराई ट्रक ने बाइक सवार को रौंदा, मौसा-भतीजे की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद/झरिया।** झरिया-धनबाद मुख्यमार्ग पर किड्स गार्डन स्कूल के समीप रविवार की रात 11.30 बजे बौराई ट्रक ने बाइक सवार को रौंद दिया, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई। उनकी पहचान सौरभ गोराई (23) और अंबुज गोराई (50) के रूप में हुई है। सौरभ भौंरा और अंबुज पश्चिम बंगाल के पुरुलयिा का रहने वाले थे। दोनों रिश्ते में मौसा-भतीजा हैं। वहीं, घटना और पुलिस व एम्बुलेंस के देर से आने से नाराज स्थानीय लोगों सड़क जाम कर दिया। इसकी सूचना पाकर झरिया थानेदार पंकज झा मौके पर पहुंचे और लोगों को समझा बुझा कर शांत कराया। साथ ही शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लगे हाथ दोनों वाहनों को जब्त कर थाने ले गए। वहीं स्थानीय लोगों ने ट्रक चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया, जिसे पुलिस अपने साथ ले गई।



मृतक सौरभ गोराई की फाइल फोटो।



ट्रक के नीचे फंसी बाइक।



हादसे के बाद मौके पर उमड़ी भीड़ और शवों को ले जाती पुलिस।

### ये है मामला

जानकारी के मुताबिक सौरभ अपने मौसा और एक पड़ोसी के साथ बाइक पर सवार होकर भौंरा 7बी स्थित अपने आवास से धनबाद स्टेशन जा रहा था। वहां से रांची के लिए ट्रेन पकड़नी थी। तभी किड्स गार्डन स्कूल के समीप आयरन चिप्स ढोने वाली खाली ट्रक तेज रफ्तार में आई और उन्हें सीधा टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बिजली के एक लोहे के खंभे को तोड़ते हुए बाइक को कुछ दूर तक घसीट ले गई। इस हादसे में सौरभ की मौके पर ही मौत हो गई। वह सेना में भर्ती की तैयारी कर रहा था। उसके पिता सपन गोराई खेती बाड़ी कर जीविका चलाते हैं। सौरभ का एक छोटा भाई भई है। जबकि मौसा अंबुज अपनी साली से मिलने भौंरा आये थे।

### लोगों ने की स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग

घटनास्थल के समीप ही पानी की टंकी है, जहां से आसपास के हजारों लोग पानी भरते हैं। घटना के समय भी वहां दर्जनों लोग पानी भर रहे थे। बौराई ट्रक अलग सड़क के दूसरे किनारे स्थित पानी टंकी की ओर मुड़ जाती को बड़ा हादसा हो सकता ता। वहीं, घटनास्थल से कुछ मीटर की दूरी पर ही किड्स गार्डन स्कूल है। ज्यादातर उक्त सड़क पर कोयला और आयरन चिप्स ढोने वाले वाहनों का आवागमन होता है। यह देख स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचे झरिया थानेदार से स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग की है।

### लगातार दुर्घटना से लोग भयभीय

हाल के दिनों में फिर से झरिया-धनबाद मुख्यमार्ग पर सड़क दुर्घटनाओं में तेजी आई है। जिससे शहरवासी चिंतित और भयभीत हैं। पिछले दिनों बनियाहिर निवासी राजेश पासवान भी एनाकोठी के समीप ट्रक की चपेट में आ गए थे, जिससे उनके बेटे की मौत हो गयी, जबकि बेटी अब भी दिल्ली के एम्स अस्पताल में इलाजरत है। वहीं दुर्गापूजा के सप्तमी की सुबह नो इंट्री के समय झरिया स्टेशन के समीप बेलभरणी की पूजा सम्पन्न करा कर लौट रहे पुजारी को अपनी चपेट में ले लिया था। सड़क हादसों का मुद्दा कई बार झरिया में आयोजित शांति समिति की बैठकों में भी उठ चुका है, लेकिन कोई ठोस पहल नहीं हुई।

## जरीडीह पूर्वी व पश्चिमी पंचायत में नया जल मीनार बनाने की शुरू हुई कवायद, लोगों की बुझेगी प्यास

**जरीडीह पूर्वी पंचायत सचिवालय में ग्रामसभा आयोजित, जल एवं स्वच्छता विभाग के अधिकारियों के साथ हुई अहम बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता




**जरीडीह बाजार/बेरमो।** पानी की समस्या से निजात दिलाने के लिए सोमवार को जरीडीह पूर्वी पंचायत सचिवालय में दोनों पंचायत प्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, विभिन्न राजनीतिक दलों, वार्ड सदस्यों और बुद्धिजीवी ग्रामीणों के साथ पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अधिकारियों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता मुखिया कंचन देवी ने की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जरीडीह पूर्वी पंचायत वासियों के लिए झंडा चौक स्थित शहीद पार्क में नया जल मीनार का निर्माण किया जायेगा। वहीं, जरीडीह पश्चिमी पंचायत वासियों के लिए पूर्व में बने जर्जर जल मीनार को खंडित कर नया जल मीनार बनाने का निर्णय लिया गया। दोनों पंचायत का वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण जरीडीह पूर्वी दामोदर नदी तट पर कराया जाएगा। वहीं से अलग-अलग मोटर की मदद से दोनों पंचायत के जल मीनार में पानी पहुंचाया जाएगा। नजदीकी जल मीनार से नजदीकी टोला, मोहल्ला में पेयजल आपूर्ति किया जाएगा। पूर्व के सर्वे के मुताबिक जरीडीह पश्चिमी पंचायत के 17 टोला और पूर्वी पंचायत के 12 वार्ड में जरूरत के हिसाब से पाइप लाइन बिछाया जाएगा। ग्रामसभा में कहा गया कि एक भी घर पानी से वंचित नहीं रहेगा। सभी कार्य पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की ओर से बेरमो विधायक अनूप सिंह की अनुशंसा पर किया जा रहा है। अनूप सिंह ने चुनाव में पानी की समस्या के समाधान करने की घोषणा की थी जो अब धरातल पर उतरते नजर आ रहा है। बताया गया कि कुछ ही महीनों में यहां जल मीनार और फिल्टर प्लांट का कार्य शुरू कर दिया जायेगा। इस दौरान मौके पर मुखिया देवंती देवी, पंसस पिंकी देवी, पंसस शंभू सोनी, पूर्व मुखिया सह कांग्रेसी नेता ओम प्रकाश साव, पूर्व पंचायत समिति सदस्य अजय भगत, कांग्रेसी नेता सरदार लक्की सिंह, बबलू भगत, कांग्रेस पंचायत अध्यक्ष प्रमोद साव, गोपाल रविदास, सूरज रविदास, मोहम्मद खालिक, समाजसेवी धनेश्वर महतो, भाजपा युवा नेता रोबिन कसेरा, प्रदीप साव, राजू गुप्ता, जल सहिया किरण देवी, सुनीता देवी के अलावा पेयजल स्वच्छता विभाग के सहायक अभियंता शास्त्री, कनीय अभियंता सुरेश तिग्गा, वीरेंद्र कुमार, दिलीप कुमार गंजू आदि उपस्थित थे।

## काम देने का झांसा देकर 1400 महिलाओं से ठगी

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** राजस्थान की एलप्रो इंटरप्राइजेज कंपनी ने धनबाद जिले के विभिन्न इलाकों की करीब 1400 महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के लिये मोतियों की माला गूंथने के लिए काम पर रखा। सभी महिलाओं से करीब दो महीने तक काम भी करवाया गया। इसके बाद कंपनी अचानक बोरिया बिस्तार बांध कर फरार हो गई। इससे नाराज सैकड़ों महिला-पुरुष सोमवार को बैंक मोड़ थाना पहुंचे और प्रदर्शन किया। साथ ही कंपनी के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई। महिलाओं का आरोप है कि कंपनी ने माला गूंथने का काम देने के एवज में प्रत्येक महिलाओं से 1600-1600 रुपए सिक्यूरिटी मनी के रूप में जमा भी कराया। दो माह बाद जब वेतन देने की बात हुई, तो कंपनी प्रबंधक फरार हो गए। वहीं, संगीता देवी और सीमा देवी ने बताया कि एलप्रो इंटरप्राइजेज कंपनी ने बैंक मोड़ स्थित उर्मिला टावर में अपना ऑफिस खोला था। प्रतिनिधि राहुल कुमार, जतिन कुमार व दिनेश कुमार ने एजेंट के माध्यम से 1400 महिलाओं काम पर रखा था।

### भेलाटांड़ वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के लीकेज की मरम्मत का असर

# धनबाद में आज भी रहेगी पानी की किल्लत 4.5 लाख की आबादी पर पड़ेगा असर

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** शहर को मंगलवार को भी पानी की कील्लत से जूझना पड़ेगा। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग ने इसकी पूर्व घोषणा की है। इस दौरान भेलाटांड़ वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के लीकेज की मरम्मत की जानी है। जलापूर्ति बंद रहने के कारण पूरे शहर को जलसंकट से इस दिन रूबरू होना पड़ा। मैथन डैम का पानी भेलाटांड़ वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में आता है। यहां प्लांट में पानी को साफ किया जाता है। इसके बाद इसे शहरी क्षेत्र में बनी 19 जलमीनारों में भेजा जाता है। यहां से पानी की आपूर्ति लोगों के घरों में की जाती है। भेलाटांड़ वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में लीकेज हो गया है। इससे काफी पानी बर्बाद हो रहा है। पानी की इस बबार्दी को रोकने के लिए इसकी मरम्मत कराई जानी है। इसके लिए विभाग ने सोमवार और मंगलवार को जलापूर्ति बंद रखने का निर्णय लिया है। इस दौरान मैथन से ही पानी नहीं छोड़ा जाएगा। प्लांट को ड्राई कर लीकेज को ठीक किया जाएगा। इस मरम्मत कार्य को लेकर मंगलवार को भी जलापूर्ति बाधित रहेगी। इस कारण रविवार को पानी चलाकर शहरी क्षेत्र की सभी 19 जलमीनारों को भर दिया गया था और इससे जलापूर्ति की गई। अधिकारियों के अनुसार जलापूर्ति बाधित होने की पूर्व घोषणा कर दी गई थी। इससे अधिकांश लोगों ने रविवार को ही पानी स्टोर कर लिया है। उम्मीद है दो दिनों के व्यवधान से लोगों को पानी के पानी की ज्यादा किल्लत नहीं झेलनी पड़गी। उधर, दो दिनों तक जलापूर्ति बाधित रहने से 4.5 लाख की शहरी आबादी को पानी के लिए परेशान होना पड़ेगा। लोगों को पीने के पानी के लिए दूसरे विकल्पों पर निर्भर रहना होगा। विभाग के अधिकारियों के अनुसार बुधवार की सुबह से जलापूर्ति शुरू होने की संभावना है।



प्रतिकात्मक फाइल फोटो।

## विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

बोकारो (आजाद सिपाही)। नालसा, झालसा एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह बोकारो जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष कुमारी रंजना अस्थाना के निर्देशानुसार सोमवार को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर सदर अस्पताल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके जरिए लोगों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। बताया गया कि हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के बीच गहरा संबंध है, लेकिन अभी भी ज्यादातर लोग इस पर ध्यान नहीं देते। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य एक ही सिक्के के दो पहलू की तरह है।

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
प्राचार्य का कार्यालय, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गुमला
सिलम, जशपुर रोड,गुमला – 835232
Email id -principalitigumla@gmail.com

नामांकन संबंधी सूचना

झारखण्ड राज्य सरकार द्वारा NCVT के अन्तर्गत संचालित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सिलम, (गुमला)/घाघरा (गुमला)/ सिसई (गुमला) एवं महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सिलम (गुमला) में ऑनलाईन एवं जिलास्तरीय ऑफलाईन काउंसेलिग के द्वारा नामांकन के उपरांत शेश सीटों के विरूद्ध नामांकन के लिए निदेशालय पत्रांक 1236 दिनांक 07.10.2022 के आलोक में जिला स्तर पर गठित नामांकन कमिटी के द्वारा शैक्षणिक सत्र 2022–23–24 में नामांकन लिया जाना है। अंकित व्यवसायों में नामांकन हेतु इच्छुक महिला एवं पुरूष उम्मीदवारों से अनुसूची "क" के अनुसार हस्तलिखित/टंकित आवेदन पत्र दिनांक 28 अक्टूबर– 2022 तक आमंत्रित किये जाते है। आवेदन के लिये निम्न शर्तें लागू होगी –1. शैक्षणिक योग्यता :– भिन्न–भिन्न व्यवसायों में नामांकन हेतू शैक्षणिक योग्यता DGT द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप होगी, जो निम्नवत है:–

| क्रॉ सॉ | व्यवसाय | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|
| 1 | ELECTRICIAN (विधुत) | Pased 10 th class examination under 10 +2 System of education with Science and Mathematics or its equivalent. |
| 2 | FITTER . (फिटर) | |
| 3 | COPA | |
| 4 | M.M.V (मोटर मेकेनिक व्हीकल), | |
| 5 | ELECTRONICS MECHANIC(इलेक्ट्रोनिक्स मैकनिक) | |
| 6 | Diesel Machenic | |
| 7 | WIREMAN (वायरमैन), | Passed 8 th class. |
| 8 | WELDER (वेल्डर) | |

2. आयु (Age) :–
(1). 01 जूलाई 2022 को न्यनतम आयु 14 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष के बीच होनी चाहिये।
(II) सैन्य कार्रवाई में मारे गये सैन्य कर्मियों के विधवाओं के मामले में अधिकतम आयु 45 वर्ष तक मानी जायेगी।
(III) आयु का निर्धारण केवल मैट्रिक या समकक्ष परीक्षा के मूल प्रमाण पत्र /औपबांधित प्रमाण पत्र / विद्यालय परित्यागप्रमाण पत्र में अंकित जन्म तिथि ही मान्य होगी।
(IV) आठवीं उत्तीर्ण छात्रों के लिये प्रधानाध्यापक द्वारा जारी उतीर्णता प्रमाण पत्र में अंकित जन्म तिथि ही मान्य होगी।
3. संस्थान में नामांकन लेते समय प्रशिक्षणार्थियों को 500/–(पाुच सौ रू) मात्र् अवधान (Caution money) राशि के रूप में जमा करना होगा अगर प्रशिक्षण अवधि के दौरान प्रशिक्षणार्थियों द्वारा संस्थान का कोई भी सामान खो जाता है या सामान को जानबुझकर तोड़ दिया जाता है तो उसकी कीमत कौशामनी से काट ली जायेगी तथा अन्य उचित कार्रवाई की जायेगी/उतीर्ण होने के एक वर्ष के अन्दर प्रशिक्षणर्थी द्वारा कौशनमनी वापस नहीं ली जाती है तो वह राशि स्वतः जब्त हो जायेगी और उसे सरकारी खाजाने मे जमा कर दिया जायेगा। संस्थान में प्रवेश के लिये कोई शुल्क नहीं लिया जायेगा परन्तु प्रशिक्षण शुल्क Gen/OBC के लिए 40/–(चालीस रू) एवं ST/SC के लिए 20/–(बीस रू) मासिक देय होगा।
4. **अनुलग्नक** :– सभी प्रमाण पत्रों की स्व अभिप्रमाणित छाया प्रति यथा जाति/आवासीय/EWS/SMQ/PH संलग्न करना अनिवार्य है। सभी मूल प्रमाण पत्र नामांकन समिति के समक्ष साक्षात्कार के दिन प्रस्तुत करना होगा। पांच फोटो, आघार कार्ड, ईमेल आईडी लाना आवश्यक है।
5. **साक्षात्कार** :– सभी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में नामांकन हेतु साक्षात्कार औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गुमला, सिलम (जशपुर रोड, CRPF Camp] जिला–गुमला, में होगा। साक्षात्कार की तारीक एवं समय की सूचना माबाईल के द्वारा दी जाएगी। साक्षात्कार प्रवेशिका या समकक्ष परीक्षा में प्राप्त अंक के आधार पर नामांकन समिति क समक्ष उपस्थित होने के समय उपलब्ध सीट के आलोक में ओपेन बोर्ड प्राणली द्वारा मैट्रिक के प्राप्तांक/मेरीट के आधार पर नामांकन नियमानुसार किया जायेगा। आवेदक अपने इच्छानुसार किसी भी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एवं व्यवसाय का चयन कर सकते है।
6. प्रशिक्षण के लिये शारीरिक योग्यता होनी चाहिये। उम्मीदवारों को यह लिखित आश्वासन देना होगा कि वे प्रशिक्षण की अवधि में अनुशासन का पालन करेंगे। प्रशिक्षण के दौरान या समाप्ति पूर्व प्रशिक्षण कभी भंग नहीं करेगें।
7. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति /पिछड़े वर्ग के प्रशिक्षणार्थियों को कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार से नियमानुसार छात्रवृति भी मिल सकती है।
8. **आवासीय अहर्त्ता** :–औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गुमला, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, घाघरा (गुमला) एवं महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गुमला, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सिसई, गुमला में वे ही उम्मीदवार नामांकन ले सकते है जो झारखण्ड राज्य के निवासी या स्थायी निवासी की श्रेणी में आते है । झारखण्ड सरकार के कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राज्य भाषा विभाग क पत्रांक–14/स्थानीयता नीति 14 –03/2016 का 4650 दिनांक 02.जून 2016 (संकल्प संख्या 3198, दिनांक 18.04.2016 ) में स्थानीय निवासी को परिभाषित किया गया है। स्थानीय निवास प्रमाण पत्र सक्षम पदाधिकारी (अंचल अधिकारी/अनुमण्डल पदाधिकारी/उपायुक्त )– C.O /SDO/DC द्वारा निर्गत होना चाहिए। मूल प्रति साक्षात्कार के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
9. जाति आधारित अर्हता – नामांकन में झारखण्ड सरकार द्वारा लागू अद्यतन आरक्षण नीति का पालन किया जायेगा / आरक्षित सीटों पर दावा करने वाले उम्मीदवारों को सक्षम पदाधिकारी/(अंचल अधिकारी/अनुमण्डल पदाधिकारी/उपायुक्त )– C.O/SDO/DC द्वारा निर्गत जाति प्रमाण पत्र की मूल प्रति साक्षात्कार के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
10. **आरक्षण अर्हता** :– i- आरक्षण का प्रावधान कार्मिक प्रशानिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के आरक्षण नीति के अनुसार आरक्षण देय होगा।
ii मेरिट से चूने गये आरक्षित वर्ग क उम्मीदवारों को आरक्षित सीटों के विरूद्ध समायोजित नहीं किया जायेगा । बल्कि खुली गुणा–गुण कोटि के 50 प्रतिशत रिक्तियों के विरूद्ध माना जायेगा।
iii . संस्थान में शेष रिक्त सीटों के विरूद्ध ही नामांकन होगा।

**रिक्त सीटों की विवरणी:–**
1 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गुमला रिक्त सीट – 26
2 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, घाघरा गुमला रिक्त सीट – 84
3 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, LWE सिसई, गुमला रिक्त सीट – 122
4 महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गुमला रिक्त सीट – 16

**नोट** :– 1. महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गुमला में सिर्फ महिला उम्मीदवार ही नामांकन ले सकते है।
2. आवेदन पत्र का प्रारूप अनुसूची "क" **www.gumla.nic.in** पर डाउनलोड किया जा सकता है या संस्थान से सर्म्पक कर प्राप्त किया जा सकता है।
3. आवेदन पत्र निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट/साधारन डाक या हाथों–हाथ से दिनांक– 28 अक्टूबर 2022 संध्या 05 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। अन्तिम तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।
4. सभी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, के लिए आवेदन पत्र भेजने का पता–प्राचार्य, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गुमला, सिलम, पोस्ट– करौंदी, थाना+जिला–गुमला, (झारखण्ड) पिन कोड –835232

प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गुमला।

PR.NO.279506 Labour Employment and Traning(22-23):D

# दुनिया के इकलौते शाकाहारी मगरमच्छ 'बाबिया' का निधन

## चावल-गुड़ का प्रसादम खाता था : 70 साल से केरल के मंदिर में रहता था

आजाद सिपाही संवाददाता

**तिरुवनंतपुरम।** दुनिया के इकलौते शाकाहारी मगरमच्छ का केरल में निधन हो गया। 70 साल से यह मगरमच्छ कासरगोड जिले के श्रीअनंतपद्मनाभस्वामी मंदिर की झील में रहता था। अनंतपुरा झील में रहकर मंदिर परिसर की रखवाली करता था। पुजारियों ने हिंदू रीति-रिवाज से मगरमच्छ की अंतिम यात्रा निकाली। परिसर के पास ही उसे दफनाया।



मगरमच्छ को प्यार से बाबिया कहा जाता था। वह मंदिर में चढ़ा/२ जाने वाले चावल-गुड़ के प्रसादम को खाता था। बाबिया शनिवार से लापता था। रविवार रात करीब 11.30 बजे उसका शव झील में तैरता मिला। इसके बाद मंदिर प्रशासन ने पशुपालन विभाग और पुलिस को सूचना दी।

**मगरमच्छ को देखने के लिए उमड़ी भीड़ :** मगरमच्छ को अंतिम बार देखने के लिए कई राजनेता और सैकड़ों लोग पहुंचे। भीड़ ज्यादा बढ़ने लगी तो शव को झील से हटाकर खुली जगह में रख दिया गया।

**अंतिम दर्शन करने के लिए केंद्रीय राज्य मंत्री पहुंचे :** बाबिया को देखने के लिए केंद्रीय राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे भी पहुंची। उन्होंने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि मगरमच्छ 70 सालों से मंदिर में रहता था। भगवान उसे मोक्ष दे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के सुरेंद्रन ने कहा कि लाखों भक्तों ने भगवान की छवि देखते हुए मगरमच्छ के दर्शन किये। बाबिया को भावपूर्ण श्रद्धांजलि।

**मगरमच्छ को चावल पसंद थे :** पुजारियों का दावा है कि मगरमच्छ पूरी तरह से शाकाहारी था और झील में मछली या अन्य जीवों को नहीं खाता था। बाबिया एक गुफा में रहता था। दिन में दो बार मंदिर के दर्शन के लिए गुफा से निकलता था और थोड़ी देर टहलने से बाद अंदर चला जाता था। मगरमच्छ मंदिर में चढ़ाया जाने वाला प्रसाद ही खाता था। उसे पके चावल और गुड़ बेहद पसंद था। कई लोग मंदिर में भगवान के दर्शन के अलावा बाबिया को देखने आते थे और अपने हाथों से उसे चावल खिलाते थे। लोग का दावा है कि मगरमच्छ ने आजतक किसी को भी नुकसान नहीं पहुंचाया।

**मगरमच्छ का इतिहास :** मान्यता है कि सदियों पहले एक महात्मा इसी मंदिर में तपस्या कर रहे थे। तभी भगवान श्री कृष्ण बच्चे का रूप रख कर महात्मा को परेशान करने लगे। इस बात से नाराज होकर महात्मा ने कृष्ण को तालाब में धक्का दे दिया। जब उन्हें अपनी गलती का अहसास हुआ तो भगवान को ढूंढने लगे, लेकिन पानी में कोई नहीं मिला। इस घटना के बाद पास में एक गुफा दिखायी दी। लोगों का मानना है कि इसी गुफा से भगवान गायब हो गये थे। कुछ दिनों बाद यहां से मगरमच्छ आने-जाने लगा। आसपास रहने वाले वृद्धों का कहना है कि झील में रहने वाला यह तीसरा मगरमच्छ था। वहां पर एक ही मगरमच्छ दिखायी देता था। उसके बूढ़े होकर मर जाने के बाद नया मगरमच्छ अचानक आ जाता था।

# देश अपनी बुलंदियों को छू रहा है : लक्ष्मण प्रसाद सिंह



आजाद सिपाही संवाददाता

**राजधानवार।** राजधानवार में डोरंडा दुर्गा मंदिर के प्रांगण में सोमवार को भारतीय कार्यकर्ताओं की संगठनात्मक बैठक पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह और जिला अध्यक्ष बीजेपी महादेव दुबे की अध्यक्षता में संपूर्ण हुई। लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विकास कार्यों का वर्णन करते हुए बताया कि हमारा देशअपनी बुलंदियों को छू रहा है। देश के युवा और कार्यकर्ता एवं जन-जन मिलकर देश को एक नयी राह पर आगे ले जा रहे हैं। इस बैठक में मंशाडीह मंडल अध्यक्ष राजेंद्र यादव, धनवार मंडल अध्यक्ष उत्तम कुमार, डोरंडा मण्डल अध्यक्ष प्रधुमन कुमार एवं महेंद्र चौधरी, शेखर, सुरेंद्र, सुनील एवं सैकड़ों कार्यकर्ता की उपस्थिति थे।

# संबलपुर और खुर्दा रोड रेलवे जोन में चल रहा है आधुनिकीकरण कार्य

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** तीसरी लाइन परियोजना के क्रियान्वयन को देखते हुए रेल सेवाएं इस प्रकार प्रभावित होंगी ।

**ट्रेनों का रद्दीकरण :** 08317/08318 संबलपुर-जूनागड रोड-संबलपुर पैसेंजर 14 से 20 अक्टूबर 2022 तक और जूनागड रोड से 15 से 21 अक्टूबर 2022 तक। 08527/08528 रायपुर-विशाखापत्तनम रायपुर पैसेंजर, रायपुर से 15 से 21 अक्टूबर तक और विशाखापत्तनम से 14 से 20 अक्टूबर 2022 तक। 08275/08276 रायपुर-जूनागड रोड-रायपुर पैसेंजर , रायपुर से15 से 20 अक्टूबर 2022 तक और जूनागढ़ रोड से 16 से 21 अक्टूबर 2022 तक। 08438/08437 कटक-भद्रक-कटक पैसेंजर 14 से 17 अक्टूबर 2022 तक दोनों दिशाओं से।

**ट्रेनों का आंशिक रद्दीकरण :** 18005/18006 हावड़ा-जगदलपुर-हावड़ा समलेश्वरी एक्सप्रेस 16 अक्टूबर 2022 को हावड़ा से और 17 अक्टूबर 2022 को जगदलपुर से हावड़ा और टिटिलागड के बीच चलेगी और दोनों दिशाओं से टिटिलागड और जगदलपुर के बीच रद्द रहेगी। 18001/18002 संबलपुर-रायगड़ा-संबलपुर एक्सप्रेस दोनों दिशाओं से 16 से 20 अक्टूबर 2022 तक संबलपुर और टिटिलागढ़ के बीच चलेगी और दोनों दिशाओं से टिटिलागड और रायगडा के बीच रद्द रहेगी। 20837/20838 भुवनेश्वर-जूनागड रोड-भुवनेश्वर एक्सप्रेस 16 से 19 अक्टूबर तक भुवनेश्वर से और जूनागड रोड से 17 से 20 अक्टूबर 2022 तक भुवनेश्वर और रायगडा के बीच चलेगी और दोनों दिशाओं से रायगडा और जूनागड रोड के बीच रद्द रहेगी।

**ट्रेनों का डायवर्जन :** हावड़ा से 12867 हावड़ा-पुदुचेरी सुपर फास्ट, बेंगलुरु से 12246 बेंगलुरु-हावड़ा दुरंत एक्सप्रेस और हावड़ा से 12245 हावड़ा-बेंगलुरु दुरंत एक्सप्रेस 16 अक्टूबर 2022 को कटक रेलवे स्टेशन के बजाय कपिलास रोड-नारज माथार्पुर-भुवनेश्वर मार्ग से उत्पती स्टेशनों से चलेगी।

**14 से 17.10 तक निरगुंडी स्टेशन पर स्टॉपेज की अस्थायी वापसी :** 08411/08412 बालेश्वर-भुवनेश्वर-बालेश्वर पैसेंजर, 08453/08454 भद्रक-कटक-भद्रक पैसेंजर, 08413/08414 तालचेर-पुरी-तालचेर पैसेंजर और 18125/18126 राउरकेला-पुरी-राउरकेला एक्सप्रेस उक्त अवधि के दौरान अस्थायी रूप से निर्गुंडी स्टेशन पर नहीं रुकेगी।

# सुप्रीम कोर्ट जजों के लिए सीजेआइ के सुझाये नामों पर जतायी आपत्ति

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम के दो मेंबर्स ने सकुर्लेशन से जजों की चयन प्रक्रिया पर आपत्ति जतायी है। कॉलेजियम के सदस्यों का कहना है कि सकुर्लेशन मेथड से जजों की नियुक्ति ठीक नहीं है। इस कारण 30 सिंतबर को हुई बैठक को खारिज करने का फैसला लिया गया है। बता दें कि कॉलेजियम में 5 सदस्य होते हैं। सीजेआइ इसमें प्रमुख होते हैं। इसके अलावा 4 मोस्ट सीनियर जज होते हैं। इसके सदस्यों में सीजेआइ यूयू ललित, जस्टिस डीवाइ चंद्रचूड़, जस्टिस एसके कौल, जस्टिस एस अब्दुल नजीर और जस्टिस केएम जोसेफ शामिल हैं। कॉलेजियम ही सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट में जजों की नियुक्ति और उनके नाम की सिफारिश केंद्र से करता है।

बयान में कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट में 4 जजों के खाली पदों को भरने के लिए कुछ समय से चर्चा चल रही थी। 26 सितंबर, 2022 को पहली बार 11 जजों के नामों को लेकर बैठक हुई। इसमें बॉम्बे हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस जस्टिस दीपांकर दत्ता के नाम की सिफारिश की गयी थी और 10 अन्य जजों के नामों पर भी कॉलेजियम की ओर से विचार किया गया था, लेकिन कुछ सदस्यों ने उम्मीदवारों के ज्यादा फैसलों की मांग की। इसके लिए बैठक को 30 सितंबर के लिए टाल दिया गया।

### पीएम मोदी ने बिना नाम लिये नेहरू पर साधा निशाना

# 'एक व्यक्ति कश्मीर मुद्दे को हल नहीं कर सका'

आजाद सिपाही संवाददाता

**भरूच।** अपनी तीन दिवसीय गुजरात यात्रा पर चल रहे पीएम मोदी का सोमवार को दूसरा दिन है। पीएम मोदी भरूच जिले के आमोद में 8,000 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया। उन्होंने इसके तहत देश के पहले बल्क ड्रग पार्क की आधारशिला रखी। इसके बाद उन्होंने अपना संबोधन दिया। संबोधन में सबसे पहले पीएम मोदी ने दिवंगत नेता मुलायम सिंह यादव को याद किया। उन्होंने कहा कि मुलायम सिंह यादव का जाना देश के लिए एक बहुत बड़ी क्षति है। मुलायम जी के साथ मेरा नाता विशेष प्रकार का रहा है। इसके अलावा पीएम मोदी ने विपक्ष पर भी निशाना साधा। वहीं, भरूच के बाद पीएम मोदी आणंद जिले के वल्लभ विद्यानगर में एक जनसभा को भी संबोधित किया। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यहां कश्मीर समस्या को लेकर पंडित नेहरू पर परोक्ष रूप से प्रहार किया। पीएम मोदी ने कहा कि सरदार पटेल ने अन्य रियासतों के विलय के मुद्दों को सुलझाया, लेकिन एक व्यक्ति कश्मीर मुद्दे को हल नहीं कर सका। पीएम मोदी ने यहां यह भी कहा कि भाजपा सरकार लंबे समय से लंबित कश्मीर मुद्दे को सुलझाने में सक्षम रही, क्योंकि वह सरदार पटेल के नक्शेकदम पर चल रही हैं।



**गुजरात 'शहरी नक्सलियों' को राज्य के युवाओं का जीवन बर्बाद नहीं करने देगा :** पीएम मोदी ने कहा कि गुजरात शहरी नक्सलियों को राज्य के युवाओं का जीवन बर्बाद नहीं करने देगा। पीएम मोदी ने गुजरात में नक्सलियों को न घुसने देने के लिए आदिवासियों की भी तारीफ की। उन्होंने इस बात का भी जिक्र किया कि किस तरह कई राज्यों में नक्सलियों ने युवाओं को हथियार थमाकर उनका भविष्य बर्बाद किया। पीएम ने कहा कि अर्बन नक्सलियों के पीछे विदेशी ताकतें हैं। पीएम मोदी ने कहा कि मैंने जब 2014 में देश के प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार संभाला था, उस समय भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया में 10वें स्थान पर थी और अब यह पांचवें स्थान पर पहुंच गयी है। अब भरूच, बड़ौदा या सूरत के एयरपोर्ट पर निर्भर नहीं रह सकता, अब भरूच का अपना एयरपोर्ट होना चाहिए, इसलिए अंकलेश्वर में नया एयरपोर्ट बनाने का आज शिलान्यास हो रहा है। उन्होंने कहा कि देश-विदेश से इतना व्यापार-कारोबार होने के बाद अब जब एयरपोर्ट मिल रहा है, तो विकास को एक नयी गति और एक नयी उड़ान मिलने वाली है।

# जंग के 229वें दिन कीव पर सबसे बड़ा रूसी हमला, रात में 83 मिसाइलें दागीं

**कीव।** रूस और यूक्रेन की जंग बेहद खतरनाक मोड़ पर पहुंच गई। रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव समेत 9 शहरों पर सोमवार देर रात 83 मिसाइलें दागीं। 12 लोग मारे गए और 57 घायल हैं। कीव में रॉकेट के विस्फोट से हुए गड्ढे नजर आ रहे हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा- हमलों में कई लोग मारे गये हैं। राजधानी में आग और धुंआ दिख रहा है। हमले को लेकर यूक्रेन की डिफेंस मिनिस्ट्री ने ट्वीट किया। कहा- हम नहीं झुकेंगे, हम लड़ते रहेंगे। कुछ देर बाद राष्ट्रपति ने भी यही बात दोहराई।रूसी राष्ट्रपति पुतिन के मुताबिक- अगर यूक्रेन ने रूस के शहरों और एटमी ठिकानों को निशाना बनाया तो आगे अंजाम भयानक होगा। शनिवार को यूक्रेन ने रूस का कर्च ब्रिज उड़ा दिया था। 48 घंटे बाद रूस ने बदला लिया। सोमवार के हमले में यूक्रेन का पारकोवी ब्रिज भी तबाह हो गया। यह नाइपर नदी पर पैदल यात्रियों के लिए बनाया गया था।

**कीव से पहले जापोरिजिया में हुए हमले :** रूस ने यूक्रेन के जापोरिजिया में एक बार फिर मिसाइलें दागी हैं। सोमवार तड़के करीब 4:30 बजे जापोरिजिया में मिसाइल अटैक हुआ। जापोरिजिया के मिलिट्री चीफ ऑलेक्जेंडर ने कहा- यह 24 घंटे के भीतर दूसरा हमला है। 9 अक्टूबर को जापोरिजिया में मिसाइल अटैक हुआ था।

























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**